हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • रविवार • 06.04.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 252 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## रामनवमी के दौरान दहशतगर्दों पर कड़ी नजर रखें, बाइक रैली पर रोक लगाएं : मुख्यमंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि रामनवमी के दौरान सुनियोजित तरीके से अफवाह या अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरे राज्य में रामनवमी महोत्सव आपसी प्रेम-सौहार्द, भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। इस पर फोकस रखें। रामनवमी के दौरान मुख्यमंत्री ने दहशतगर्दों पर कड़ी नजर रखने और बाइक रैली की नयी परंपरा पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया। हेमंत सोरेन आज अपने आवास पर रामनवमी के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे।

### संवेदनशील चिन्हित जगहों पर विशेष चौकसी रखें

हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि रामनवमी महोत्सव पर शोभायात्राएं एवं अन्य धार्मिक आयोजन होते हैं। इसलिए यह समय काफी संवेदनशील हो जाता है। अतएव वैसे चिन्हित स्थान जहां इन आयोजनों के समय कोई छोटी-बड़ी घटनाएं होने की ज्यादा संभावनाएं रहती है, उन जगहों पर विशेष चौकसी रखी जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाइसेंसी एवं गैर लाइसेंसी अखाड़ा समितियों को डीजे बजाने से संबंधित उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रति उपलब्ध कराना हर हाल में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन नही करने वालों पर क्या कार्रवाई किए जाने का नियम है, यह जानकारी अखाड़ा समितियों को दें ताकि नियम का उल्लंघन नही हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि शोभायात्रा के दौरान सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन से नजर रखी जाए। शोभायात्रा का भौतिक सत्यापन अवश्य करें। शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय बनाकर रखें। पुलिस प्रशासन द्वारा यह अपील किया जाए की किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक गाना नही बजाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलूस अथवा शोभायात्रा देखने के उपरांत घर लौटने वाले लोगों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखें।

### शोभायात्रा के दौरान बाइक रैली की नई परंपरा पर रोक लगाएं

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले कुछ वर्षों से रामनवमी महोत्सव के दौरान आयोजित शोभा यात्राओं पर बाइक रैली निकालने की नई परंपरा की शुरूआत हो रही है। किसी भी हाल में बाइक रैली न निकले यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनमानस की सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बाइक रैली से आम जनमानस के साथ-साथ रैली आयोजकों पर असुरक्षा का खतरा बढ़ता है अतएव बाइक रैली पर मजबूती के साथ रोक लगाई जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शोभायात्रा या जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से सतर्क रहे। किसी भी जगह अथवा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बिगड़ती है या बिगड़ी हुई दिखती है तो उसकी सूचना पुलिस हैडक्वाटर तथा कंट्रोल रूम को शीघ्र दें। पुलिस प्रशासन छोटी-छोटी घटनाओं पर भी पैनी नजर रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत पड़ने पर बिगड़ती स्थिति को कंट्रोल करने के लिए कुछ देर तक म्यूजिक सिस्टम को बंद कराई जाए, ताकि हालात पर नियंत्रण किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से मुस्तैद रहे। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। कोई भी अप्रिय घटना न घटे, इस निमित्त पूरी तत्परता के साथ पुलिस प्रशासन अपना कार्य करे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों पर लम्बे समय तक शोभायात्रा या जुलूस निकाले जाते हैं उन क्षेत्रों का इनपुट विभिन्न माध्यमों से निरंतर लेते रहें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि रामनवमी महोत्सव की परंपराओं का विशेष ध्यान रखें, परंपराओं के अनुरूप हो रहे कार्यों पर किसी प्रकार का व्यवधान न हो यह सुनिश्चित कराएं। परंपराओं से हटकर अगर किसी प्रकार के नए तरीके के जुलूस अथवा शोभायात्रा निकलती है ,जो विधि-व्यवस्था के संधारण में चुनौती बनती है वैसे आयोजनों पर अविलंब रोक लगाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक दूसरे समुदायों के बीच किसी भी हाल में कोई झड़प या तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दहशतगर्तों पर सख्ती नजर रखी जाए।

### रामनवमी आज, पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रांची : राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में रामनवमी को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। रामनवमी को लेकर राजधानी रांची सहित राज्य के 24 जिलों में 12,767 से अधिक अतिरिक्त बल की तैनाती की गयी है। इनमें डीएसपी, इंस्पेक्टर, दारोगा, रैपिड एक्शन पुलिस, लाठी बल, सशस्त्र बल, सीएपीएफ, होमगार्ड, अश्रु गैस दस्ता, अग्निशमन दस्ता और बम निरोधक दस्ता को तैनात किया गया है। इसके अलावा जोनल आईजी और रेंज आईजी को भी अतिरिक्त फोर्स दिया गया है। पर्व के मद्देनजर हजारीबाग, गिरिडीह, लोहरदगा, बोकारो, जमशेदपुर सहित अन्य जिलों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।

## तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने किया सामूहिक आत्मसमर्पण

एजेंसी

**तेलंगाना :** गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे के बीच, तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने हथियार डाल दिए। छत्तीसगढ़ में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के कुल 86 सदस्य शनिवार को तेलंगाना के भद्रादी कोठागुडेम जिले में हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में 20 महिलाएं शामिल हैं। चार एरिया कमेटी सदस्यों (एसीएम) सहित 86 माओवादियों ने नक्सलवाद के हिंसक रास्ते को छोड़ने का फैसला किया है, क्योंकि वह अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहते हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, नक्सलियों ने मल्टी जोन-1 के पुलिस महानिरीक्षक एस चंद्रशेखर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण किया है। विज्ञप्ति के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वालों को तत्काल सहायता के रूप में 25 हजार रुपये दिए गए। भद्रादी कोठागुडेम जिले के एसपी बी रोहित राजू ने बताया कि चारों एरिया कमेटी सदस्यों पर चार-चार लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने 'ऑपरेशन चेयुथा' के तहत आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि सभी नक्सलियों ने आदिवासी समुदायों के लिए किए जा रहे विकास और कल्याणकारी पहलों के बारे में जानने के बाद आत्मसमर्पण करने का फैसला किया। पुलिस के अनुसार, इस वर्ष अब तक विभिन्न कैडर के 224 नक्सली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर चुके हैं।



### आप हमारे अपने, आपके मारे जाने से कोई खुश नहीं होता : गृहमंत्री

**दंतेवाड़ा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नक्सलियों से मुख्य धारा में जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि आप हमारे ह्यअपनेह्न हैं। कोई भी नक्सली मारा जाता है, तो किसी को आनंद नहीं होता है लेकिन इस क्षेत्र को विकास चाहिए। श्री शाह ने बस्तर पंडुम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पचास साल में विकास नहीं हुआ वह हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन पांच साल में इस बस्तर को सबकुछ देना चाहते हैं। पर यह तभी हो सकता है, जब बस्तर के अंदर शांति हो, बच्चे स्कूल जाएं, माताओं की स्वास्थ्य की चिंता हो, आदिवासी युवा कुपोषण से पीड़ित न हो, पढ़ाई-लिखाई से वंचित न हो, तहसील में अस्पताल हो, जिला केंद्र में हर रोग का इलाज हो और हर घर में सात किलो चावल मुफ्त में पहुंचे। श्री शाह ने कहा कि बस्तर में तभी शांति आ सकती है, जब बस्तर के लोग तय करें कि हर गांव को नक्सल मुक्त कराएं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घोषणा की है कि जो गांव हर नक्सली को सरेंडर कराएगा, उस गांव को नक्सल मुक्त घोषित कर एक करोड़ रुपए का राशि देंगे। गृह मंत्री ने कहा, हम चाहते हैं कि हमारे बस्तर का युवा सबसे आधुनिक शिक्षा प्राप्त करे। विश्व के युवाओं के साथ हर मंच पर दो-दो हाथ करे। दुनियाभर की समृद्धि प्राप्त करे, परंतु अपनी संस्कृति को कभी न भूले, अपनी भाषा को कभी न भूले, अपनी परंपराओं को कभी न भूले। यह बस्तर की संस्कृति, बस्तर की बोलियां, यहां के गान, यहां के वाद्य, पेय पदार्थ, भोजन- यह केवल छत्तीसगढ़ के लिए महत्वपूर्ण नहीं है।

### एक नजर

#### दिल्ली में लागू हुई आयुष्मान भारत योजना

**नयी दिल्ली :** राजधानी दिल्ली में शनिवार को आयुष्मान भारत योजना लागू कर दी गई। शनिवार को आकाशवाणी के रंगभवन में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को दिल्ली में लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और दिल्ली सरकार के बीचं समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस योजना के तहत निर्धारित इलाज के खर्च का 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत दिल्ली सरकार वहन करेगी।

## चाईबासा : नक्सलियों की साजिश नाकाम चार आईईडी बरामद, 16 बंकर ध्वस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिले में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के विरुद्ध चल रहे सर्च अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। शनिवार को नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने पांच-पांच किलो के चार आईईडी बरामद किया है। ये आईईडी जराईकेला थाना क्षेत्र के वनग्राम बाबूडेरा के आसपास जंगली और पहाड़ी इलाके से बरामद किया गया है। बरामद आईईडी को बम निरोधक दस्ता की मदद से जंगल में ही डिफ्यूज कर दिया गया।



वहीं, जंगल में बने 16 भूमिगत बंकरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन बंकरों में करीब 40 से 50 लोगों के ठहरने का इंतजाम था। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ते के साथ सारंडा व कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों के लिए भ्रमणशील हैं।

## भारत सच्चे पड़ोसी के रूप में हर परिस्थिति में श्रीलंका के साथ है : प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी

**कोलंबो :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत-श्रीलंका के सुरक्षा हित समान हैं, उनकी सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी है तथा भारत सच्चे पड़ोसी तथा मित्र के रूप में हर प्रतिकूल परिस्थिति में श्रीलंका के साथ खड़ा है।


श्रीलंका यात्रा पर आये श्री मोदी ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति अनुरा दिसानायका के संयुक्त प्रेस वक्तव्य के अवसर पर कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने आध्यात्मिक और आत्मीयता भरे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने सबका साथ सबका विकास के विजन को अपनाया है और हम अपने पार्टनर देशों की प्राथमिकताओं को भी महत्व देते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में दोनों देश अपनी भागीदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मछुआरों के मुद्दे पर भी चर्चा हुई और श्री मोदी ने मछुआरों को तुरंत रिहा किये जाने और उनकी नौकाओं को वापस भेजने पर जोर दिया है।

श्री मोदी ने कहा, मैं श्रीलंका के लोगों के धैर्य और साहस की सराहना करता हूं और आज श्रीलंका को वापिस प्रगति के पथ पर देख कर हर्ष महसूस कर रहा हूं। भारत के लिए यह गर्व का विषय है कि हमने एक सच्चे पड़ोसी मित्र के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया है। चाहे 2019 का आतंकवादी हमला हो, कोविड महामारी हो, या हाल में आया आर्थिक संकट, हर कठिन परिस्थिति में, हम श्रीलंका के लोगों के साथ खड़े रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी श्रीलंका के सर्वोच्च सम्मान 'मित्र विभूषण' से सम्मानित



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीलंका के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी को शनिवार को श्रीलंका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'मित्र विभूषण' प्रदान किया गया। यह नागरिक सम्मान उन्हें कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने दिया। इस पुरस्कार में दिया गया धर्म चक्र साझा बौद्ध विरासत को दशार्ता है जिसने दोनों देशों की सांस्कृतिक परंपराओं को आकार दिया है। चावल के ढेरों से सजा कलश समृद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह इस सम्मान को पाकर बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।



## एक नजर

### कांग्रेस कार्यालय में बाबू जगजीवन राम की 117वीं जयंती मनाई गयी

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 117 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने कहा कि बाबू जगजीवन राम देश के उन केन्द्रीय मंत्रियों मे प्रमुख थे जो सबसे लम्बी अवधि तक मंत्री बने रहे। बाबूजी ने अपने जीवनकाल में, अस्पृश्य माने जाने वाले वर्ग में जो कार्य किया वह उनकी लोकप्रियता और राजनीति में स्थिरता के लिए जाना जाता है। उन्होंने दलितों के लिए बहुत कार्य किया। अपने कार्य के प्रति अपार आस्था, लगन कायम रखी और इसी तरह वे दलित वर्ग के नेता के रूप में उभरते चले गए। उचित समय पर योग्य निर्णय लेना उनकी सूझबूझ उनके जीवन की विशेषता रही। कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, मिथिलेश दुबे उपाध्यक्ष कृष्णदेव प्रसाद सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कोमल कुमारी महासचिव दिलीप कुमार रवि, कौशल कुमार सिंह के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

### हजारीबाग में रामनवमी को लेकर के 6 से 8 तक भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित

**हजारीबाग :** रामनवमी जुलूस 2025 को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को लेकर के विशेष तैयारी की है। भीड़-भाड़ व शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 06 अप्रैल से 08 अप्रैल तक हजारीबाग शहरी क्षेत्र में भारी मालवाहक एवं व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः रोक लगा दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार निम्नलिखित स्थानों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा भारत माता चौक (बाईपास मोड़) के पास,रसुलीगंज चौक के पास (बडकागाँव की ओर),रेवले ओवर ब्रिज लेपो रोड के पास मोड़ पर, छडवा गदोखर मोड के पास,सिंघानी मोड़ के पास,चानो रोड़ ओवर ब्रिज के पास,नगवाँ टोल प्लाजा /बाईपास मोड़ के पास,कुद रेवाली (रेलवे पुल के पास) इन जगहों पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। प्रशासन ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे उक्त अवधि में निर्धारित मार्गों से बचें तथा प्रशासन का सहयोग करें,और नियम का उल्लंघन करने वाले वाहनों के मालिकों के विरुद्ध विधि कार्रवाई की जाएगी।

### मिजार्पुर में यज्ञ को लेकर भगवान का नगर भ्रमण कराया गया

**बड़कागांव :** मिजार्पुर में श्री श्री 1008 सर्व कल्याण रुद्र महायज्ञ शिव परिवार सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सात दिवसीय यज्ञ किया जा रहा है। जिसे लेकर शनिवार को भगवान का नगर भ्रमण कराया गया। तत्पश्चात रात्रि 8:00 बजे से जागरण का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने रात भर भक्ति गीतों से ढूंढते रहे। आज रविवार को नवनिर्मित शिव मंदिर में पूणार्हुति भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। तत्पश्चात भंडारा तथा रात्रि 9:00 बजे से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष देवनारायण महतो, सचिव शिव शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष नंदलाल महतो, उप कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार संरक्षक अरुण कुमार एवं शीतल महतो, प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष कुलेश्वर महतो, उप सचिव रामचरण महतो, देवेंद्र मेहता, मलकू कुमार, गूंजरी देवी, करमी देवी अन्य उपस्थित थे।

बड़ा अखाड़ा में दंगल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन आज होगा फाइनल

# संरक्षण समिति का यह प्रयास हजारीबाग में नया अध्याय जोड़ा : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के बड़ा अखाड़ा प्रांगण में रामनवमी संरक्षण समिति द्वारा दो दिवसीय कुश्ती (दंगल) का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन के शुभारंभ में हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और रामनवमी संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा उत्साह के साथ सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बताते चलें कि हजारीबाग विश्वविख्यात रामनवमी में रामनवमी संरक्षण समिति के द्वारा कई तरह के कार्यक्रम कराए जाते है इसी निमित 15 दिवसीय अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रशिक्षण का आयोजन



किया गया था । यह प्रशिक्षण हजारीबाग के कुशल प्रशिक्षक राजेश सिन्हा के द्वारा दिया जा रहा था । आज कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के पहले 5100 रुपए का प्रोत्साहन राशि संरक्षण समिति के द्वारा प्रशिक्षक राजेश सिन्हा और उनके टीम को दिया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कुश्ती कला के संरक्षण के साथ-साथ युवाओं में शारीरिक स्वास्थ्य और नैतिकता के संदेश को प्रसारित करना था। इस दंगल में नेपाल, राजस्थान, हजारीबाग, चतरा और अयोध्या से आए कुश्ती के दिग्गज पहलवान अपनी शारीरिक दक्षता, ताकत और सहनशक्ति का अद्भुत प्रदर्शन करते नजर आए। विभिन्न जगहों से आए पहलवानों ने न केवल अपने परंपरागत कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि दर्शकों को अपनी स्पर्धात्मकता और आत्मविश्वास से भी प्रभावित किया। वही लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों में एक अलग संदेश जाता है कि किसी भी बाधा को पार कर नई ऊर्जा और संकल्प के साथ आगे बढ़ा जाए। सभी पहलवानों और रामभक्तो को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना। इस कुश्ती दंगल में अयोध्या, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश नेपाल सहित अन्य राज्यों से आए पहलवानों ने अपनी बेजोड़ शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय पहलवानों ने भी अपनी कला कौशल के साथ कड़ी टक्कर दी। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह आयोजन स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। कुश्ती जैसी पारंपरिक खेलों का आयोजन करके स्थानीय समुदाय में शारीरिक सक्रियता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया है। वहीं राजस्थान और अयोध्या से आए पहलवानों ने भी अपने पारंपरिक गुरुकुलीन प्रशिक्षण की छाप छोड़ी। मैचों के दौरान जोरदार दांवपेंच, धीरज और आक्रामकता देखने को मिली। दर्शकों ने प्रत्येक मुकाबले पर जोरदार तालियों और जयकारियों से पहलवानों का उत्साह बढ़ाया।मुकाबलों के दौरान कुछ पहलवानों के बीच तकनीकी कुश्ती के अद्भुत नमूने प्रस्तुत हुए। उन्होंने पारंपरिक संघर्ष शैलियों का संयोजन कर न केवल अपने बल का प्रदर्शन किया, बल्कि अपनी रणनीतियों और चतुराई का भी परिचय दिया।

## मोठिया मजदूर संघ का दि आर्ट ऑफ लिविंग ने किया स्वागत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** नशामुक्त रामनवमी का संघ ने दिया समर्थन विगत दिनों सनराईज ग्रुप एवं विधायक द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा में दि आर्ट ऑफ लिविंग के कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दी। संस्था की ओर से तारकेश्वर सोनी एवं आंचल अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवरदास, विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा साक्षी राणा, स्वीटी देवी एवं मनमीत अकेला को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम को जारी रखते हुए आज पुनः स्थानीय बंगाली दुर्गा स्थान चौक पर मोठिया मजदूर संघ का स्वागत शर्बत, तरबूज और पानी से किया गया। मौके पर संस्था के सदस्य ओमप्रकाश गुप्ता ने मोठिया मजदूर संघ को तीस लाठियां भेंट की। विशेष बात यह रही कि श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में नशा न करने और ना ही करने देंगे का संकल्प दोहराया। दि आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक तारकेश्वर सोनी के नेतृत्व में संजीत अग्रवाल, रवि जायसवाल, दीपक सोनी, कुणाल सोनी, साहिल सोनी, पंकज दास, अमन, अनुकल्प, रणधीर चौधरी, शैलेश पाण्डेय,मुन्ना तिवारी, तन्मय सोनी, आंचल अग्रवाल, शांति अग्रवाल, जितेन्द्र गुप्ता, भोला गुप्ता, सृष्टि कसेरा आदि युवाओं की टीम काम कर रही है।

## जिला अध्यक्षों को जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दी गई जिम्मेदारी : अंबा प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय इंदिरा भवन, नई दिल्ली में छह राज्यों के जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। वक्त बैठक में झारखंड के भी सभी जिलों के जिला अध्यक्ष शामिल रहे। बैठक में बतौर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव सोशल अंबा प्रसाद ने भी शिरकत की। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता विपक्ष राहुल गांधी तथा वरिष्ठ नेताओं ने पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम, बिहार और उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्षों को संबोधित किया। बैठक में कांग्रेस संगठन को जिला स्तर पर और अधिक मजबूत करने, कार्यकताओं को सक्रिय करने एवं आगामी चुनावों




की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। अंबा प्रसाद ने बताया कि जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने हेतु सभी जिला अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गई एवं संगठन को पहले से और मजबूत करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से झारखंड के प्रभारी के. राजू, पश्चिम बंगाल के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद थे।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो किलो गांजा के साथ तस्कर का किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि 05 अप्रैल 2025 को करीब 1:45 बजे एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा लेकर रोला से चानो की ओर काले रंग की बिना नंबर प्लेट की स्कूटी से जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर हजारीबाग के नेतृत्व में एनएच-33 चानो ओवरब्रिज के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध स्कूटी सवार पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए स्कूटी सवार को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम रंजीत कुमार (उम्र 32 वर्ष), पिता महेन्द्र प्रसाद, निवासी रोला, थाना



मुफ्फसिल, जिला हजारीबाग बताया। पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ करने पर रंजीत कुमार ने स्वीकार किया कि स्कूटी की डिक्की में पीले रंग के प्लास्टिक में गांजा रखा है। स्कूटी की तलाशी लेने पर डिक्की से 2 किलो गांजा बरामद हुआ। साथ ही Virgo कम्पनी का इलेक्ट्रॉनिक कांपैक्ट स्केल, गटर रबर, प्लास्टिक का छोटा पैकेट, स्टेपलर, स्टेपलर पिन एवं एक Oppo कंपनी का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह उक्त गांजा को आस-पास के इलाके में अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से बेचने जा रहा था। इस संबंध में मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-55/25, दिनांक-05.04.2025, धारा 20 (बी)(2)(बी )/29 NDPS Act के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस छापामारी दल में शामिल अधिकारी अमित आनंद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर हजारीबाग, कुणाल किशोर थाना प्रभारी मुफ्फसिल थाना, मनोज कुमार सहायक अवर निरीक्षक एवं सशस्त्र बल एवं थाना रिजर्व गार्ड के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि कांड में संलिप्त अन्य लोगों की तलाश में लगातार छापामारी की जा रही है।

## रामनवमी पारंपरिक अस्त्र- शस्त्र इस त्यौहार की शोभा : सांसद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग का रामनवमी इस क्षेत्र के लोगों के लोकआस्था का प्रतीक स्वरूप महापर्व है और इस महावीरी पताखे के साथ पारंपरिक अस्त्र- शस्त्र इस त्यौहार की शोभा है। हजारीबाग का पुराना जिला संपूर्ण दुनिया में रामनवमी जुलूस का जनक रहा है और यहां के रामनवमी की ख्याति संपूर्ण देश- दुनिया में है। समय के साथ इसका बदलाव भी तेजी से हुआ और पहले जहां ढोल, ताशा बजाता था वहां अब डीजे ने ले लिया साथ ही लाइट, साउंड, विशाल झंडा साथ होता है। अस्त्र- शस्त्र कला कौशल प्रदर्शन की पुरानी परंपरा में तेजी से कमी आई इसके पीछे का कारण था कि महंगाई, अनुपलब्धता और पारंपरिक हथियार कला कौशल अभ्यास रहा। पुनः उस पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र कला कौशल प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए एक प्रयास किया और पूरे लोकसभा क्षेत्र में अस्त्र शस्त्र वितरण अभियान चलाया जा रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि नशामुक्त और सौहार्दपूर्ण त्यौहार मनाएं, रामनवमी की पुरानी परंपरा को जीवंत करें। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड अवस्थित अमृतनगर, सखिया और डेमोटांड़ में सांसद मनीष जायसवाल ने सांसद पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण अभियान- 2025 के तहत पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण शिविर लगाकर इस क्षेत्र के कल 66 अखाड़ा धारी को लाठी और तलवार भेंट किया और उनसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में सनातन परंपरा को जीवंत रखते हुए धूमधाम से रामनवमी बनाने का आग्रह किया। इस दौरान लोगों ने भी सांसद मनीष जायसवाल के पहल की स्वतंत्र कंठ से प्रशंसा की और उन्हें अपने बीच पाकर राम भक्त उत्साहित एवं प्रफुल्लित हुए।

# पत्रकार समुदाय सांप्रदायिक व अफवाह फैलाने वाले खबरों से बचें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हमारे समाज में सोशल मीडिया, वेब पोर्टल, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से फैलने वाली अफवाहों और सांप्रदायिक समाचारों की समस्या एक गंभीर चुनौती बन गई है। यह न केवल हमारे समाज की एकता और सामाजिक सौहार्द को कमजोर करता है, बल्कि इससे पैनिक की स्थिति भी उत्पन्न होते रहती है। इन समस्याओं से हमें जूझना न पड़े इसलिए नैंसी सहाय ने सभी अधिकृत व अनाधिकृत पत्रकार और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से अपील की है कि वे प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया और वेब पोर्टल पर सांप्रदायिक समाचार न डालें और न ही अफवाहों को फैलाने में अपना योगदान दें। हम उम्मीद करते हैं कि इस तरह हम एक स्वस्थ और जिम्मेदार मीडिया को बढ़ावा दे सकते हैं जो समाज के लिए फायदेमंद हो। उन्होंने कहा कि हम यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि यदि कोई अधिकृत व अनाधिकृत पत्रकार, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सांप्रदायिक समाचार या अफवाहें फैलाता है, तो हमें मजबूरन कानूनी कार्रवाई करनी पड़ सकती है। हमें विश्वास है कि पत्रकार समुदाय हमारे इस अनुरोध का पालन करेगा और समाज में शांति और सौहार्द को बनाए रखने में मदद करेगा। इन धाराओं के तहत की जाएगी कार्रवाई वॉट्सअप, फेसबुक व सोशल मीडिया के अन्य साधनों से आपत्तिजनक पोस्ट करने एवं धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिये है। जारी आदेश के अनुसार आपत्तिजनक संदेश, फोटो या वीडियों को फारवर्ड करने अथवा पोस्ट करने पर ग्रुप एडमिन तथा संदेश प्रसारित करने वाले के विरूद्ध यह दण्डात्मक कार्यवाही होगी। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जायेगी। फेसबुक संचालन करने वाले नागरिक तथा वॉट्सअप ग्रुप एडमिन अपने ग्रुप में धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले संदेश के लिए जिम्मेदार होंगे। अतः वे स्वयं ऐसा कोई विवादास्पद संदेश न तो खुद प्रसारित करे और ना ही अपने ग्रुप के सदस्यों को ऐसा करने दें। यदि वॉट्सअप ग्रुप में कोई आपत्तिजनक संदेश ग्रुप के किसी भी सदस्य द्वारा प्रसारित किया जाता है तो एडमिन की जिम्मेदारी होगी कि वह इसके संबंध में निकटतम पुलिस थाने को सूचित करे। ऐसा न करने पर ग्रुप एडमिन घटना के लिए जिम्मेदार माना जायेगा। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे वॉट्सअप अथवा फेसबुक पर किसी धर्म सम्प्रदाय के संबंध में आपत्तिजनक संदेश या चित्र फारवर्ड न करे।

## संक्षिप्त खबरें

### ठाकुर मोहल्लाह में हुई बैठक रामनवमी में मुस्लिम समुदाय करेंगे सहयोग



**बड़कागांव :** रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बड़कागांव मध्य पंचायत अंतर्गत ठाकुर मोहल्ला में हिंदू- मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने बैठक की। बैठक में मुखिया मो. तकरीमुल्लाह खान एवं पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर शामिल हुए। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रामनवमी पूजा रामनवमी शांतिपूर्वक सफल बनाने के लिए अपना सहयोग देने एवं किसी भी प्रकार के मामला उत्पन्न न होने देने का आश्वासन दिया। और किसी भी प्रकार के छोटी मोटी उत्पन्न मुद्दे को आपस में बैठकर दोनों पक्षों ने सुलझाने की बात कही। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को पूजा शुरू होने से लेकर अंत तक शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया। बैठक के अंत में महावीर पूजा समिति ठाकुर मोहल्ला के चयनित पदाधिकारी के द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों को शांति का प्रतीक सफेद अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही, सभी ने एक दूसरे को गले लगाया एवं त्यौहार की शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया मो. तकरीमुल्लाह, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, ग्राम अध्यक्ष सुभाष ठाकुर, सरोज सोनी, पप्पू खान, सदर खुर्शीद आलम, मो रोहित, मजहर मलिक, गुड्डू मलिक, मेवालाल ठाकुर, रामचरित्र ठाकुर, अंगेश राणा, नंदकिशोर राणा, पवन ठाकुर, अविनाश राणा, गौतम ठाकुर, फिरोज आलम, नवीन ठाकुर, मुस्लिम खान,इम्तियाज खान, हकीम परवेज के अलावा दर्जनों लागू उपस्थित थे।

### रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी ने एनटीपीसी के जीएम से की मुलाकात



**बड़कागांव :** रामनवमी बड़कागांव के अध्यक्ष विवेक सोनी ने एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कॉल खनन परियोजना के जीएम फैज तैयब से मुलाकात कर बड़कागांव में रामनवमी और विजयदशमी के जुलूस और झांकी में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। इसके अलावा बड़कागांव रामनवमी को लेकर चर्चा किया गया। इस संबंध में एनटीपीसी के गम फैज तैयब ने महासमिति को हर संभव मदद करने का बात कहा साथ ही विजयदशमी के जुलूस में उपस्थित होने की भी बात कही। मौके प्रमुख रूप से रामनवमी पूजा महासमिति के सचिव बैजनाथ महतो, उपाध्यक्ष शिवशंक उर्फ शिबू मेहता, संगठन सचिव सतेंद्र गुप्ता, मीडिया प्रभारी पिंटू कुशवाहा, उप सचिव अभिषेक तिवारी, उदय मेहता, उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़ में महाष्टमी पूजा सह शस्त्र पुजन हुआ संपन्न



**बिष्णुगढ़ :** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ विख्यात बसंती चैती दुर्गा मंदिर में चैत्र रामनवमी की महा अष्टमी पूजन दिन शनिवार की सुबह से प्रारंभ हुई, जिसकी संधि बलि शनिवार की रात्रि 12:05 मिनट में की जाएगी। तदोपरांत महानवमी की पूजा दिन रविवार को प्रारंभ होगी। महा अष्टमी पूजन में भक्तों के द्वारा शस्त्रों की पूजा की गई, जिसकी यात्रा रमुआ अवस्थित दुर्गा मंदिर से प्रारंभ की गई जो लगभग सात किलोमीटर की दूरी तय करने के पश्चात बनासो पंचायत के बागेश्वरी मंदिर तक पहुंची और वहां हजारों भक्तों की भीड़ में शस्त्रों की पूजा की गई। विख्यात बागेश्वरी मंदिर में शस्त्र पूजन के पश्चात यात्रा चैती दुर्गा मंदिर बिष्णुगढ़ में ठहरी। भक्तों के उत्साह से पूरा प्रखंड राम मय हो गया। शस्त्र पूजन हेतु शांति व्यवस्था बनाए रखने में विष्णुगढ़ प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### सैकड़ों श्रद्धालु जुलूस लेकर पहुंचे सोनपुरा बेहतर प्रदर्शनकारियों को किया गया पुरस्कृत



**बड़कागांव :** प्रखंड के सोनपुरा गाँव में सैकड़ों राम भक्त महावीरी झंडे व जुलूस लेकर पहुंचे और अपने अपने कलाकृतियों के माध्यम से मेले का शोभा बढ़ाया। वहीं महूदी गांव से जुलूस व झंडा लेकर लोग नहीं पहुंच पाए। जिसको लेकर पूरे क्षेत्र के लोगों को पुनः आघात पहुंचा। जबकि सैकड़ों गणमान्य लोग मेला में शिरकत किए, पूजा समिति व पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद, पंसस रंजीत चौबे व कार्यकारिणी समिति सदस्य समेत दर्जनों लोगों ने माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं मंच का उद्घाटन फिता काटकर पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद ने किया। सांढ़,शिवाडीह, पिपराडीह, मिजार्पुर, के कई कलाकार पारंपरिक हथियारों व लाठियों से करतब दिखाया जिन्हें समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। मेले में मुख्य रूप से जीप सदस्य सुनीता देवी, उपप्रमुख बचनदेव कुमार,पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद, भवानी प्रसाद,ग्राम अध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार, सचिव विनोद प्रसाद दांगी, भोला प्रसाद , उपाध्यक्ष सुधीर कुमार चौबे, मुकेश ठाकुर संरक्षक कैलाश नारायण चौबे, प्रो. लाल देव महतो, विशेश्वर नाथ चौबे, पूजा अध्यक्ष प्रकाश कुमार, सचिव कृष्ण कुमार, अजीत प्रसाद, उपाध्यक्ष राजूराम, उमेश ठाकुर, तपेश्वर कुमार, मोहित कुमार, पवन चौबे, गुलेश्वर कुमार, संजय राणा, अजय महतो, लाल महतो, गुड्डू राज, चंद्रिका कुमार, सूरज चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### रामनवमी को लेकर रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, ड्रोन से होगी निगरानी

रांची : रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए राजधानी रांची में सुरक्षा के व्यापक और कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 12 डीएसपी, 40 इंस्पेक्टर, 300 दारोगा और 3500 जवानों की तैनाती की गई है। संवेदनशील जगहों को चिह्नित कर विशेष निगरानी रखी जा रही है। शहर के 20 थाना क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की गई है। संबंधित थाना के प्रभारी को ड्रोन से मॉनिटरिंग करने की जिम्मेवारी दी गई है। डोरंडा, मेन रोड, कांके, नगड़ी, रातू, पिठौरिया, बुढ़मू, मांडर और बरियातू सहित अन्य इलाकों में पुलिस ने 25 से ज्यादा प्वाइंट चिह्नित किए हैं, जहां तैनात जवानों को 24 घंटे चौकन्ना रहने का निर्देश दिया गया है। भड़काऊ गाना बजाने पर सख्त पाबंदी लगाई गई है। धार्मिक जुलूस के दौरान शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का निर्देश दिया गया है। पुलिस की एक टीम सोशल मीडिया पर भी लगातार नजर रख रही है। आपत्तिजनक पोस्ट करने पर दोषी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### 260 आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला स्मार्टफोन

रांची : झारखंड सरकार द्वारा राज्य भर की आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन दिए जा रहे हैं ताकि उनकी कार्यप्रणाली को और अधिक तकनीकी और प्रभावी बनाया जा सके। इसी क्रम में शनिवार को बेड़ो प्रखंड कार्यालय परिसर में बेड़ो और इटकी प्रखंड की 260 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन का वितरण कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस मौके पर सेविकाओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। मंत्री ने कहा कि स्मार्टफोन की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार आंगनबाड़ी सेविकाओं के संघर्ष और मेहनत को समझती है। लेकिन केंद्र सरकार की तरफ से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के कारण कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शिल्पी नेहा तिर्की ने यह भी कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से आंगनबाड़ी से जुड़े कामकाज अब पहले से ज्यादा आसान और तेजी से पूरे हो सकेंगे। सेविकाओं को अब विभिन्न सरकारी प्रक्रियाओं के लिए पहले जैसी परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी, सीडीपीओ, जिला परिषद सदस्य बेरोनिका उरांव, उप प्रमुख मुद्दसिर हक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### स्थानीय लोगों पर कार्रवाई निंदनीय : कमलेश

रांची : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बोकारो में हुई घटना की निंदा करते हुए अपने हक और अधिकार की मांग कर रहे स्थानीय निवासियों पर की गई कार्रवाई निंदनीय और अमानवीय है। उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील प्रबंधन के समक्ष विस्थापित निवासी अपनी मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत हैं, लेकिन केंद्र सरकार के मंत्री उनकी मांगों को नजरअंदाज कर आंदोलन को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य के लोग संघर्ष करके परिणाम को अपने पक्ष में करते हैं। इसलिए केंद्र किसी मुगालते में ना रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विस्थापित आंदोलनकारियों के साथ है। उनकी तमाम जायज मांगों को केंद्र सरकार को मानना होगा, मांगों की पूर्ति और आंदोलनकारियों की संतुष्टि तक संघर्ष में कांग्रेस साथ निभाएगी। कमलेश ने कहा कि भाजपा की गिद्धदृष्टि झारखंड के सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) पर है।

# रामनवमी आज, रामभक्तों के पराक्रम से अचंभित होगी रांची

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** उत्साह और शौर्य का पर्व रामनवमी छह अप्रैल को राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में हर्षोल्लारस के साथ मनाई जाएगी। रामनवमी पर पूरी रांची भगवामय हो गई है। रामनवमी पर रविवार को राजधानी रांची रामभक्तों का पराक्रम देखकर अचंभित होगी। वहीं रामनवमी को लेकर रांची के हर गली-मुहल्लों में भगवान राम और वीर हनुमान की पूजा-अर्चना की जा रही है। मुहल्लों में देर रात तक रामनवमी पर निकलनेवाली शोभायात्रा और जुलूस में अपना शौर्य का प्रदर्शन करने के लिए उत्सोही युवा परंपरागत हथियारों से अभ्यास कर रहे हैं। वहीं महावीर मंडल केंद्रीय समिति के मार्गदर्शन में रांची के कई महावीर मंडल भी अपनी-अपनी टोलियों को संगठित कर जोर-शोर से तैयारी में जुटे हैं। साथ ही झांकियों की तैयारी हो रही है। झांकियों में भगवान राम, माता जानकी, लक्ष्माण और वीर हनुमान का वेश धारण करनेवाले कलाकारों की भी पूछ बढ़ गई है। रांची की कई सड़कें महावीरी झंडा और पताकों से पटी हुई हैं। अल्बर्ट एक्का चौक, कोकर बाजार, हिनू चौक, रातू रोड, हरमू, अरगोड़ा सहित कई इलाकों की सड़कों पर झंडा, पताके और रामभक्तों के बैनर और होर्डिंग लगाए गए हैं। वहीं इन इलाकों में महावीरी झंडा के लिए पताका और बांस की बिक्री भी खूब हो रही है। साथ ही तलवार और फरसा, भाला, गदा की भी खूब मांग है। उल्लेखनीय है कि रविवार को रामनवमी पर रांची के विभिन्न क्षेत्रों का अखाड़ा की शोभायात्रा अपर बाजार के महावीर चौक से अल्बकर्ट एक्का चौक होते हुए प्राचीन निवारणपुर मंदिर पहुंचेगी और यहां महावीरी झंडे की पूजा अर्चना कर सभी अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। रांची में निकलनेवाली रामनवमी शोभायात्रा में विभिन्न जगहों पर लगभग दो हजार से ज्यादा सेवा और स्वागत शिविर लगाकर शोभायात्रा में शामिल राम के भक्तों का स्वागत धार्मिक, सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं के लोग करेंगे। इसके अलावा स्वागत शिविर में अंग वस्त्र, माला, पुष्प वर्षा, मोमेंटो देकर परंपरागत तरीके से शोभा यात्रा में शामिल राम भक्तों का स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्वागत शिविरों के जरिए रामभक्तों में चना, ठंडा पेय, पेयजल, फल, बुंदिया, आलू चॉप, जूस,टॉफी, खीर, सिंघाड़ा सहित अन्य खाद्य सामग्री बांटी जाएगी।

## रांची पुलिस की अपील : शांति, सौहार्द बनाए रखें, भ्रामक पोस्ट से बचें



**रांची :** रांची पुलिस ने आम लोगों से शांति और आपसी भाईचारे के साथ रामनवमी मनाने की अपील की है। साथ ही सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने को कहा है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने लोगों से अपील की है कि वह किसी के बहकावे में ना आए। अगर कोई भी विवादित मैसेज या वीडियो उनके पास आता है तो वह उसे फॉरवर्ड ना करें, बल्कि पुलिस की ओर से जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर या फिर अपने नजदीकी थाना में उसके संबंध में जानकारी दें। साथ ही पर्व पर किसी भी प्रकार के उत्तेजक, आपत्तिजनक और भड़काऊ गाने ना बजायें। साथ ही जुलूस का संचालन निर्धारित मार्ग से करें। किसी भी परिस्थिति में जुलूस के रूट में परिवर्तन न करें। पुलिस ने चेतावनी भी दी है कि अगर सोशल मीडिया पर तथ्यहीन, भ्रामक जानकारी, फोटो, वीडियो और आपत्तिजनक टिप्पणियां साझा करने वालों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी। पुलिस ने सभी से अपील की है कि वे किसी भी समुदाय, व्यक्ति या धर्म विशेष को ठेस पहुंचाने वाली जानकारी, फोटो, वीडियो या आपत्तिजनक टिप्पणी साझा न करें। साथ ही, तथ्यहीन अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी अप्रिय घटना या असामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना अपने नजदीकी थाना और कंट्रोल रूम के नंबर 8987790664 और 9798300836 पर दें। या फिर 112 पर कॉल करके दें। वहीं दूसरी तरफ झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से रामनवमी के दौरान सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जो मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है, वह बेहद हाईटेक है। उदाहरण के लिए अगर कोई व्यक्ति किसी अज्ञात सर्वर से कोई मैसेज वायरल करता है तो तुरंत मॉनिटरिंग सेल के द्वारा साइबर टीम को यह सूचना दी जाएगी। सोशल मीडिया के अलग-अलग विंग के लिए अलग-अलग टीम में बनाई गई हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रखी जा रही है।

## झारखंड में सात से फिर बदलेगा मौसम, तापमान में उतार-चढ़ाव जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में शनिवार से मौसम साफ हो गया। लेकिन सात अप्रैल से फिर से राज्य के उत्तर-पूर्वी जिलों में मौसम में बदलाव होने की सम्भावना है। इससे आनेवाले दिनों में तापमान में उतार- चढ़ाव होगा। वहीं जिन जिलों में मौसम में बदलाव होगा उनमें देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ तथा साहेबगंज शामिल है। इन जिलों के कुछ इलाकों में गर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किमी की गति से हवा चलने की आशंका है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही विभाग ने राज्य के अन्य कई इलाकों के लिए भी वज्रपात, गर्जन और 40-50 किमी की गति से तेज हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी की है। वहीं शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा, सुबह में हल्की ठंढ महसूस हुई, लेकिन दिन चढ़ते ही गर्मी का एहसास हुआ।

## शव लेने के लिए एक मां का जमीन बेचना सरकार के लिए शर्मनाक : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। कहा कि एक असहाय मां को अपने बेटे का शव अस्पताल से लेने के लिए अपनी जमीन बेचनी पड़ी, यह घटना राज्य सरकार के मुंह पर तमाचा है। कहा कि सड़क हादसे में घायल बेटे का इलाज कराने के लिए मां ने हर संभव कोशिश की। अस्पताल ने 40 हजार रुपये का बिल थमा दिया, और जब पैसे नहीं दिए गए, तो शव सौंपने से इनकार कर दिया। कहा कि मजबूरी में उस मां ने अपनी वो जमीन बेच दी, जो शायद उसकी ज़िंदगी की आखिरी पूंजी थी। कहा कि काले धन के लालच ने राज्य सरकार को संवेदनहीन बना दिया है। कहा सरकार अस्पताल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई करे।

## रामनवमी और भाजपा स्थापना दिवस एक साथ मनाएंगे कार्यकर्ता : डॉ रविंद्र कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** यह सुखद संयोग है कि इस वर्ष भाजपा का 46वां स्थापना दिवस और रामनवमी 6 अप्रैल को एक साथ है। भाजपा कार्यकर्ता दोनों उत्सव को धूमधाम से मनाएंगे। यह बात भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने आज सरिया, गिरिडीह में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। डॉ राय ने कहा कि राम भारत की आत्मा हैं और भाजपा उस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की विचारधारा को मजबूत कर रही है। अंत्योदय का विचार राम के आदर्शों और रामकाज को आगे बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश को नई दिशा दी है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐसे कार्य और लोककल्याणकारी निर्णय हुए, जो आजाद भारत में पहले नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम जन्मभूमि की मुक्ति और राम लला के भव्य मंदिर का निर्माण, तीन तलाक से मुस्लिम महिलाओं की मुक्ति, धारा 370 की समाप्ति से राष्ट्र की एकात्मता की मजबूती, वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक से गरीब मुस्लिमों के लिए मार्ग प्रशस्त करना, 33% महिला आरक्षण कानून, गांव, गरीब और किसानों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना जैसे निर्णयों के साथ भारत की यात्रा चांद तक सफल हुई है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर अपनी पंच निष्ठा और अंत्योदय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं और जो अभी तक भाजपा से नहीं जुड़े हैं, उन्हें भी जोड़ें। डॉ राय ने 6 से 13 अप्रैल तक पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी कार्यालय और घरों पर कार्यकर्ता पार्टी का ध्वज लगाएंगे। उन्होंने बताया कि 7 से 12 अप्रैल तक मंडल, वार्ड, पंचायत, जिला और प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा गांव/बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा।

## छोटानागपुर में विद्रोह का पहला बिगुल रघुनाथ महतो ने फूंका था : सुदेश महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि चुआड़ विद्रोह छोटानागपुर क्षेत्र का पहला जनविद्रोह था, जिसकी अगुवाई शहीद रघुनाथ महतो ने की थी। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका और उनके शासन को खुली चुनौती दी। इस विद्रोह में कुड़मी समुदाय के साथ-साथ संथाल, भूमिज, बाउरी और अन्य जातियों को भी रघुनाथ महतो ने एकजुट किया था। उन्होंने कहा कि रघुनाथ महतो का बलिदान आजादी की लड़ाई का एक अहम अध्याय है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। वीर शहीद की शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाना और उनके योगदान को व्यापक पहचान दिलाना हमारी प्राथमिकता है। सुदेश महतो सिल्ली क्षेत्र के बुढ़ाम में रघुनाथ महतो के बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ शहीद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1769 में शुरू हुआ चुआड़ विद्रोह मानभूम, धालभूम, नीमडीह, सिल्ली और जंगलमहल के इलाकों में फैल गया था। इस आंदोलन का नेतृत्व करते हुए रघुनाथ महतो आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं। महतो ने कहा, रघुनाथ महतो के संघर्षों से हमें अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती है।

## बंद करें मौत पर सौदा, वरना लगेंगे ताले : इरफान अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने आज देवघर जिले के कुंडा स्थित मेधा सेवा सदन अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में घायल कन्हैया नामक युवक की मृत्यु के पश्चात अस्पताल द्वारा शव के बदले परिजनों से 40,000 की मांग किए जाने की खबर पर उन्होंने गंभीर संज्ञान लिया। मंत्री ने मौके पर पहुंचकर इलाजरत मरीजों से बातचीत की और घटना की सच्चाई जानने का प्रयास किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी अस्पताल को शव के बदले पैसे लेने का अधिकार नहीं है और इस प्रकार की अमानवीय हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है, जो दो दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। डॉ. अंसारी ने चेतावनी देते हुए कहा, सभी अस्पताल, विशेषकर निजी संस्थान, यह गांठ बांध लें कि शव का सौदा करने की अनुमति इस सरकार में नहीं दी जाएगी। यदि कहीं भी इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं, तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मीडिया से भी अपील की कि स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी खबर के प्रकाशन से पूर्व उन्हें सूचित किया जाए, ताकि समय रहते पीड़ितों को न्याय दिलाया जा सके। मंत्री ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मीडिया की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। इसके बाद मंत्री देवघर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां वे व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने बताया कि अस्पताल में आवश्यक सभी दवाइयां उपलब्ध हैं, मरीजों का समुचित उपचार हो रहा है और सभी कर्मी सक्रियता से कार्यरत हैं। एम्स देवघर को लेकर भी मंत्री ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, सिर्फ ओपीडी चलाने से काम नहीं चलेगा। एम्स जैसी संस्था से मरीजों को समग्र लाभ मिलना चाहिए। सदर अस्पताल पर पूरा भार आ रहा है, जबकि एम्स की स्थापना जनता के व्यापक हित में की गई है। मैं स्वयं शीघ्र ही एम्स का निरीक्षण करूंगा। इसके साथ ही उन्होंने बाबा नगरी देवघर को एक बड़ी सौगात देते हुए 500 बेड के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और एक नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि देशभर से आने वाले भक्तों को किसी भी प्रकार की चिकित्सा असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि वे देवघर को हेल्थ सेक्टर का हब बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। डॉ. अंसारी ने कहा, मैं राज्य के किसी भी अस्पताल में कभी भी निरीक्षण के लिए पहुंच सकता हूं। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। अंत में उन्होंने जोर देते हुए कहा, स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है और मैं इसे पूरी ईमानदारी और दृढ़ता के साथ निभा रहा हूं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो बेहतर काम करेंगे, उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने स्वतंत्रता सेनानी अमर बलिदानी रघुनाथ महतो को दी श्रद्धांजलि



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के लोवाडीह स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी अमर बलिदानी रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए दिया गया उनका बलिदान युगों-युगों तक सभी को देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। वहीं, दूसरी और केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज भवन में राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की।

### नटराज योग संस्थान के योगासन शिविर का हुआ समापन



**रांची :** राज्य में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नटराज योग संस्थान और रांची जिला योगासन खेल संघ के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय अवासीय योगासन शिविर का समापन शनिवार को हुआ। योगासन शिविर 20 मार्च को शुरू हुआ था। इसमें राज्य के विभिन्न जिला और क्षेत्र के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। साथ ही कचहरी चौक में नटराज योग संस्थान का शुभारंभ भी किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के तौर पर रामानंद सागर की ओर से निर्मित रामायण सिरियरल में अंकपन की भूमिका निभाने वाले मुरारीलाल गुप्ता, डॉ ऋतुराज कुमार परियोजना अधिकारी, रिलेशन के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, रांची जिला खेल संघ के सचिव डॉ एसके घोषाल, लातेहार जिला योगासन संघ के सचिव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 150वें श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 150 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा उपमंत्री अनिल नारनौली सुनिता देवी अडुकिया ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। आडुकिया परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में वेजिटेबल पुलाव मिक्स सब्जी पकौड़ी केसरिया जलेबी एवं टॉफी के प्रसाद वितरण किया गया। लगभग 2600 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा रतन शर्मा अनुज मोदी आशीष डालमिया कमलेश सावा राहुल मारू वेद भूषण जैन पप्पू राहुल अग्रवाल सहित 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने सहयोग किया। रामनवमी के शुभ अवसर पर खाटूनरेश का महास्नान किया जाएगा। इस अवसर पर श्रृंगार आरती के बाद मंदिर के पट 9:00 बजे लग जाएंगे। विशेष अनुष्ठान पूजन होने के कारण मंदिर के पट 9:00 बजे से 12:00 तक बंद रहेंगे। इसके बाद 12:00 बजे से बाबा श्याम भक्तों को अपने श्यामल रूप में दर्शन देंगे। नवीन पोशाक फल प्रसाद एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। नवमी के अवसर पर मंदिर में ही कन्या पूजन एवं हवन का भी आयोजन कल किया जाएगा। मंगलवार को 149 वा सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन होगा।

### महावीर मंडल के नेतृत्व में रामनवमी पर निकालेगी मुख्य शोभायात्रा

रांची : महावीर चौक स्थित श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट कार्यालय में केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल, रांची ने शनिवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया गया कि केंद्रीय समिति के नेतृत्व में राजधानी रांची में रामनवमी पर मुख्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने बताया कि मुख्य शोभायात्रा दोपहर दो बजे बजरा से निकलकर पिस्का मोड़ होते हुए महावीर चौक पहुंचेगी। शोभायात्रा के संचालन के लिए रांची में 20 टोलियों का क्षेत्र अनुसार गठन किया गया है। इसमें लगभग 1500 राम भक्तों को जोड़ा गया है। शोभायात्रा में 20 लाख से भी अधिक राम भक्त बजरंगबली के झंडे के संग, गाजे-बाजे और पारंपरिक हथियारों के साथ शामिल होंगे। शोभायात्रा बड़गाई, मेडिकल चौक, एदलहातु, करमटोली, जेल चौक, कचहरी चौक होते हुए शहीद चौक पहुंचेगी। वहीं गाड़ीहोटवार, कोकर, लालपुर, थड़पकना की ओर से आने वाली शोभायात्रा अल्बर्ट एक्का चौक में मिलेगी। लोवाड़ीह, कांटाटोली, पत्थलकुदवा, पुरुलिया रोड से सर्जना चौक पर शोभायात्रा का मिलान होगा। इसके अलावा पुंदाग, अरगोड़ा, गाड़ीखाना, पुरानी रांची, अपर बाजार होकर शहीद चौक शोभायात्रा पहुंचेगी। धावनगर, कांके रोड, गांधीनगर, हातमा से शोभायात्रा चलकर महावीर चौक पहुंचेगी। शहरी क्षेत्र में नामकुम, चुटिया, गुदड़ी, कर्बला चौक, चर्च रोड की ओर से आने वाली शोभायात्रा काली मंदिर चौक पहुंचेगी। वहीं हिंदपीढ़ी, लेक रोड, मल्लाह टोली की ओर से आने वाली शोभायात्रा उर्दू लाइब्रेरी चौक पर पहुंचेगी। वहीं भूतहा तालाब, व्यायामशाला, नवा टोली, जालान रोड की ओर से आने वाली शोभायात्रा शहीद चौक पर मिलेगी। समलोंग, चुटिया, बहू बाजार, चर्च रोड की ओर से आने वाली शोभायात्रा संकट मोचन मंदिर मेन रोड पहुंचकर सभी शोभायात्रा मेन रोड से सुजाता चौक होते हुए अति प्राचीन तपोवन मंदिर की ओर प्रस्थान करेगी।

## एक नजर

### 36 घंटे बाद खुला बीएसएल का गेट, कर्मचारियों का आवागमन शुरू

**बोकारो** : बोकारो स्टील प्लांट (बीएसल) के समक्ष प्रदर्शन के दौरान सीआईएसएफ के लाठीचार्ज में विस्थापित युवक की मौत के बाद करीब दो दिनों तक बोकारो आंदोलित रहा। विस्थापितों व विभिन्न संगठनों ने प्लांट के गेट जामकर अवागमन ठप कर दिया था। लेकिन धीरे-धीरे स्थिति अब सामान्य होने लगी है। करीब 36 घंटे बाद शनिवार को स्टील प्लांट का गेट खोला गया। बोकारो डीसी विजया जाधव ने अपनी उपस्थिति में प्लांट का गेट खुलवाया। इसके बाद कर्मचारियों का आना-जाना शुरू हो गया। करीब दो दिनों से अंदर फंसे कर्मचारी बाहर निकले। इससे प्रबंधन ने भी राहत की सांस ली है। इधर, हिरासत में लेकर सर्किट हाउस में रखी गईं विधायक श्वेता सिंह को शनिवार की दोपहर रिहा कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि घटना के विरोध में बीएसएल के मुख्य प्रशासनिक भवन के समक्ष धरना पर बैठीं विधायक श्वेता सिंह को शुक्रवार देर रात डीसी विजया जाधव के नेतृत्व में प्रशासनिक व पुलिस की टीम ने हिरासत में ले लिया था।

### रामनवमी को लेकर पुलिस हाई अलर्ट पर फ्लैग मार्च निकाला

**धनबाद** : रामनवमी को लेकर धनबाद जिला पुलिस हाई अलर्ट पर है। पुलिस ने शनिवार को शहर में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम के नेतृत्व में सरायढेला थाना से शुरू हुआ और बैंक मोड, भूली व धनसार थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया। डीएसपी ने बताया कि पुलिस सभी संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार फ्लैग मार्च कर रही है। इन क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अखाड़ा समितियों से भी पुलिस बातचीत कर रही है और सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करा रही है। आसामाजिक तत्वों से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। रामनवमी पर निकलने वाले जुलूसों की व्यवस्था को देखते हुए जिला प्रशासन ने शहर में यात्री बसों के परिचालन रूट में बदलाव किया है। शहरी क्षेत्र में रामनवमी के दिन दोपहर एक बजे से जुलूस की समाप्ति तक यात्री बसों के प्रवेश पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। ऑटो व टोटो के परिलन को लेकर भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। उन्हें केवल तय रूटों पर ही चलने की अनुमति दी गई है।

### रामनवमी पर विशेष चौकसी, जिले को 7 जोन में बांट पुलिस की तैनाती

**धनबाद**: धनबाद जिले में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी एचपी जनार्दनन व एडीएम पीयूष सिन्हा ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को सात जोन में बांटा है। हर जोन में जोनल दंडाधिकारी व पुलिस अधिकारी की निगरानी में पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की जा रही है। धनबाद, गोविंदपुर, झरिया, कालुबथान, चिरकुंडा, कुमारधुबी, गलफरबाड़ी सहित सभी 46 थाना क्षेत्रों में प्रशासन विशेष निगरानी रख रहा है। सभी थाना और ओपी में दंडाधिकारी व पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंग। पुलिस का चलंत दस्ता भी लगातार भ्रमणशील रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष 5 अप्रैल दोपहर से लेकर 7 अप्रैल सुबह 6 बजे तक सक्रिय रहेगा।

# रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न कराने को प्रशासन प्रतिबद्ध : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : रामनवमी पर्व को लेकर बोकारो जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। समाहरणालय सभागार में शनिवार को उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने संवाददाता सम्मेलन कर जिले की स्थिति सामान्य बताते हुए लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने की अपील की। पिछले दो दिनों में बोकारो स्टील लिमिटेड प्लांट के एडीएम बिल्डिंग के पास विस्थापित अप्रेंटिस संघ द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान उत्पन्न घटनाक्रम पर उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन विधि व्यवस्था संधारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है।




असामाजिक तत्वों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से नजर रखी जा रही है, और चिन्हित किए गए उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। चास अनुमंडल क्षेत्र में धारा 163 लागू की गई है। उपायुक्त ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान मृतक प्रेम कुमार महतो के परिजनों को बीएसएल प्रबंधन द्वारा 25 लाख रुपए मुआवजा एवं एक परिजन को नौकरी देने पर सहमति बनी थी। पर सांसद ढुलू महतो के कहने पर मुआवजा राशि को बढ़ाकर 50 लाख तक किया। चेक एवं नियुक्ति पत्र तैयार हैं। साथ ही, विस्थापितों की अन्य मांगों के अनुश्रवण हेतु हर माह की 15 तारीख को बैठकें आयोजित की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। चास अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा इसकी अध्यक्ष होंगी, जबकि नगर डीएसपी एवं कार्यपालक दंडाधिकारी बोकारो सदस्य होंगे। जांच सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है। प्रशासन ने रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु जिले के चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की है। साथ ही, सभी जिलावासियों से प्रशासन का सहयोग करने और पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई है।

## पहला कदम में मनाया रामनवमी का त्यौहार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के विशेष स्कूल पहला कदम में शनिवार को रामनवमी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूपों में सजकर आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी, जिसे देखकर सभी उपस्थित दर्शक भावविभोर हो गए। यह झांकी पहला कदम स्कूल से लेकर सांसद कार्यालय जगजीवन नगर धनबाद तक निकाली गई। इस झांकी का स्वागत सांसद प्रतिनिधि मिल्टन पार्थसारथी ने किया।स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल ने बताया कि त्योहारों के माध्यम से बच्चों को धार्मिक और सांस्कृतिक जानकारी देना ट्रस्ट की जिम्मेदारी है। इससे न सिर्फ बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में भी मदद मिलती है। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने शिक्षकों के साथ मिलकर भगवान राम की आरती की और प्रसाद ग्रहण किया। पूरा माहौल भक्ति और उत्साह से सराबोर हो गया। पहला कदम परिवार और सभी शिक्षकों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## ऑफिसर एसोसिएशन ने विस्थापित युवक की मृत्यु पर जताया दुख, संयंत्र की सुरक्षा पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बीते दिन आंदोलन में हुए लाठी चार्ज के दौरान विस्थापित युवक की दुखद मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त किया एवं बीएसओए ने आपातकालीन बैठक आयोजित की गई। बोकारो ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष ऐ के सिंह ने प्रेस जारी किया। उन्होंने इस घटना को लेकर संवेदना व्यक्त किया है । और संयंत्र में काम कर रहे अधिकारियों एवं उनके परिवारों की सुरक्षा पर चर्चा भी किया एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय भी किए गए हैं उन्होंने कहा कि संयंत्र वर्तमान में एक गंभीर स्थिति का सामना कर रहा है और यह आवश्यक है कि हम इसे हर



कीमत पर सुरक्षित रखें। आगे उन कर्मचारियों को भी सलाम किया जो पिछले 20 घंटे से प्लांट के अंदर अथक परिश्रम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि अब सब को एकजुट होना पड़ेगा इस संयंत्र की सुरक्षा के लिए। आगे उन्होंने प्रबंधन से आग्रह किया कि इस संकट के दौरान संयंत्र में काम करने वाले उन कर्मचारियों को बुनियादी सुविधा दी उपलब्ध करवाया जाए।

## विस्थापित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सांसद ढुल्लू महतो की पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो में दो दिन पहले विस्थापित आंदोलन के दौरान सीआईएसएफ के लाठी चार्ज किए जाने पर विस्थापित युवा प्रेम महतो की मौत हो गई। उसके बाद विस्थापित लोगों का उग्र प्रदर्शन से दो दिन तक बोकारो अशांत रहा। इस बीच विस्थापित युवा प्रेम महतो की बॉडी को बीजीएच के मर्चरी में रखा गया था। इसी क्रम में आज मृतक को जब बीजीएच के मर्चरी से निकालने के मामले में बीजीएच में विस्थापितों का हंगामा देखने को मिला । मौके पर एसडीओ के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस के जवान है मौजूद रहे। धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के पहुंचने के बाद हुआ मामला शांत। धारा 163 भी कल से लगाया गया है। बोकारो में विस्थापित आंदोलन के दौरान विस्थापित प्रेम महतो के मौत मामले में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने कहा की मुआवजा की 25 लाख से




बढ़ाकर 50 लाख कर दिया गया है साथ ही परिवार के एक सदस्य को बोकारो स्टील प्लांट में टेंपररी नौकरी और बाद में इसे परमामनेंट करने की बात कही। उन्होंने कहा की उनके लिए शहीद के तहत उनकी मूर्ति भी लगाई जाएगी। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा की विस्थापितों के लिए पॉलिसी बनाने का काम किया जा रहा है और हर महीने के 15 दिन पर बोकारो उपायुक्त की अध्यक्षता में रिव्यू मीटिंग विस्थापितों और बोकारो प्लांट प्रबंधन के बीच करना है। इस दौरान पीड़ित परिवार को 50 लाख का चेक भी दिया गया और नौकरी के ज्वाइनिंग लेटर। इस मौके पर बोकारो स्टील प्लांट के अधिकारी सहित आजसू के गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बेरमो के पूर्व विधायक बाटुल महतो के साथ साथ अन्य नेता भी मौजूद रहे। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा की ये दुखद घटना है। वही माले के बगोदर के पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा की सीआईएसएफ पर धारा 302 के तहत मामला दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा की केंद्र और राज्य सरकार को विस्थापितों के बारे में पॉलिसी बनानी चाहिए।

## सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, सदर अस्पताल रेफर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : पेटरवार थाना क्षेत्र के सुंदरवन लाइन होटल के निकट राष्ट्रीय उच्च पथ-23 पर शनिवार सुबह करीब 10 बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कसमार थाना क्षेत्र के करकट्टाखुर्द गांव निवासी भुवनेश्वर केवट (52) एवं प्रेमचंद केवट (50) बाइक पर सवार होकर मछली मारने के लिए चरगी तालाब जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो बाइक को रगड़ते हुए डीबीसी जंगल में जा घुसी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो को रांची से बोकारो जा रही एक निशान नामक यात्री बस द्वारा चकमा दिए जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। हादसे




के बाद दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बोकारो सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना में भुवनेश्वर केवट को कमर में गंभीर चोट लगी है, जबकि प्रेमचंद केवट के माथे और शरीर में अंदरूनी चोटें आई हैं।

# अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की प्रमुख पहल 'नंद घर' ने 15 राज्यों में 8,000 का आंकड़ा पार किया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की प्रमुख पहल नंद घर ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जिसमें 8,044 आँगनवाड़ियों को महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के लिए आधुनिक केंद्रों में परिवर्तित किया गया है। यह पहल भारत के 15 राज्यों में फैली हुई है और ग्रामीण विकास के प्रति वेदांता की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। नंद घर के माध्यम से अब तक 3 लाख से अधिक बच्चों और 2 लाख महिलाओं को प्रारंभिक बाल शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और कौशल विकास जैसी सुविधाओं का लाभ मिला है। नंद



घर पारंपरिक आंगनवाड़ियों का आधुनिक रूप हैं, जो उन्नत सुविधाओं से परिपूर्ण हैं। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही यहाँ स्मार्ट शिक्षा उपकरण, इंटरएक्टिव ई-लर्निंग मॉड्यूल, बाला डिजाइन और स्मार्ट टीवी जैसी सुविधाएँ भी दी जाती हैं, ताकि 3-6 साल के बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाया जा सके। हर केंद्र में बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, बिजली, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ शौचालय की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इस प्रकार, नंद घरों में बच्चों को एक सुरक्षित और पोषणयुक्त माहौल मिलता है। शिक्षा के साथ-साथ, नंद घर कुपोषण के खिलाफ भी काम कर रहे हैं। यहाँ बच्चों को पोषक आहार और गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं को जरुरी पोषण सहायता दी जाती है। इसके अलावा, नियमित टीकाकरण अभियान और स्वास्थ्य शिविर जैसी स्वास्थ्य सेवाएँ भी उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे संपूर्ण समुदाय के स्वास्थ्य को और बेहतर बनाया जा सके। नंद घर महिला सशक्तिकरण को भी मजबूत बना रहा है, जिसमें समुदाय की महिलाओं को हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण और रिटेल जैसे कौशल निर्माण गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इससे महिलाएं प्रति माह औसतन 10,000 तक की आय अर्जित करने में सक्षम हो रही हैं। नंद घर अपनी पहुंच को लगातार बढ़ा रहा है। 2024-25 उपलब्धियों का एक खास साल रहा है। कुपोषण से लड़ने के लिए, नंद घर ने दो चरणों में प्रोटीन युक्त मिलेट शेक वितरित किए, जिससे छह राज्यों के बच्चों को लाभ मिला। पेटेंटेड और ऋरअक प्रमाणित इस मिलेट शेक में 23 आवश्यक विटामिन और मिनरल्स शामिल हैं, और इसे रागी, बाजरा, फॉक्सटेल और कोदो जैसे मोटे अनाजों के मिश्रण से तैयार किया गया है। सरकार द्वारा दैनिक आहार में मिलेट्स के उपभोग को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत, नंद घर की यह पहल पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने की राष्ट्रीय दृष्टि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जिसमें स्थायी और स्थानीय रूप से प्राप्त सुपरफूड्स को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा करे : पूजा सरकार



**धनबाद** : महिला अपने आत्मविश्वास के साथ अपने आप को सुरक्षा करे, नारी अब अबला नहीं रही, महिला अपनी सुरक्षा को लेकर नव दुर्गा का रूप लेना भी जानती है उक्त बाते राष्ट्रीय ह्यूमन राइड झारखण्ड प्रदेश सचिव पूजा सरकार किन्नर सुनैना सिंह के आवास पर खास बातचीत के दौरान कही। झारखण्ड प्रदेश किन्नर समाज जिला अध्यक्ष सुनैना सिंह ने कहा कि आज के दौर में एक दूसरे को मदद करना भूलते जा रहे है। परिवार में अपनापन दूर होती जा रही है। ये सब समस्या घोर है।आपसी भाईचारा बना कर रहे। तभी परिवार चलेगी। महिला की सुरक्षा को लेकर में सरकार से अपील करुगी कि महिलाओं को रोजगार से जोड़ने को लेकर लघु उद्योग की व्यवस्था हो।इस तरह महिला भी अपने परिवार को चलाने में मदद मिलेगी। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को 18 वर्षों से लगातार करती आ रही हूं। क्षेत्र में सुख शांति समृद्ध बना रहे इसकी कामना करती हूं।

### परीक्षा कक्ष मे एकाग्रता ही सफलता का मार्ग है : सहदेव महतो



**धनबाद** : शनिवार संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2025 की तैयारी हेतु एक मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें कतरास क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मॉक टेस्ट में दया कुमार 250 अंक लाकर प्रथम स्थान पर, युग आर्य 249 अंक लाकर दूसरे स्थान पर, लक्ष्मण राम 248 अंक लाकर तीसरे स्थान पर, रोहित कुमार हजरा 248 अंक लाकर तीसरे स्थान पर, प्रियांशु कुमार गुप्ता 240 अंक लाकर चौथे स्थान पर ,आदित्य शर्मा 238 अंक लाकर पांचवें स्थान पर ,अक्षत कुमार 231 अंक लाकर छठे स्थान पर ,अजय कुमार 227 अंक लाकर सातवें स्थान पर ,यश महतो 225 अंक लाकर आठवें स्थान पर, स्नेहा कुमारी 219 अंक लाकर नवे स्थान पर ,सृष्टि राज साहनी 215 अंक लाकर दसवें स्थान पर एवं आयुष चरण शर्मा 200अंक लाकर 11वें स्थान पर रहे ।प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने कहा कि परीक्षा में एकाग्रता का बहुत ही महत्व है। आप जितने एकाग्र परीक्षा कक्ष में रहेंगे उतना ही शानदार सफलता आपको मिलेगी ।मौके पर संकल्प एजुकेशन के प्रबंध निदेशक मनोरमा देवी सरस्वती शिशु मंदिर तेतुलमारी के शिक्षक अशोक कुमार ,अभिभावक दिनेश कुमार महतो ,विक्की राम ,उत्तम कुमार शर्मा, राजेश कुमार हजरा ,उमाशंकर राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### चंदौर पहाड़ी शिव मंदिर में खिचड़ी महाप्रसाद का हुआ वितरण




**तेतुलमारी (धनबाद)**: चंदौर पहाड़ी शिव मंदिर तेतुलमारी में 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन समापन होने के बाद खिचड़ी महाप्रसाद का हुआ वितरण। मौके पर अखाड़ा समिति के सक्रिय सदस्य सुनील निषाद, पप्पू निषाद, कृष्णा निषाद, दिनेश कुमार, बबलू निषाद, मोहरा कुमार,पिंटू निषाद, जितेंद्र निषाद, उतम कुमार, गोरा निषाद, सुशील कुमार, प्रकाश कुमार, गुड्डू साहनी, अनिल कुमार, छोटू कुमार, ऋतिक कुमार, मिथुन निषाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विस्थापित युवक की मृत्यु पर गंदी राजनीति कर रहे हैं विधायक और विधायका : शशि सम्राट



**बोकारो** : जय बजरंग सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सा भाजपा युवा नेता- शशि सम्राट ने कहा अपेंडिक्स के छात्र प्रेम कुमार महतो के मृत्यु पर यह लोग गंदी राजनीति कर रहे हैं, यह लोग हमेशा यहां के विस्थापितों को छलने का काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे क्योंकि यहां का विधायक का ना ही विधायक टाइगर जय राम महतो प्रेम कुमार से नहीं उनके परिवार के दुख दर्द में शामिल है केवल नौटंकी और अपनी राजनीति चमकाने के लिए गंदी राजनीति कर रहे हैं, मैं पूछना चाहता हूं विधायकों के वहां रहते हुए लाठी चार्ज कैसे हो गया, अपनी हक की लड़ाई लड़ते हुए प्रेम कुमार की मृत्यु हो गया, इस मृत्यु को हम शहादत मानते हैं,, प्रेम महतो यहां के विस्थापितों के लिए और बोकारो के जनमानस में एक वीर योद्धा साबित हुए। बजरंग सेना का एक-एक कार्यकर्ता और भाजपा का पूरा परिवार प्रेम महतो और उनके परिवार के साथ कम से कदम मिलाकर खड़ा है।

### सेक्टर 4 में चैती दुर्गा पूजा की धूम, अष्टमी पर मां गौरी की पूजा के लिए उमड़ी भीड़



**बोकारो** : बोकारो में चैती दुर्गा पूजा बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। आज अष्टमी है और आज मां गौरी की पूजा होती है। कल नवमी है जहां राम नवमी को लेकर भी शोभा यात्रा और जुलुश निकाला जाना है। ऐसे में दुर्गा पूजा पंडालों में भी भीड़ देखी जा रही है और श्रद्धालु पूजा पाठ कर रहे है। बोकारो के सेक्टर 4 रविदास मोड़ में भी पूजा पंडाल बनाया गया है जहां मां दुर्गा की पूजा और आराधना करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। पंडाल और उसके आसपास को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। पुजारी कृष्ण कुमार पांडेय ने कहा की आज मां गौरी की पूजा है और दो दिनों के बाद मां का विषर्जन हो जायेगा।

## एक नजर

### सरहुल में डीजे बजाने को लेकर विवाद में पूर्व मुखिया की हत्या

**खूंटी :** सरहुल पर्व के दौरान डीजे बजाने को लेकर उपजे विवाद में पूर्व मुखिया रीड़ा भेंगराज ( 75) की हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में मारे गये पूर्व मुखिया के साले बुधराम पाहन और डड़गामा गांव के एतवा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार खूंटी थाना क्षेत्र के डड़गामा गांप में शुक्रवार की रात को सरहुल मनाया जा रहा था। डीजे की धुन पर गांव के लोग नाच-गा रहे थे। गांव के पूर्व मुखिया रीड़ा भेंगराज वहां पहुंचे और लोगों से कहा कि सरहुल आदिवासी समुदाय का पारंपरिक त्योहार है, । ऐसे में डीजे की बजाय पारंपरिक वाद्ययंत्र मांदर-नगाड़ा बजना चाहिए। इस बात को लेकर उनकी अपने साले बुधवा पाहन और गांव के ही एतवा मुंडा से बहस हो गई। बहस के दौरान एतवा और उसके साले बुधराम पाहन ने रीड़ा भेंगराज को धक्का दे दिया, जिससे वे पीसीसी सड़क पर गिर पड़े।

### पत्थर से कुचकर मारे गये युवक की हुई पहचान

**खूंटी:** खूंटी थाना क्षेत्र के चालोम बरटोली गांव के गेंगेरलोर इलाके में गुरुवार की रात पत्थर से कूच कर जिस अज्ञात युवक की हत्या की गई थी, उसकी पहचान मुरहू थाना क्षेत्र के सोमवार बाजार मुहल्ला निवासी किस्टोदास मुंडू (32) के रूप में हुई है। शव की पहचार मृतक की पत्नी सलोमी मुंडू ने की। मारा गया किस्टोदास बेहद गरीब परिवार से था और मोटिया-मजदूरी के साथ-साथ हाट-बाजार में चना-मटर बेचकर परिवार चलाता था। उसकी हत्या कें बाद परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह अपने परिवार एकलौता कमाऊ सदस्य था।

# लोटा शहीद स्थल में रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो की 247वीं शहादत दिवस पर सिल्ली के लोटा शहीद स्थल में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति की ओर से आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में भारी मात्रा में ग्रामीण इकट्ठे हुए.इस दौरान भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे। जिला अध्यक्ष ने चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो के संघर्ष कि वीर गाथा पर चर्चा की। मानभूम से धालभूम व जंगल महल में जोरदार संघर्ष का नेतृत्व करते हुए उन्होंने कहा कि अपना गांव अपना राज दूर भगाओ विदेशी राज के नारों के साथ 1769 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक क्रांतिवीर रघुनाथ महतो ने भूमि कर लगान की बेतहाशा वृद्धि एवं अंग्रेजी हुकूमत की इस काले कानून के खिलाफ चुआड़ विद्रोह का शंखनाद कर लड़ते हुए अपने प्राणों कीआहुति दी। परंतु इतिहास के पन्नों पर इस शौर्य गाथा को उचित और पर्याप्त स्थान नहीं मिला है। विनय महतो धीरज ने अंत में कहा कि लोटा में रघुनाथ महतो एवं अन्य क्रांतिवीरों का लहू टपका है। हमें मिलकर उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाना होगा तभी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आने वाले समय में शहादत स्थल को विकसित करने की आवश्यकता है। मौके पर मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक, साधुचरण महतो, श्याम सुंदर महतो, महावीर महतो,पवन महतो, सुभाष महतो, हरेकृष्ण महतो, धनंजय महतो, परमानंद महतो, श्रवण घटवार समेत समिति के सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे।


## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी पर्व में घर लौट रही महिला का ट्रेन से गिरकर मौत



**सरिया (गिरिडीह) :** हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन में चलती ट्रेन से उतरते समय पैर फिसल जाने से रेलवे ट्रैक पर गिरने से एक महिला की मौत हो गई। घटना शनिवार की सुबह लगभग 5:00 बजे की है। मृतक महिला की पहचान सरिया प्रखंड के रत्नाडीह गांव की रहने वाली 70 वर्षीय गिरजा देवी पति हरखू महतो के रूप में की गई। घटना को लेकर बताया गया कि मृतक महिला अपने पति तथा भाई के पुत्रवधू सरिता देवी के साथ जबलपुर से हावड़ा मुंबई मेल ट्रेन संख्या 12322 हजारीबाग रोड स्टेशन आ रही थी। हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन में उक्त ट्रेन शनिवार की सुबह लगभग 5:00 बजे आकर रुकी। कुछ समय ट्रेन में सवार गिरिजा देवी सोई हुई थी। परिजनों ने से जगाया तथा गाड़ी से जल्दी उतरने को कहा। तब तक गाड़ी खुल चुकी थी। गाड़ी के खुल जाने के पश्चात गिरिजा देवी तथा सरिता देवी दोनों चलती ट्रेन से प्लेटफार्म पर नीचे उतरने का प्रयास की। परंतु गिरिजा देवी प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच के गैप होने के कारण पटरी पर जा गिर गई। जिससे वह टुकड़े में बट गई। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वही सरिता देवी को भी हल्की चोटें आई हैं। बताते चलें कि मृतक महिला जबलपुर में अपने छोटे पुत्र कैलाश प्रसाद के पास अपने पति के साथ रहती थी। जो रामनवमी का त्यौहार मनाने के लिए अपने पैतृक गांव सरिया के रत्नाडीह लौट रही थी। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर जीआरपी गोमो घटना स्थल पर पहुंची तथा शव को कब्जे में कर लिया। परंतु मृतका के पति हरखु महतो के आग्रह करने तथा लिखित आवेदन के बाद उक्त शव को परिजनों को सौंप दिया गया। जिसमें पीड़ित परिवार ने लिखा है कि उन्हें इस घटना से रेलवे पर कोई शिकवा शिकायत नहीं है अत: व के अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सुपुर्द किया जाए पंचनामा बनाकर जीआरपी गोमो ने उक्त आवेदक के आलोक में मृतका गिरिजा देवी के शव को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### पटमदा में धूमधाम से हुई मां बासंती पुजा



**पटमदा :** चैत्र माह के अष्टमी तिथि के अवसर पर बोड़ाम प्रखंड के बांसती मंदिर और पटमदा के बेल्टांड सार्वजनिक बासंती पुजा धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान बोड़ाम स्थित बासंती मंदिर में विधायक मंगल कालिंदी,बोड़ाम बीडीओ किकू महतो,पार्षद गीतांजलि महतो,मुखिया रूपा सिंह सरदार, पंसस परमेश्वर महतो सहित कई गणमान्य से माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वही ग्राम प्रधान राधेश्याम सिंह सरदार,कमिटी अध्यक्ष वीरेन महतो,बनमाली बनर्जी,संदीप दत्ता,परेश दत्ता,उज्ज्वल बनर्जी, बिरेन मंडल,निर्मल सिंह,धनंजय षाड़ंगी, रूपु दत्ता,प्रवीर मुखर्जी सहित काफी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल होकर माता से आशीर्वाद लिया।

### नशा मुक्ति शपथ लेते हुए स्वस्थ समाज के निर्माण का लिया गया संकल्प

**पटमदा :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम के सौजन्य से शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर राज्य संपोषित प्लस टू हाई स्कूल पटमदा में सभी विद्यार्थियों को नशे से होने वाला दुष्परिणाम से अवगत कराया गया। इस दौरान नशा मुक्ति हेतु नारे लगाए गए तथा नशा मुक्ति शपथ लेते हुए स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया गया। इस दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें शामिल विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया। तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रथम पांच विद्यार्थियों को वॉटर बॉटल, टिफिन, ज्यामितीय बॉक्स एवं अन्य पाठ्य सामग्री द्वारा पुरस्कृत किया गया। पटमदा प्रखंड की महिला सुपरवाइजर गीता कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया एवं नशा मुक्त रहकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया।विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने बच्चों से कहा कि किस तरह एक पल का नशा जीवन भर की सजा बन जाती है। कार्यक्रम में डॉली डे, सुबोध प्रसाद सिंह, तुलसी महतो, अल्पा रोशनी बाखला, गणेश चंद्र महतो, अभिजीत पाल व डाक्टर प्रमाणिक आदि उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर्व पर शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर गुमला झारखंड में रामनवमी पर्व को लेकर चैनपुर पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य पर्व त्यौहारों में शांति बनाए रखना था, ताकि क्षेत्र में शांति पूर्ण तरीके से त्योहार मनाया जा सके। फ्लैग मार्च में चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता, एस. डि. पी.ओ. ललित मिना, चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, सहित सैंकड़ों की संख्या में पुलिस के जवान शामिल रहे। एस डि पी ओ ललित मिना ने आम जनों से आग्रह किया कि पर्व त्योहार में किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान ना दें और शोशल मिडिया पर किसी भी तरह के अफवाहों से बचें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की कोई भी मामला होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर महेंद्र करमाली ने कहा कि असमाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि किसी तरह की असमाजिक कार्य करने एवं उपद्रव मचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। फ्लैग मार्च चैनपुर थाना होते हुए ब्लोक मोढ़, चर्च रोड, सोहन चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, बस स्टैंड मुख्य मार्ग होते हुए पुनः थाना पहुंचकर समापन हुई। इस फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने आम जनों को शांति बनाए रखने और असमाजिक तत्वों के प्रति सख्त कार्रवाई करने का संदेश दिया। इस अवसर पर चैनपुर पुलिस के द्वारा आम जनों से अपील की गई कि वे पर्व त्यौहारों में शांति बनाए रखें और किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दें।

## आहार के लिए बाघ कर रहा पालतू पशुओं का शिकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चांडिल :** दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में इन दिनों एक बाघ विचरण कर रहा है। जंगली जानवरों के साथ साथ पालतू जानवरों का शिकार कर रहा है। अपने आहार के लिए गाय, बैल व बछड़ों का शिकार कर रहा है। हालांकि, वन विभाग ने एतिहात के तौर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। लेकिन जंगली बाघ पर नियंत्रण रखना किसके बस की बात है? बताया जा रहा है कि बीते तीन महीनों से एक बाघ दलमा पहाड़ के चारो ओर विचरण कर रहा है। बीते दिनों नीमडीह के तनकोचा में एक पालतू गाय को बाघ ने अपना शिकार बनाया था, जिसके बाद से ही ग्रामीण दहशत में है। वहीं, इस घटना के बाद से ही वन विभाग भी सक्रिय हुआ है। वन विभाग ने दलमा क्षेत्र में बाघ के होने की पुष्टि भी की है। वन विभाग के अनुसार यह बाघ बेतला टाइगर रिजर्व से आया है जो ज्यादा दिनों तक रहने वाला नहीं है। लेकिन दलमा को आवोहवा बाघ को अच्छा लगा है और पर्याप्त भोजन मिलने के कारण वह इस क्षेत्र में ही रह रहा है।

**शिव मंदिर गौशाला के गाय, बैल व बछड़ों का किया शिकार**

बताया जा रहा है कि दलमा शिव मंदिर के गौशाला में रहने वाले गाय, बैल व बछडों का बाघ ने शिकार कर रहा है। शिव मंदिर के आटा बाबा उर्फ अनादि ने बताया कि गौशाला में 60 से अधिक गाय, बैल व बछड़े थे, लेकिन वर्तमान समय में 15 से अधिक जानवर गायब हैं। उनका कहना है कि गायब हुए जानवरों का शिकार बाघ ने किया है। वहीं, वन विभाग का दावा है कि बाघ ने अबतक केवल एक बैल व एक गाय को ही खाया है। बाघ के क्षेत्र को किया गया सील दलमा रेंजर दिनेश चंद्रा ने बताया कि दलमा शिव मंदिर गौशाला के गाय व बैल दलमा के जंगलों में चरने जाते हैं इस दौरान बाघ ने अबतक एक बैल व एक गाय का शिकार किया है। उन्होंने बताया कि बाघ सभी क्षेत्रों में भ्रमण नहीं कर रहा है, वह विशेष क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है इसलिए पर्यटकों की सुरक्षा के लिए उन क्षेत्रों को सील कर दिया गया है। बाघ भ्रमण कर रहे क्षेत्रों में फिलहाल पर्यटकों को जाने की अनुमति नहीं है।

## रामनवमी का जश्न, अखंड हरि कीर्तन और भंडारे का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के दुर्गा मंदिर परिसर में रामनवमी पर्व के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे चैनपुर वासियों के साथ-साथ आसपास के गांव वालों ने भी कीर्तन में शामिल हुए। इस दौरान पूरा चैनपुर मुख्यालय भक्तिमय हो गया और हरे राम हरे कृष्णा के उद्घोष से पूरा मुख्यालय गुंजायमान रहा। जशपुर से आई कीर्तन मंडली का प्रदर्शन लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कीर्तन मंडली ने अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान लोगों ने अपने आप को कीर्तन में पूरी तरह से डूबो दिया और भगवान के नाम का जाप किया। मौके पर ग्राम पुरोहित ने बताया कि अखंड हरि कीर्तन से गांव में सुख-शांति रहती है। साथ ही हवन से वायुमंडल भी शुद्ध रहता है। उन्होंने कहा कि अखंड हरि कीर्तन का आयोजन भगवान के प्रति हमारी भक्ति और श्रद्धा को दशार्ता है। इस अवसर पर समिति के द्वारा भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सभी गांव वासियों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए थे, जिन्हें लोगों ने बड़े चाव से खाया। भंडारे के आयोजन से लोगों में एकता और भाईचारे की भावना का संचार हुआ। लोगों ने एक दूसरे के साथ मिलकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर चैनपुर के लोगों ने एक दूसरे को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। लोगों ने कहा कि रामनवमी का पर्व हमें भगवान राम के आदर्शों और मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। रामनवमी के अवसर पर चैनपुर में आयोजित अखंड हरि कीर्तन और भंडारे के आयोजन से लोगों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

## पूर्व सांसद ने पार्टी की स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने की कार्यकर्ताओं से की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सरिया (गिरिडीह):** भाजपा के झारखंड प्रदेश के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह कोडरमा के पूर्व सांसद डा. रविन्द्र कुमार राय ने शनिवार को सरिया स्थित अपने आवास में प्रेसवार्ता किया। इन्होंने कहा कि यह अद्भुत संयोग है। कि छः अप्रैल को रामनवमी महापर्व भी है और भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस भी। इसलिए गिरिडीह जिला समेत पूरे झारखंड के भाजपा कार्यकताओं व जनता से अपील है कि इसे धूमधाम से मनाएं। उन्होनें सभी कार्यकताओं से अपने अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाने की अपील की.कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और भाजपा देश को उन्नति के शिखर पर ले जा रही है। आज पूरे विश्व में भाजपा के कारण देश की जय जयकार हो रही है। भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस बड़े स्तर पर आयोजित किया जाना है। इस बार बीजेपी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक मनाया जाएगा। 6 अप्रैल को पार्टी पदाधिकारी कार्यालय की सजावट कर कार्यालय और अपने-अपने घरों पर बीजेपी का ध्वजारोहण करेंगे। ध्वज के साथ सेल्फी लेना और सोशल मीडिया पर बीजेपी फॉर विकसित भारत हैशटैग के साथ पोस्ट करना है। 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं० दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता का चित्र लगाकर पुष्पांजलि करना है। बूथ स्तर तक के कार्यकताओं से मिलकर उनसे चर्चा परिचर्चा करना है। 8-9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन करना है। जिसमें बीजेपी के चुनावी और संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन, प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के साथ 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा विषय पर उद्बोधन होगा। साथ ही 7-12 अप्रैल 2025 को बूथ चलो अभियान के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष स्तर से ऊपर के सभी कार्यकर्ता गांव/शहर वार्ड में प्रवास करेंगे। वहीं 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ० भीम राव अंबेडकर की जयंती के अवसर बाबा साहब की मूर्तियों पर माल्यार्पण और संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन होगा। इसके साथ ही इन्होंने रामनवमी,चैती दुर्गा पूजा की शुभकामना भी झारखंड प्रदेश वासियों को दिया।

### महाअष्टमी पर पंडालों में पूजा के लिए उमड़ी भक्तो की भीड़

**लोहरदगा :** जिले में चैत्र नवरात्र के मौके पर हर तरफ भक्ति की धारा बह रही है। महाअष्टमी के दिन माता के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पूजा पंडालों मे उमडी। भक्तों ने पूरे भक्ति भाव के साथ मां की उपासना की और आरती में भाग लिया। पूजा स्थलों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है और आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। लाउडस्पीकर पर भक्ति गीतों के बजने से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया है।

**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचॉंच (कोडरमा)**

**अति अल्पकालीन**

**तृतीय डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना-15/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचॉंच के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में (दिनांक-01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई-प्रोक्यूरमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 11:30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, डोमचॉंच कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक-19.04.2025 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र०सं० | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2025 26 लिए | जमानत की राशि 10 प्रतिशत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टैक्सी बस स्टैण्ड | 330660.00 | 33100.00 | दिनांक-19.04.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचॉंच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचॉंच

PR 349783 (Urban Development) 25-26 (D)

**जिला अभियंता का कार्यालय**

जिला परिषद, रामगढ़

अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा सं० :- *RE-01, ZP/RAMGARH/11/2024-25*

कार्य की विस्तृत विवरणी :-

मद-*DMFT*

| क्र. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माण्डू | लइयो उत्तरी में मुख्य पथ से उपस्वास्थ्य केन्द्र लईयो तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। (700 मीटर) | 72,40,300.00 | 1,45,000.00 | 10,000.00 | 06 (छ:) माह |
| 2 | माण्डू | पंचायत तापीन के टोला पिलपिंगा में छट्टु महतो के घर से लेकर कालीकरण रोड तक पी.सी.सी. पथ निर्माण | 57,60,500.00 | 1,16,000.00 | 10,000.00 | 06 (छ:) माह |
| 3 | माण्डू | माण्डूचट्टी पंचायत के ग्राम गोविंदपुर में बलसगरा रोड से टोला टकहा बसदेव गंझू के घर तक लगभग 1000 मीटर पी.सी.सी पथ निर्माण। (850 मीटर) | 84,41,600.00 | 1,69,000.00 | 10,000.00 | 06 (छ:) माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि दिनांक 08.04.2025
2. ई-निविदा डालने / प्राप्ति की तिथि एवं समय- दिनांक 09.04.2025 से दिनांक 15.04.2025 अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय दिनांक 16.04.2025 को अपराह्न 4:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता- जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
5. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष नं० 9801557845
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल *Online mode* द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है। तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
8. निविदा Double Bid पद्धति से होगा।
9. इस निविदा में जिला परिषद, रामगढ़ के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 349786 District(25-26)D

ह०/- जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।

# रामनाथ गोयनका पुरस्कार देश के सबसे प्रतिष्ठित पत्रकारिता पुरस्कारों में से एक है : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला :** गुमला जिले के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि हिन्दुस्तान अखबार के वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ कश्यप एवं मो. शहाब अली को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए देश के प्रतिष्ठित रामनाथ गोयनका पुरस्कार से भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सम्मानित किया गया। इस विशेष उपलब्धि के सम्मान में जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जिला सूचना भवन सभागार में माननीय उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, निदेशक DRDA विद्या भूषण, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ललन कुमार रजक समेत अन्य अधिकारी एवं जिले के सभी पत्रकारगण उपस्थित रहे। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने संबोधन में कहा कि रामनाथ गोयनका पुरस्कार देश के सबसे प्रतिष्ठित पत्रकारिता पुरस्कारों में से एक है। यह जानकर गर्व होता है कि गुमला जैसे जिले से इस पुरस्कार के लिए चयन होना यह दशार्ता है कि यहाँ की पत्रकारिता देश में प्रभाव छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता यदि सच्चाई और निष्ठा के साथ की जाए, तो वह समाज को दिशा देने का कार्य करती है। उन्होंने यह भी बताया कि पत्रकारों की खबरों से प्रशासन को जमीनी समस्याओं की जानकारी मिलती है और समाधान की दिशा में कार्य किया जाता है। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकारों को बिना किसी दबाव के पारदर्शिता से कार्य करना चाहिए। आपकी खबरों से समाज और प्रशासन को जागरूक होने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि पत्रकारिता जनहित में की जाती है, तो वह जिले, समाज और राष्ट्र के विकास में भागीदार बनती है। इस अवसर पर अमरनाथ कश्यप ने बताया कि यह पुरस्कार उनके लिए एक अप्रत्याशित अनुभव था। उन्होंने कहा कि झारखंड के गुमला जैसे जिले से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना एक प्रेरणादायक उपलब्धि है। मंच पर केवल हिंदी भाषा में रिपोर्टिंग करने वालों में वे दोनों ही थे, जो गर्व की बात है।वहीं श्री मो. शहाब अली ने अपनी रिपोर्टिंग से जुड़े अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने गुमला के रेडवा नावाडीह गांव में जन्मी खिलाड़ी आशा किरण बरला की संघर्ष और उपलब्धियों पर आधारित स्टोरी कवर की।

# जीवन की मर्यादा है श्रीराम का जीवन

श्रीराम जीवन की मर्यादा हैं। सांस्कृतिक प्रेरणा है। समरसता का पर्याय हैं। भारतीय सांस्कृतिक दर्शन की धारा को प्रवाहित करने वाले भारतीय साहित्य में वसुधैव कुटुम्बकम का भाव सदैव समाहित रहा है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण और संत तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस ने सामाजिक समरसता के भाव का प्रवाहन बहुत ही गहनता से किया है। उदारता के भाव से अनुप्राणित भारतीय साहित्य निश्चित ही विश्व समुदाय को अहिंसा और सामाजिक समरसता का धरातलीय संदेश देता है। जिसकी वर्तमान में पूरे विश्व को अत्यंत आवश्यकता है।

वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है, कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान में जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में शामिल किया जाता है, भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। सामाजिक समरसता के भाव को नष्ट करने वाली जो बुराई आज दिखाई दे रही है, वह पुरातन समय में नहीं थी। समाज में विभाजन की रेखा खींचने वाले स्वार्थी व्यक्तियों ने भेदभाव को जन्म दिया है।

वर्तमान में हम स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि समाज को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण जहां एक ओर समाज की शक्ति तो कमजोर हो रही है, वहीं देश भी कमजोर हो रहा है। वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। सामाजिक एकता स्थापित करने के लिए रामायण हम सभी को उचित मार्ग दिखा सकती है।

यह भी सर्वविदित है कि राम वन गमन के दौरान भगवान राम ने निषादराज को भी गले लगाया, इसका यही तात्पर्य है कि भारत में कभी भी जातिगत आधार पर समाज का विभाजन नहीं था। पूरा समाज एक शरीर की ही तरह था। जैसे शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द होता है, तब पूरा शरीर अस्वस्थ हो जाता था। इसी प्रकार समाज की भी अवधारणा है, समाज का कोई भी हिस्सा वंचित हो जाए तो सामाजिक एकता की धारणा समाप्त होने लगती है। हमारे देश में जाति आधारित राजनीति के कारण ही समाज में विभाजन के बीजों का अंकुरण किया गया। जो आज एकता की मयार्दाओं को तार-तार कर रहा है।

भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृत्ति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो संगठन में ही शक्ति है। इससे यह संदेश मिलता है कि हम समाज के साथ कदम मिलाकर नहीं चलेंगे तो हम किसी न किसी रुप में कमजोर होते चले जाएंगे और हमें कोई न कोई दबाता ही चला जाएगा। सम्पूर्ण समाज हमारा अपना परिवार है। कहीं कोई भेदभाव नहीं है। जब इस प्रकार का भाव बढ़ेगा तो स्वाभाविक रुप से हमें किसी भी व्यक्ति से कोई खतरा भी नहीं होगा। आज समाज में जिस प्रकार के खतरे बढ़ते जा रहे हैं, उसका अधिकांश कारण यही है कि समाज का हिस्सा बनने से बहुत दूर हो रहे हैं। अपने जीवन को केवल भाग दौड़ तक सीमित कर दिया है। यह सच है कि व्यक्ति ही व्यक्ति के काम आता है। यही सांस्कृतिक भारत की अवधारणा है।

पूरे विश्व में भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रुप में पहचाना जाता है, जब हम भारत को राष्ट्र बोलते हैं, तब हमें इस बात का बोध होना ही चाहिए कि राष्ट्र आखिर होता क्या है? हम इसका अध्ययन करेंगे तो पता चलेगा कि राष्ट्र की एक संस्कृति होती है, एक साहित्यिक अवधारणा होती है, एक आचार-विचार होता है, एक जैसी परंपराएं होती हैं।

## सूडोकु नवताल- 7392

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7391 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# स्वास्थ्य के प्रति करना होगा जागरूक



रमेश सर्राफ धमोरा

स्वास्थ्य हमारे जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इंसान जब तक स्वस्थ रहता है, तब तक उसमें कार्य करने की क्षमता बनी रहती है। जब वह अस्वस्थ होने लगता है तो उसके कार्य करने की क्षमता भी कमजोर पड़ने लगती है। इसीलिए हमारे बुजुर्ग कहा करते थे कि पहला सुख निरोगी काया। यानी शरीर स्वस्थ रहने पर ही सबसे पहला सुख मिलता है। आज के दौर में खानपान में लापरवाही के चलते अधिकतर व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से ग्रसित रहने लगे हैं। इससे उनके कार्य क्षमता में भी कमी आई है। मनुष्य के अस्वस्थ होने पर उसके उपचार पर पैसे खर्च होते हैं, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगती है। इसके साथ ही बीमार व्यक्ति का पूरा परिवार भी उसकी बीमारी के चलते तनाव में रहने लगता है। भागम-भाग के दौर वाली आज की जिंदगी में जो व्यक्ति अपना स्वास्थ्य सही रख पाता है। वह कम कमा कर भी सबसे अधिक सुखी रह सकता है। इसलिए हमें सबसे अधिक अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए।

दुनिया भर में मनुष्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी दुनिया के देशों को समय-समय पर चेतावनी देता रहता है। कुछ वर्ष पूर्व आई कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया था। मगर वैज्ञानिकों की तत्परता से वैक्सीन निर्माण होने के चलते वह नियंत्रण में आ गई थी। मगर भविष्य में भी ऐसी कोई गारंटी नहीं है कि कोरोना जैसी महामारी फिर नहीं आएगी। कभी भी कोई नई महामारी आ सकती है। इसलिए हमें हमारे खानपान, रहन-सहन व वातावरण में सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि हम बेवजह की बीमारियों से बच सके।

स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रति वर्ष सात अप्रैल को पूरी दुनिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे विश्व स्वास्थ्य संगठन का मकसद दुनियाभर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। साथ ही साथ सरकारों को स्वास्थ्य नीतियों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करना। वर्तमान में इस संगठन के बैनर तले 195 से अधिक देश अपने-अपने देश के नागरिकों को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने की शुरूआत 1950 से हुई। वैश्विक आधार पर स्वास्थ्य से जुड़े सभी मुद्दे को विश्व स्वास्थ्य दिवस लक्ष्य बनाता है। जिसके लिये कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा अंतरर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के खास विषय पर आधारित कार्यक्रम इसमें आयोजित होते हैं। पूरे साल भर के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिये और उत्सव को चलाने के लिये एक खास विषय का चुनाव किया जाता है। वर्ष 2025 में विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है स्वस्थ शुरूआत, आशावादी भविष्य। यह विषय माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और जीवन को बढ़ाने पर केंद्रित है। जिसका लक्ष्य परिहार्य मातृ और शिशु मृत्यु के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आधे भारतीयों की आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच ही नहीं है। जबकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने वाले लोग अपनी आय का 10 फीसदी से ज्यादा इलाज पर ही खर्च कर रहे हैं। वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक (जीसीआई) 2024 में भारत का स्कोर 98.49/100 रहा है। यह स्कोर अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ भारत को टियर-1 में रखता है। वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक 2024 के अनुसार भारत 42.8 के समग्र सूचकांक स्कोर के साथ 195 देशों में से 66वें स्थान पर है और 2019 से -0.8 का परिवर्तन है। 2021 में दुनिया भर के देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों की रैंकिंग के अनुसार, स्वास्थ्य सूचकांक स्कोर के आधार पर भारत 167 देशों में से 111वें स्थान पर था।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन साल की अवस्था वाले 3.88 प्रतिशत बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सका है और 46 प्रतिशत बच्चे अपनी अवस्था की तुलना में कम वजन के हैं, जबकि 79.2 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से पीडित हैं। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया 50 से 58 प्रतिशत बढ़ा है। कहा जाता है कि जिस देश कि चिकित्सा सुविधाएं बेहतर होगीं, उस देश के लोगों की औसत आयु उतनी ही अधिक होगी। भारतवासियों को यह जानकर हैरानी होगी कि औसत आयु के मामले में बांग्लादेश भारत से आगे है। भारत में औसत आयु जहां 64.6 वर्ष मानी गई है, वहीं बांग्लादेश में यह 66.9 वर्ष है। इसके अलावा भारत में कम वजन वाले बच्चों का अनुपात 43.5 प्रतिशत है और प्रजनन क्षमता की दर 2.7 प्रतिशत है, जबकि पांच वर्षों से कम अवस्था वाले बच्चों की मृत्यु दर 66 है और शिशु मृत्यु दर जन्म लेने वाले प्रति हजार बच्चों में 41 है जबकि 66 प्रतिशत बच्चों को डीपीटी का टीका देना पड़ता है।

भारतीय स्वास्थ्य रिपोर्ट के मुताबिक सार्वजनिक स्वास्थ्य की सेवाएं अभी भी पूरी तरह से मुफ्त नहीं है और जो है उनकी हालत अच्छी नहीं है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित लोगों की काफी कमी है। भारत में डॉक्टर और आबादी का अनुपात भी संतोषजनक नहीं है। हमारे देश में 1000 लोगों पर एक डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में बिस्तर की उपलब्धता भी काफी कम है और केवल 28 प्रतिशत लोग ही बेहतर साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं। पिछले कुछ सालों में हमारे देश में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रभाव बढ़ा है। साथ ही मधुमेह, ह्रदय रोग, क्षय रोग, मोटापा, तनाव की चपेट में भी लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं। महिलाओं में स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर का खतरा बढ़ा है। ये बीमारियां बड़ी तादाद में उनकी मौत का कारण बन रही हैं। ग्रामीण तबके में देश की अधिकतर आबादी उचित खानपान के अभाव में कुपोषण की शिकार हो रही है। महिलाओं, बच्चों में कुपोषण का स्तर अधिक देखा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रति 10 में से सात बच्चे एनीमिया से पीडित हैं। वहीं महिलाओं की 36 प्रतिशत आबादी कुपोषण की शिकार है।

भारत में इलाज पर अपनी जेब से खर्च करने वाले पीडित लोगों की संख्या ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की संयुक्त आबादी से भी अधिक है। भारत की तुलना में इलाज पर अपनी आय का 10 फीसदी से अधिक खर्च करने वाले लोगों का देश की कुल जनसंख्या में प्रतिशत श्रीलंका में 2.9 फीसदी, ब्रिटेन में 1.6 फीसदी, अमेरिका में 4.8 फीसदी और चीन में 17.7 फीसदी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अभी भी बहुत से लोग ऐसी बीमारियों से मर रहे है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में बताया गया कि देश की आबादी का 3.9 फीसदी यानी 5.1 करोड़ भारतीय अपने घरेलू बजटा का एक चौथाई से ज्यादा खर्च इलाज पर ही कर देते हैं। जबकि श्रीलंका में ऐसी आबादी महज 0.1 फीसदी है, ब्रिटेन में 0.5 फीसदी, अमेरिका में 0.8 फीसदी और चीन में 4.8 फीसदी हैं। इलाज पर अपनी आय का 10 फीसदी से ज्यादा खर्च करने वाली आबादी का वैश्विक औसत 11.7 फीसदी है। इनमें 2.6 फीसदी लोग अपनी आय का 25 फीसदी से ज्यादा हिस्सा इलाज पर खर्च करते हैं और दुनिया के करीब 1.4 फीसदी लोग इलाज पर खर्च करने के कारण ही अत्यंत गरीबी का शिकार हो जाते हैं।

देश के ग्रामीण अंचल में जब तक सही व समुचित स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध नहीं हो पायेगी तब तक भारत में सबको स्वास्थ्य की योजना पूरी नहीं हागी। आज देश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा की स्थिति बड़ी भयावह है। गांवो में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में लोगों को तांत्रिको के चक्कर लगाते देखा जा सकता है। निजी चिकित्सक भी कमाई के चक्कर में शहरों में ही काम करना पसन्द करते हैं। जब तक गांवो की तरफ ध्यान नहीं दिया जायेगा तब तक भारत में सबको स्वास्थ्य का सपना पूरा नहीं हो पायेगा।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# भगवान राम का आदर्श प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सिद्ध हो

डॉ. राघवेंद्र शर्मा

भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है, लेकिन गौर से देखा जाए और उनके जीवन वृतांतों का अध्ययन किया जाए तो हम पाएंगे कि भगवान राम समस्त मयार्दाओं से परे हैं। उन्होंने अपने आचरण के माध्यम से ऐसी अनेक मयार्दाएं स्थापित कीं, जिनका अनुसरण करके कोई भी साधारण मनुष्य स्वयं को मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में स्थापित कर सकता है। उनका जीवन दर्शन ऐसा है जो स्वयं अनेक मयार्दाओं को स्थापित करता है। उनके ऐसे परम पावन व्यवहार का शुभारंभ बचपन से ही हो जाता है। उदाहरण के लिए- जब भगवान राम अपने तीनों भाइयों- भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ गुरु वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं, तब अपने ईश्वरत्व को पूरी तरह त्याग कर गुरु और गुरु माता पर आश्रित ही रहते हैं। शिक्षा के दौरान गुरु वशिष्ठ और उनकी धर्मपत्नी देवी अरुंधति को भगवान राम अपने अभिभावक का दर्जा भी प्रदान करते हैं। उनका यही भाव तब गुरु विश्वामित्र के प्रति रहता है जब पिता दशरथ, राक्षसों का नाश करने के लिए उन्हें लक्ष्मण के साथ गुरु विश्वामित्र के हाथ सौंप देते हैं।

इस बेहद सौम्य और विनम्र स्वभाव के बावजूद राम सदैव अपने छोटे भाइयों को पुत्रवत स्नेह देते रहे और एक पिता की तरह सदैव उनकी राजी खुशी की चिंता करते रहे। बल्कि सदैव उन्होंने यह सुनिश्चित भी किया कि उनके तीनों भाई किसी भी खतरे का शिकार ना बनें और सुरक्षित रहते हुए अपने कर्तव्यों का भली भांति निर्वहन कर सकें। जब राम राक्षसी ताड़का का वध करते हैं तब उसे जन्म-जन्मांतरों के बंधनों से मुक्त करके उसके आत्मस्वरूप तेज पुंज को अपने में समाहित कर लेते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वे जानते हैं ताड़का जन्मजात राक्षसी नहीं थी। ऋषि अगस्त्य द्वारा उसके राक्षस पति सुंद का शाप द्वारा वध किया गया था। अपने पति की मृत्यु का बदला लेने के लिए उसने अपने यक्ष स्वरूप का त्याग करते हुए राक्षसी प्रवृत्ति का चोला ओढ़ लिया था। कुछ कदम आगे चलकर राम अहिल्या का उद्धार भी करते हैं। इस भाव के साथ कि परिस्थिति वश अथवा अज्ञानता वश यदि कोई पाप हो जाए तो उसे कारित करने वाले पुरुष अथवा नारी को पाप का भागी सिद्ध नहीं किया जा सकता। ऐसा करके राम अहिल्यापति ऋषि गौतम को पश्चाताप की अग्नि से भी छुटकारा दिलाते हैं। क्योंकि उन्होंने क्रोधवश अपनी पत्नी को अनुचित श्राप दिया था। किंतु वास्तविकता का ज्ञान होने पर वे अपने शाप को वापस नहीं ले सकते थे। फलस्वरूप तभी से पुण्यों द्वारा अर्जित अपने लोक में स्थित होकर वे अपनी पत्नी की चिरकाल से प्रतीक्षा कर रहे थे। माता सीता से भगवान राम का प्रथम मिलन पुष्प वाटिका में हुआ तब वह अपने भावों पर नियंत्रण बनाए रखते हैं। क्योंकि उन्हें ज्ञात है सीता स्वयंवर कर्म आधारित प्रक्रिया है।

सीता स्वयंवर में समस्त विभूतियों के असफल होने के पश्चात राजा जनक द्वारा अनुचित शब्द कहे जाने पर लक्ष्मण का क्रोध सातवें आसमान पर होता है। वे भी प्रत्युत्तर में राजा जनक को कठोर वचन कह देते हैं। तब भगवान राम ना तो उन्हें रोकते हैं और ना ही डांटते हैं। क्योंकि वे ऐसा मानते हैं, वहां पर लक्ष्मण जी को अनुशासित करने के लिए गुरु अथवा अभिभावक के रूप में विश्वामित्र जी उपस्थित हैं? अतः उनकी उपस्थिति में स्वयं को वरिष्ठ प्रतिपादित करना उन्हें उचित प्रतीत नहीं होता। इसी समारोह में क्रोधाग्नि में ज्वलंतशील परशुराम जी द्वारा अनेक बार राम के आत्मसम्मान को आहत किया गया। किंतु फिर भी वे उन्हें लौटकर दंडात्मक प्रति उत्तर नहीं देते। क्योंकि वे परशुराम के आभामंडल को खंडित करना नहीं चाहते। वे जानते हैं कि त्रेता युग में परशुराम पापाचार में युक्त क्षत्रियों का संहार कर चुके हैं और आने वाले युगों में सनातन संस्कृति को उनके तेज बल की आवश्यकता पड़ने वाली है। माता कैकई द्वारा वर मांगने पर उन्हें 14 वर्षों का बनवास हुआ, तब वाल्मीकि रामायण के अनुसार लक्ष्मण जी पिता दशरथ जी को कारागार में डालने हेतु उद्वेलित थे। इस प्रण के साथ की अयोध्या के सिंहासन पर केवल श्री राम का ही अधिकार है। किंतु श्री राम ने पितु आज्ञा को ही सर्वोपरि माना और इसके लिए लक्ष्मण को प्रेम पूर्वक डांट भी पिलाई। श्रृंगवेरपुर के भील राज गुह को प्राणों के समान प्रिय भाई भरत जैसा अपनत्व और सम्मान देकर प्रभु श्री राम यह प्रतिपादित करते हैं कि व्यक्ति को जाति से नहीं बल्कि उसके कर्मों से सम्मान अथवा असम्मान का अधिकारी माना जाना चाहिए।

आप केवट को अपने चरण धोने का सौभाग्य भी देते हैं। क्योंकि उसका तत्कालीन जीवन और पूर्व का मृत्यु वृतांत उन पर उधार था। कच्छप योनि में वह क्षीर सागर का वासी था। श्री हरि विष्णु के चरण स्पर्श करते वक्त शेषनाग जी ने फुंफकार कर उसे भस्म कर दिया। फल स्वरुप वह कच्छप प्रभु चरणों को छूने की आस मन में लिए मृत्यु को प्राप्त हुआ। तब योग निद्रा में लीन प्रभु ने उसे अंतर्मन से आशीर्वाद दिया था कि त्रेतायुग में, मैं स्वयं चलकर तुम्हारे पास आऊंगा और तुम्हारी शर्तों के अनुरूप तुम्हें अपने पैर पखारने की अनुमति प्रदान करूंगा। इसके बाद चित्रकूट पहुंचने तक उन्हें अपने अनेक भक्त, संत, महात्मा, ऋषि मुनि के रूप में मिले। लेकिन श्री राम ने स्वयं को भगवान प्रदर्शित न करते हुए भगवा का मान रखा और सभी के चरण स्पर्श करते हुए आगे बढ़ते गए। चित्रकूट में जब भरत जी उन्हें वापस लेने आए तो श्रीराम इनकार कर सकते थे लेकिन उन्होंने अंतिम निर्णय वहां उपस्थित गुरु वशिष्ठ समेत ऋषियों और राजा जनक के माध्यम से ही प्रतिपादित कराया। इससे जहां राम का बड़प्पन तो स्थापित हुआ ही, वहीं ऋषि-मुनियों, राजा जनक और उपस्थित माताओं का सम्मान भी बना रहा, साथ में भरत की भावनाएं भी आहत नहीं हुईं।

सीता अपहरण में शामिल मारीच को वे केवल इसलिए मोक्ष प्रदान कर देते हैं, क्योंकि वह अपनी इच्छा से नहीं बल्कि मजबूरी वश उस प्रसंग का हिस्सा बना था और राम के हाथों ही मरना चाहता था। माता शबरी को केवल गुरु का धाम ही नहीं दिया बल्कि उन्हें तब नवधा भक्ति का ज्ञान बताया, जब तत्कालीन स्वयंभू विद्वान खुद को भगवान का सच्चा भक्त बताते हुए ₹भीलनी₹ को तुच्छ साबित करने में लगे हुए थे। वे चाहते तो संकल्प मंत्र से रावण का वध कर सकते थे लेकिन सत्य की रक्षा के लिए वानरों का मान बढ़ाया। महाबली बाली का वध करके उसकी अपेक्षा बेहद कम शक्तिशाली सुग्रीव को मित्र बनाया?, क्योंकि बाली मातांध होकर अनीति पर चल रहा था, जबकि सुग्रीव ने धर्म को साक्षी बनाए रखा। विभीषण जी को गले लगाकर आदर्श स्थापित करते हैं कि सभी ओर से निराश होकर शरण आए व्यक्ति को सामर्थ्य अनुसार सहयोग अपेक्षित है। रावण के पास अंगद को भेज कर यह संदेश भी दिया कि शांति वार्ता के माध्यम से समस्या सुलझ सकती हो तो व्यापक नरसंहार को हर हाल में टाला जाना चाहिए। श्रीराम कर्मों का फल देते हुए बाली, मेघनाद, और रावण का भले ही वध करते हैं लेकिन तारा, सुलोचना और मंदोदरी आदि का हाथ जोड़कर सम्मान करते हैं। इस आदर्श के साथ कि स्त्रियां भले ही शत्रु पक्ष की क्यों ना हों, यदि वे अपने स्वजनों के पाप में शामिल नहीं हैं तो उन्हें सम्मान देना ही चाहिए। किंतु यदि स्त्री शूर्पणखा के समान स्वच्छंद और व्यभिचारणी हो तो उसको दंड देने में देर नहीं लगानी चाहिए।

हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहि सुनहि बहु विधि सब संता।।

यानी प्रभु श्री राम की कथा अनंत है। इसे संतों ने अनेक प्रकार से लिखा, गाया और प्रस्तुत किया है। इस दृष्टि से देखा जाए तो उनके समस्त गुणों, जीवन वृतांतों और दर्शन का वर्णन करना असंभव ही है। फिर भी जितना सीख पाया, उस आधार पर केवल इतना ही कहा जा सकता हैं कि मेरे राम समस्त मर्यादाओं से परे पुरुषोत्तम हैं।

# न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन ही राह

राकेश दुबे

और डोनाल्ड ट्रंप के कदमों से दुनिया भर में अनिश्चितता फैल गई है और बराबरी के शुल्क की धमकी देकर उसने भारत की शुल्क व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। ऐसे में लालफीताशाही, भ्रष्टाचार और अफसरशाही कम कर प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने का वक्त आ गया है। बजट में उल्लिखित विनियमन के अलावा भारत को सरकार का आकार घटाना होगा यानी न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का वादा पूरा करना होगा, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में किया था।

केंद्र और राज्य सरकारों का कुल खर्च 1980 के दशक में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 10 प्रतिशत था, जो 1991 में बढ़कर 27 प्रतिशत हो गया। तब से यह अधिक ही बना हुआ है। आज सरकार जीडीपी का करीब 28 प्रतिशत खर्च करती है। दक्षिण कोरिया भी इतना ही खर्च करता है मगर थाईलैंड, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे आसियान देश कम खर्च करते हैं। तीन दशक से ऐसा ही चल रहा है, जबकि चीन और दक्षिण कोरिया में तेज वृद्धि के दौरान भी सार्वजनिक खर्च जीडीपी के 20 प्रतिशत से कम था। यह हाल में बढ़ा है। पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के राजकोषीय अनुशासन पर बात कम होती है मगर उनकी कामयाबी में इसका बड़ा हाथ है। कुछ विशेषज्ञ जीडीपी की तुलना में कर के अनुपात का हवाला देते हुए कहते हैं कि सरकार का आकार बहुत बड़ा नहीं बल्कि बहुत छोटा है। 2024-25 में यह अनुपात 18.6 प्रतिशत रहा, जो भारत के आय स्तर को देखते हुए कम नहीं है। जीडीपी की तुलना में कुल राजस्व का अनुपात 22 प्रतिशत रहा, जो और भी ज्यादा है। वे ज्यादा शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों, तकनीकी कर्मचारियों तथा विदेश सेवा अधिकारियों की जरूरत भी बताते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार और भी खर्च करे। इसके बजाय दफ्तरों में गैर-तकनीकी कर्मचारियों की भीड़ घटाने और उन पर होने वाले खर्च से तकनीकी कर्मचारी रखने की जरूरत है। ज्यादातर भर्तियां भी केंद्र या राज्य के बजाय स्थानीय स्तर पर की जाएं क्योंकि केंद्र और राज्य कर्मचारियों के वेतनमान बहुत अधिक हैं।

भारत का सरकारी व्यय अधिक होने से राजकोषीय घाटा बढ़ गया है । 1990-91 से केंद्र और राज्यों का कुल राजकोषीय घाटा जीडीपी का औसतन 7.8 प्रतिशत रहा है। इस कारण भारतीय रिजर्व बैंक को भी सरकारी उधारी की लागत कम रखनी पड़ी है। इसके लिए सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) का इस्तेमाल किया गया, जिसके कारण वाणिज्यिक बैंकों को सरकारी बॉन्ड खरीदने पड़ते हैं। एसएलआर कभी 39.5 प्रतिशत तक था और आज भी 18 प्रतिशत है। भारत के अलावा बांग्लादेश में ही एसएलआर लागू है मगर 13 प्रतिशत है। इस वित्तीय जबरदस्ती से राजकोषीय घाटे की भरपाई तो हो जाती है मगर इसका खमियाजा वाणिज्यिक बॉन्ड बाजार को उठाना पड़ता है और निजी क्षेत्र विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों को देसी पूंजी नहीं मिल पाती।

भारत का सार्वजनिक ऋण जीडीपी का 82 प्रतिशत है और बहुत ज्यादा है। 2030 तक इसे जीडीपी के 70 प्रतिशत पर लाने का प्रस्ताव है, रफ्तार बहुत धीमी है और तेज वृद्धि के अनुमानों पर आधारित है। सार्वजनिक पूंजीगत व्यय ठहर गया है और भारत को बाकी दुनिया की तरह रक्षा व्यय बढ़ाना होगा। इस बीच ट्रंप के कारण शुल्क में जो कमी करनी पड़ी है वह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी है मगर अभी उसके कारण राजस्व कम होगा। भारत को सरकारी सुधारों तथा निजीकरण तेज कर राजकोषीय गुंजाइश बनानी होगी। एयर इंडिया बिकने के बाद से ही निजीकरण रुका हुआ है।

भारत को एलन मस्क के नेतृत्व वाला डोज नहीं चाहिए बल्कि अधिक सावधानी से योजना बनानी होगी जैसे क्लिंटन प्रशासन में उप राष्ट्रपति अल गोर ने 1993 से 1996 तक किया था। उनके बजट अधिशेष के कारण सार्वजनिक कर्ज में बहुत कमी आई थी। चीन को 21वीं सदी के लिहाज से आधुनिक बनाने के लिए 1995-96 में तत्कालीन प्रधानमंत्री झू रोंग्जी के कार्यकाल में हुए प्रशासनिक सुधारों का भी अध्ययन किया जा सकता है।

लगातार वेतन आयोगों खासकर सातवें वेतन आयोग ने वेतन और पेंशन बहुत बढ़ा दिए, जिससे उच्च और निम्न वेतनमान में बहुत कम फर्क रह गया। इससे कम आय वाले सरकारी कर्मचारियों के वेतन भत्ते निजी क्षेत्र में उसी स्तर पर काम करने वालों की तुलना में बहुत ज्यादा हो गए। फिर सरकारी नौकरियों का इतना आकर्षण क्यों नहीं होगा? हाल में घोषित आठवां वेतन आयोग वेतन-पेंशन और भी बढ़ा देगा। जरूरी प्रशासनिक सुधारों के बगैर वेतन में यह बढ़ोतरी सरकारी खजाने को चोट ही पहुंचाएगी। सार्वजनिक व्यय में राज्यों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से ज्यादा है, इसलिए प्रशासनिक सुधार भी राज्यों मे होने चाहिए। बिगड़े हुए राज्यों में राजकोषीय अनुशासन लाना आसान नहीं है क्योंकि केंद्र की गारंटी होने के कारण अपने घाटे की भरपाई के लिए उन्हें भी उसी ब्याज पर कर्ज मिल जाता है, जिस पर अनुशासित राज्य पाते हैं। 16वें वित्त आयोग को भी उन प्रोत्साहनों पर अतीत के आयोगों से ज्यादा ध्यान देना चाहिए, जो राज्यों में राजकोषीय अनुशासन बढ़ा सकते हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## दैनिक पंचांग

**6 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**रविवार** 2025 वर्ष का 96 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081
**शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 19.24 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य अहोरात्र।
**योग** सुकर्मा 18.55 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 07.20 बजे तदनन्तर कौलव 19.24 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 07.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 28'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872306
**जूलियन दिन** 2460771.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल **तारीख** 07
**विशेष** श्रीराम नवमी, स्वामीनारायण जयंती, महातारा जयंती।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.15 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | वृष | 07.55 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.53 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.07 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.23 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.35 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.46 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.00 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.16 बजे से |
| | | मकर | 01.21 बजे से |
| | | कुंभ | 03.08 बजे से |
| | | मीन | 04.41 बजे से |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# राजकीय होम्योपैथिक औषधालय में चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** 30 मार्च से 01 अप्रैल की रात्रि में तिलैया डैम ओ०पी० अंतर्गत ग्राम कांटी स्थित राजकीय होम्योपैथिक औषधालय में अज्ञात चोरो के द्वारा छत पे लगे गेट के उपर रोड को तोड़कर चोरी की घटना घटित हुई थी। उक्त घटना का उद्भेदन एवं कांड में संलिप्त अपराधकर्मियो की गिरफ्तारी तथा साथ ही चोरी की गई सामानों की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक के द्वारा तिलैया डैम ओ०पी० प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर कांड का उद्भेदन कर घटना में संलिप्त दो अपराधियों की गिरफ्तारी की गई




तथा राजकीय होम्योपैथिक औषधालय से चोरी की गई सामानों को बरामद किया गया एंव अपराधियों द्वारा घटना में प्रयुक्त किये गये स्कूटी को जप्त किया गया है। इस संबंध में जयनगर थाना (तिलैया डैम ओ०पी०) कांड संख्य 75/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। जिसमे अरविन्द कुमार, उम्र करीब 27 वर्ष, पिता- लाखो महतो, सा०- ग्राम कांटी, थाना- तिलैया डैम ओ०पी०, जिला- कोडरमा, सुखदेव कुमार उर्फ विजय, उम्र करीब 25 वर्ष,पिता- स्व० बोधी महतो, सा०- ग्राम कांटी, थाना- तिलैया ओ०पी०, जिला- कोडरमा को गिरफ्तार किया गया। साथ ही ल्यूमिनस इनर्वटर, ल्यूमिनस इनर्वटर बेट्री, बजाज कम्पनी का एक पंखा, वोल्टास एयर कूलर, पगड़ी कम्पनी का एक स्टेपलाइजर, एक सफेद रंग का एक्टिवा स्कूटी संख्या- आरजे19क्यूएस 2566 को बरामद कर जप्त किया गया। जबकि छापामारी दल में पु०अ०नि० नवीन कुमार, प्रभारी तिलैया डैम ओ०पी०, स०अ०नि० रंजीत कुमार झा, तिलैया डैम ओ०पी शामिल थे।

## ग्रिजली किड्स में रामनवमी पूजा समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** गुमो सतपुलिया स्थित ग्रिजली पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग ग्रिजली किड्स में श्री राम जय राम, जय जय राम भजन के साथ राम नवमी कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सभी उपस्थित जनों ने मिलकर भगवान श्रीराम की आरती की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात, विद्यालय की प्राचार्या नीरजा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। एल.के.जी. कक्षा के वेदांत, दीत्या, कृदय, एकवीर, पुरुषोत्तम, जियान तथा यू.के.जी. कक्षा के शौर्य, ऋषभ, एकांक्षा एवं अभिराज ने मिलकर एक भव्य स्किट प्रस्तुत की। इस स्किट में बच्चों ने अपनी अद्भुत अभिनय प्रतिभा और समर्पण से दर्शकों का मन मोह लिया। यू.के.जी. कक्षा के रिद्धिमा चौधरी, रिद्धिमा, दिव्यम, रूद्र, सात्विक, धैर्य, खुशी, आरव चौधरी और आरव ने एक आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी। इसके




पश्चात तानया प्रकाश शाह ने अपनी मधुर आवाज में संगीतमय प्रस्तुति देकर वातावरण को और भी भावपूर्ण बना दिया। एल.के.जी. कक्षा के आरव वैद्य, शाम्भवि, वियांश, विहान, ईशान, अभीज्ञा, पृथ्वी प्रताप, रिशांत, रोनित, सुजल और चिराग ने रामायण आधारित पात्रों का अभिनय करते हुए रोल-प्ले एक्टिविटी में भाग लिया। इन नन्हे कलाकारों की प्रस्तुति ने सभी का मन जीत लिया। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या नीरजा ने रामनवमी के पावन पर्व का महत्व और भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी पौराणिक कथाओं को साझा किया। उन्होंने भगवान राम के आदर्शों और शिक्षाओं को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस सफल आयोजन में संयोजिका पूजा झा तथा शिक्षिका साक्षी, ईशा, डिंपल, तनु, पूनम, रिशू, खुशबू, जिज्ञासा, सुनीता तथा सभी प्रशासनिक कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## रामनवमी को लेकर तिरूलडीह थाना क्षेत्र में निकाला गया फ्लैग मार्च



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** रामनवमी पर्व को लेकर सरायकेला जिले के तिरूलडीह थाना क्षेत्र के ग्राम कूदा, सिरकाडीह एवं चौड़ा में शांति और सौहार्द्र बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने किया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि रामनवमी जैसे धार्मिक पर्वों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों या असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

फ्लैग मार्च के जरिए प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस तैयार है और क्षेत्र में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

## बोड़ाम में शहीद रामलाल महतो का मनाया गया शहादत दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** बोड़ाम ब्लॉक रोड़ स्थित शहीद रामलाल महतो के प्रतिमा स्थल पर 17 वा शहादत दिवस मनाया जाएगा।इस दौरान उपस्थिति सभी अतिथियों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री किशन लाल महतो ने बताया कि उनके शहादत दिवस के अवसर पर उपस्थित अतिथियों के हाथों स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री वितरण किया गया।वही कांग्रेस पार्टी के समर्पित स्वर्गवासी कांग्रेसियों के एक एक परिजनों को सम्मानित किया गया। शहादत दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के अशोक कुमार चौधरी जोनल कोडिनेटर झारखंड, विशिष्ट अतिथि खगेन चंद्र महतो प्रदेश सचिव कांग्रेस, सम्मानित अतिथि राजकिशोर यादव, शहनवाज खान, उषा सिंह, अपर्णा गुहा, मृत्युंजय महतो, शिशुपाल महतो, झामुमो नेता काजल सिंह, विनय मंडल सहित कई लोग शामिल हुए। बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार महतो ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के शहीद रामलाल महतो के पुण्यतिथि पर पटमदा ओर बोड़ाम दोनों प्रखंड से कार्यकर्ता उपस्थित हुए। वही कार्यक्रम का शुभारंभ पूजापाठ, भजन कीर्तन सहित कई अनुष्ठान के साथ संपन्न हुआ।

## खूंटी में छह को निकलेगी रामनवमी की मुख्य शोभायात्रा, तैयारियां पूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर खूंटी में छह अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रामनवमी को केंद्रीय रामनवमी समिति ने पूरी तैयारी कर ली है। त्योहार को लेकर प्रशासनिक तैयारी भी पूरी हो चुकी है। श्रीरामनवमी महोत्सव को लेकर रविवार को जिला मुख्यालय खूंटी सहित जिले के सभी प्रखंडों और गांवों में शोभायात्रा निकाली जाएगी। केंद्रीय रामनवमी महासमिति खूंटी के नेतृत्व में शहर में निकाली जानेवाली रामनवमी शोभा यात्रा को धूमधाम एवं भव्य तरीके से निकालने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसे लेकर शहर के प्रमुख चौक चौराहों सहित अन्य मार्गों को महावीरी झंडो-पताका और फ्लैक्स से पाट दिया गया है। दूसरी ओर रामनवमी के मद्देनजर जिला पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा रामनवमी शोभा यात्रा के मार्गों का सत्यापन कर संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। शोभायात्रा की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पूरे जिले को 12 जोन में बांटकर सभी प्रखंडों में 97 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके तहत जिला मुख्यालय समेत सदर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में 31 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा तीन क्यूआरटी एवं जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की अफवाह फैलाने और शांति भंग करने का प्रयास करने वालों की पहचान करने, सोशल मीडिया पर नजर रखने और शोभा यात्रा की वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा पेयजल, बिजली व्यवस्था, एंबुलेंस एवं मेडिकल टीम की व्यवस्था के साथ ही अग्निशमन वाहन की तैनाती का भी निर्देश जारी किया गया है। रामनवमी के मद्देनजर छह अप्रैल को जिले के सभी शराब दुकानों को बंद रखने का भी निर्देश दिया गया है। रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर 6 अप्रैल रविवार को नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य पथ में दोपहर दो बजे से शोभा यात्रा की समाप्ति तक छोटे-बड़े वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी।

## अब्दुल हमीद 60 सालों से सिलते आ रहे है रामनवमी का झंड़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** धर्म के नाम पर जब समाज में दीवारें खड़ी करने की कोशिशें हो रही हों, तब कोडरमा के अब्दुल हमीद जैसे लोग सच्चे भारत की तस्वीर पेश करते हैं- जहां परंपरा, मेहनत और इंसानियत सबसे ऊपर होती है। 75 वर्षीय अब्दुल हमीद पिछले 60 वर्षों से रामनवमी के महावीर झंडे सिलते आ रहे हैं,और उनके हाथों से तैयार हुआ हर भगवा झंडा सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बन चुका है। मैं हनुमान जी का कारीगर हूं, यह कहते हुए अब्दुल हमीद की आंखों में गर्व झलकता है। वे कहते हैं, धर्म सबका अलग हो सकता है, लेकिन मेहनत की पूजा सबके लिए एक जैसी होती है। झुमरी तिलैया के स्टेशन रोड पर अपनी दुकान चलाने वाले अब्दुल हमीद



अब भी पूरे समर्पण से इस परंपरा को जिंदा रखे हुए हैं,जिसे उनके दादा और पिता ने शुरू किया था। हर साल रामनवमी से लगभग दो महीने पहले अब्दुल हमीद झंडे बनाना शुरू कर देते हैं। इसके लिए वह गया से कपड़ा लाते हैं और खुद अपने हाथों से एक-एक झंडा सिलते हैं। उनके झंडों की मांग केवल कोडरमा तक सीमित नहीं, बल्कि चतरा,गया, चौपारण और इटखोरी जैसे इलाकों से भी लोग उन्हें ऑर्डर देते हैं। बताते चले कि रामनवमी के समय चौक पर वह एक अस्थायी दुकान लगाते हैं, जहां 50 से 100 रुपये तक के झंडे उपलब्ध होते हैं। दूर-दूर से श्रद्धालु उनके बनाए हुए झंडे लेने आते हैं। सिलाई उनके लिए कोई महज पेशा नहीं, बल्कि आस्था से जुड़ा जीवनपथ है। वह आज भी बेटे से एक पैसा नहीं लेते, क्योंकि उनका मानना है कि जितनी सांसें बाकी हैं, मेहनत करता रहूंगा। अब्दुल हमीद आज जब यह कहते हैं कि त्यौहार अब राजनीति का हिस्सा बनते जा रहे हैं, तो उसमें एक बड़ी चेतावनी छुपी है। वे साफ कहते हैं कि लोगों को नेताओं के बहकावे में नहीं आना चाहिए। वह सिर्फ झंडे नहीं सिलते, बल्कि एकता की डोर को मजबूत करते हैं, हर टांके के साथ।

## एक नजर

### लक्ष्मी नारायण विद्यापीठ को प्राप्त हुआ मान्यता

**कोडरमा :** प्रखंड के घाघडीह स्थित लक्ष्मी नारायण विद्यापीठ को निः शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 तहत के मान्यता मिल गया है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक रामविलास यादव व प्रचार्य सूर्यदेव यादव ने बताया कि निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत लक्ष्मी नारायण विद्यापीठ का कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के लिए विभागीय शर्तों के अनुसार औपबंधित रूप से मान्यता मिल गई है । जिसका विद्यालय का आवंटित मान्यता कोड एलिमेंट्री 014 है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास शहरों तक सीमित सीबीएसई बोर्ड की शिक्षा को गांव तक पहुंचाने का है और लगातार इस दिशा में प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विद्यालय खोलने का उद्देश्य आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक विकास है। शिक्षा के क्षेत्र में समाज को विकसित बनाना है, बच्चों की प्रतिभाओं को निखारना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में शैक्षणिक पाठ्यक्रम पूरा करने के साथ-साथ कंप्यूटर ,खेलकूद एंड एक्टिविटी की शिक्षा की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए स्कूल बस की व्यवस्था है। सरकार की गाइडलाइन पर गरीब रेखा से नीचे बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। विद्यालय के मान्यता प्राप्त होने पर विद्यालय परिवार के अलावा आसपास के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### मधुमक्खियों के हमले से बीस से अधिक बच्चे घायल

**लातेहार :** जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत सासंग मध्य विद्यालय के 20 से अधिक बच्चे मधुमक्खियों के हमले से घायल हो गए। घायल बच्चों को इलाज के लिए चंदवा अस्पताल लाया गया है। जहां बच्चों का इलाज किया जा रहा है। घायल बच्चों में एक बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय के दूसरे तल्ले पर मधुमक्खियां छत्ता बना ली थी। शनिवार को विद्यालय में बच्चे पौधों को पानी दे रहे थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियां आक्रामक हो गई और बच्चों पर हमला कर दिया। इस दौरान 20 से अधिक बच्चों को मधुमक्खियों ने काट लिया। वहीं दो शिक्षकों को भी मधुमक्खियों ने काटा। इस घटना के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। बच्चे किसी प्रकार स्कूल के कमरों में भाग कर अपनी जान बचाई। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से तत्काल एंबुलेंस भेजा गया जिससे घायल बच्चों और शिक्षकों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर नीलिमा और डॉक्टर मनोज कुमार की ओर से घायलों का इलाज किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हुआ है। शेष अन्य बच्चे की स्थिति खतरे से बाहर है।

### शहीद विश्वनाथ सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**पलामू :** पलामू के तरहसी प्रखंड के टंडवा नौगढ़ में शहीद विश्वनाथ सिंह के 30वें शहादत दिवस पर शनिवार को उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण चतरा के सांसद कालीचरण सिंह और पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता एवं नौगढ़ मुखिया विजय शंकर पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। उल्लेखनीय है कि शहीद जवान विश्वनाथ सिंह 27 मार्च 1996 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुये शहीद हो गये थे। नौगढ़ मुखिया विजय शंकर पाण्डेय की सक्रियता से पांकी विधायक ने अपने कोटे की राशि से शहीद की प्रतिमा स्थापित कराई। मौके पर सांसद ने कहा कि अमर जवान विश्वनाथ सिंह जैसे बहादुर सैनिकों की वजह से हमारा देश सुरक्षित है और हम चैन की नींद सो पाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वनाथ सिंह की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता।

## संक्षिप्त खबरें

### टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया



**कोडरमा :** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में कोडरमा की टिकट चेकिंग दस्ता कोडरमा- गया रेलखंड में सुनियोजित कार्यक्रम के तहत विशेष जांच अभियान चलाया गया। जिसमें बिना टिकट या अनुचित टिकट के साथ यात्रा कर रहे कुल 46 यात्रियों को पकड़ा गया इस दौरान उनसे 24 हजार 840 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में यह जारी रहेगी। इस तरह के जांच अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### सेवा भारती के जिला संयोजक की माताजी का हुआ निधन

**झुमरीतिलैया :** स्वयंसेवी संस्था सेवा भारती कोडरमा के जिला संयोजक गौरव कुमार की माताजी विधा देवी पति सुरेश प्रसाद (एलआईसी) का 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बताते चले कि विधा देवी काफी समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थी।इसी दौरान बिगत 25 दिन पहले गिरने की वजह से उनका कुल्हा टूट गया था। और अचानक उनकी मौत हो गई। विधा देवी अपने पीछे पति चार पुत्री एक पुत्र सहित नाती पोते से भरा परिवार को छोड़कर देवलोक को प्रस्थान कर गई। उनके निधन से उनके चाहने वाले उनके ताराटांड़ स्थित आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना दिए। वही सेवा भारती के प्रांतीय तथा स्थानीय कार्यकर्ताओं सहित कई सामाजिक और राजनीतिक दल के लोगों ने भी शोक संवेदना जाहिर किया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय काली मंदिर के पीछे मुक्तिधाम में किया गया। वहीं मुखाग्नि उनके एकलौते पुत्र गौरव कुमार ने दी।

### अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का कदाचार मुक्त आयोजन



**कोडरमा :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन 05 अप्रैल 2025 को झुमरी तिलैया के मॉडर्न पब्लिक स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल में कदाचार मुक्त आयोजित किया गया। इस परीक्षा में पंजीकृत 732 छात्रों में से 708 छात्र कक्षा 6 एवं 9 के लिए शामिल हुए। जिसमे मॉडर्न पब्लिक स्कूल के केंद्र पर 347 छात्र एवं डीएवी पब्लिक स्कूल के केंद्र पर 361 छात्र शामिल हुए। इस परीक्षा के लिए कैपिटल यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ प्रमोद कुमार को मॉडर्न पब्लिक स्कूल का प्रेक्षक नियुक्त किया गया था एवं अनिल कुमार साहू को डीएवी पब्लिक स्कूल का प्रेक्षक नियुक्त किया गया था। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर शैलेन्द्र कुमार सिटी कोऑर्डिनेटर सह प्राचार्य मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने बताया की दोनों परीक्षा केंद्रों पर सेंटर सुपरिंटेंडेंट राहुल मिश्रा मॉडर्न पब्लिक स्कूल एवं कृष्णा कुमार सिंह डीएवी पब्लिक स्कूल के नेतृत्व में कदाचार मुक्त परीक्षा का आयोजन सफलता पूर्वक कर लिया गया है। इस परीक्षा के सफल आयोजन में दोनों विद्यालय के शिक्षकों, जिला पुलिस बल का योगदान सराहनीय रहा।

### स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल किया गया घोषित




**झुमरीतिलैया :** असनाबाद स्थित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूलमां वैष्णो देवी नगर में सत्र 2024 –25 का वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई फिर सबों ने मिलकर मां सरस्वती की वंदना की। विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य सूरज कुमार ने बताया कि आज का दिन आप सभी बच्चों के लिए काफी विशेष और महत्वपूर्ण है,आज आप सबों को अपना वार्षिक परीक्षा फल मिलेगा जो कि आपके पूरे वर्ष भर की मेहनत को प्रदर्शित करेगा। साथ ही आपने जो मेहनत और अनुशासन के साथ वर्ष भर में हासिल किया है, उसका परिणाम आज आप सबों को दिया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों में काफी उत्साह और उमंग देखने को मिली। तत्पश्चात सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड के साथ–साथ पुरस्कार दिया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी में रचना, शिवांश और अयांश ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार हासिल किया। ठीक उसी प्रकार वर्ग एल के जी में आरती, सोनाली, वंश वर्ग यूकेजी में हिमांशु, रणवीर, गुड़िया वर्ग प्रथम में नित्या, लक्ष्मी, शालिनी कक्षा द्वितीय में रिया, इशिका, अंकित कक्षा तृतीय में माइकल, दिवाकर, शुभम कक्षा चतुर्थ में उत्कर्ष,निक्की, प्रिया अनुराग कक्षा पंचम में अंजलि, जानवी, अंकित कक्षा छह में सोनल, प्रसन्न राज, रौशन कक्षा सप्तम में वंशिका,यीशु,अक्षय ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण के पश्चात शिक्षक ऋषि राज ने बच्चों को और अधिक लगन एवं मेहनत के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।

### डोडा तस्करी का फरार आरोपित रांची के पंडरा से गिरफ्तार

**खूंटी :** सायको के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने रांची के पंडरा थाना क्षेत्र में छापामारी कर डोडा के अवैध व्यापार के आरोपित किशन साव को गिरफ्तार कर लिया। वह हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र के धनवार गांव का रहने वाला है और पिछले दो वर्षों से फरार था। पुलिस अवर निरीक्षक प्रभात रंजन पांडेय ने शनिवार को बताया कि 21 जुलाई 2023 को सायको थाना क्षेत्र में अफीम डोडा का अवैध परिवहन करते पिकअप वाहन (जेएच 01बीबी 5325) और (जेएच 02एसी 4058 )को पकड़ा गया था। इसको लेकर वकील साव के खिलाफ सायको को थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। छापेमारी दल में अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक प्रभात रंजन पांडेय, सहायक अवर निरीक्षक राजेंद्र महतो, सहायक अवर निरीक्षक रौशन बाड़ा और रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

# रामनवमी के अवसर पर संचालित जिला नियंत्रण कक्ष का उपायुक्त व एसपी ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण, सौहाद्रपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की आवश्यक एवं ऐहतियातन तैयारी की गई है। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय स्थित संचालित जिला नियंत्रण कक्ष का उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले की पल पल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष शनिवार से सोमवार तक लगातार 24 घण्टे कार्य कर रहे हैं। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 9262998612 है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन है। जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे तीन शिफ्टों में कार्यरत हैं। सभी शिफ्टों में पर्याप्त संख्या में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम, वज्रवाहन, अग्निशमन, आदि की तैनाती की गई है। अग्निशामक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अग्निशाम दस्ता को हर समय तैयार रखेंगे, ताकि आपात स्थिति में ससमय नियंत्रण किया जा सके। उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया पर झूठी,भ्रामक एवं अफवाह फैलाने वाली खबरों पर नजर रखे। इसको लेकर जिला साइबर सेल एंव सोशल मीडिया टीम को 24 घंटे सक्रिय रहकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने एवम ऐसे असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध कड़ी करवाई करने का निर्देश दिया है।



## एक नजर

### चौकीदार नियुक्ति के लिए शारीरिक जांच व दौड़ कल से



**साहिबगंज:** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच एवं दौड़ की तैयारी की समीक्षा की गई।उपायुक्त ने जानकारी दी कि चयन प्रक्रिया का अगला चरण 07 अप्रैल, 2025 से 12 अप्रैल, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। यह दौड़ प्रतिदिन सुबह 06:00 बजे से सिद्धो-कान्हू स्टेडियम स्थानीय स्तर पर संपन्न होगा। शारीरिक दक्षता परीक्षण में शामिल सभी अभ्यर्थियों को समय पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। बैठक में उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उनके-उनके कार्यों का आवंटन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी को सौंपे गए दायित्वों को गंभीरता से निभाने का निर्देश दिया गया है।

### सिद्धो-कान्हू जन्मदिवस की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**साहिबगंज:** आगामी 11 अप्रैल को सिद्धो-कान्हू जन्म दिवस के अवसर पर भोगनाडीह में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों की समीक्षा की गई। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में बैठक की गई, जिसमें आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध एवं सुनियोजित ढंग से सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत और ठहराव की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही उन्होंने आयोजन स्थल पर लगाए जाने वाले स्टॉल, मंच, बैठने की व्यवस्था एवं जनसुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी, सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बंता पंचायत भवन में झालसा का डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** झालसा के द्वारा न्यायायुक्त के निर्देश पर सिल्ली प्रखण्ड के बंता पंचायत भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया जागरूकता कार्यक्रम में पीएलवी शंकर महतो, कौशल्या देवी, ब्रजेश कुमार महतो, बंशीधर महतो, सुनील कुमार महतो, राजकुमार, पंकज कुमार महतो एवं बंशीधर घटवार उपस्थित थे। पीएलवी शंकर महतो ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में जानकारी दी। वही कौशल्या देवी ने ग्रामीणों को झालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया। ब्रजेश कुमार महतो ने पीड़ित मुआवजा के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। डायन बिसा के बारे में भी उन्होंने बताया, उन्होंने कहा कि डायन बिसाही के मामले में एक दूसरे की हत्या करना गलत है। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बंशीधर महतो, सुनील कुमार महतो एवं राजकुमार ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा पीएलवी ने घर-घर जाकर लोगों के समस्या को सुना तथा पीड़ित मुआवजा के बारे में भी विस्तार से बताया। राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित वादों को निबटारा पर जोर दिया। ज्ञात हो कि 10 मई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में झालसा के पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। शंकर महतो ने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं।

## क्षेत्र के जनता के सुख-दुःख में हमेशा साथ खड़ी रहूंगी : निसात आलम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में शनिवार को पाकुड़ विधानसभा विधायिका निसात आलम ने सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत के उदयनारायणपुर ग्राम विक्रमपुर, लड्डूपड़ा, झिकरहटी पश्चिम, रहमतपुर बागान आदि गांव का दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू हो ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। निसात आलम ने अपने संबोधन में कहा की पाकुड़ विधानसभा से चुनाव में हमें प्रचंड वोट से जीत दिलाने में आपकी बहुत बड़ी भागीदारी है। यहां तक कि अपने राज्य में सबसे ज्यादा वोटों से जीता कर इतिहास रचने का काम किया है। जिसके लिए हम आपको तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। आपने जो प्यार, स्नेह, समर्थन और विश्वास जताने का काम किया है उसके लिए मैं आपके सुख-दुःख में हमेशा आपके साथ खड़ी रहूंगी। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम जब भी रांची से अपने आवास आते थे तो क्षेत्र का भ्रमण करते थे और लोगों की समस्या से रूबरू होते थे। मैं भी उन्हीं के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए जब भी आवास आती हूं तो किसी न किसी क्षेत्र में आप लोगों का स्नहे - प्यार, सुख - दुख बांटने आपके समक्ष चली आती हूं। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, देबू विश्वास, मिजार्हान विश्वास, रामविलास महतो, आनारूल शेख, जमीरुल अंसारी, सागर शेख सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भारत के प्रथम सेनानी क्रांतिवीर रघुनाथ महतो की 247वीं शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत झिमड़ी ग्राम में क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो स्मृति समिति झिमड़ी की ओर से चुआड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो की 247 वीं शहादत दिवस मनायी गयी। झिमड़ी स्थित सोनाडूंगरी में क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में कवि सह झूमर सम्राट गोविंद लाल महतो एवं महिला संप्रदाय ने मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदिवासी कुड़मि समाज के प्रदेश अध्यक्ष पद्मलोचन महतो ने कहा कि जब ब्रिटिश सत्ता पूरे देश में अपने कदम जमा रही थी, तब क्रांतिवीर रघुनाथ महतो ने चुआड़ विद्रोह के माध्यम से उन्हें कड़ी चुनौती दी । गुरिल्ला युद्ध कला में निपुण इस वीर योद्धा ने जंगलमहल क्षेत्र में अंग्रेजों के विरुद्ध सशक्त आंदोलन खड़ा किया। 1774 में क्रांतिवीर के विद्रोहियों ने किंचुग परगना (सरायकेला-खरसावां) के मुख्यालय में पुलिस फोर्स को घेर कर मार गिराया। उनके साहसिक कार्यों से अंग्रेज भयभीत हो गए और अंग्रेजों ने इस क्षेत्र में अपना अधिकार करने का विचार छोड़ दिया। शहादत दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पण कर उनके बलिदान को नमन करते हैं। इसलिए झारखंड सरकार से मांग है कि इनकी जयंती एवं शहादत दिवस पर सरकारी छुट्टी घोषणा करें और वीर शहीद की गौरवगाथा को इतिहास विषय पर समुचित स्थान देने का काम करें। उन्होंने फिर कहा कि 21 मार्च 1738 को हमारे ही नीमडीह प्रखंड के अंतर्गत रघुनाथपुर के समीप घुंटियाडीह ग्राम में जन्मे क्रांतिवीर रघुनाथ महतो विद्रोह के दौरान लड़ते-लड़ते 5 अप्रैल 1778 को सिल्ली के लोटा गांव के 'गढ़तैंतेइर' में अंग्रेजों के गोली से वीरगति प्राप्त हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने मे ग्राम प्रधान बासुदेव महतो, ग्राम प्रधान किशनडीह भारत महतो, पंचायत समिति पद्मलोचन महतो, गुहिराम महतो, गणेश चन्द्र महतो, फाल्गुनी महतो, साहेबराम महतो, शगुन महतो, भोलानाथ महतो आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


## चैती दुर्गा मंदिरों में महाअष्टमी पूजन के लिए श्रद्धालुओं की उमडी भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** चैत्र नवरात्री का आज महाअष्टमी के पावन अवसर पर अहले सुबह चार बजे से ही शहर के भारतीय कला मंदिर सकरूगढ़ चैती दुर्गा पूजा समिति, रसूलपुर दहला चैती दुर्गा पूजा समिति, जीरवाबाड़ी तुरी टोला वैष्णव दुर्गा मंदिर, चौक बाजार दुर्गा मंदिर, गैलेक्सी मैदान मिजाचौकी, बिन्दुवासिनी मंदिर सहित चैती दुर्गा मंदिरों में पूजा अर्चना करने, अष्टमी डाला भरने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महिला,पुरुष पुलिस बल, मजिस्ट्रेड की तैनाती की गई है। श्रद्धालु सप्तमी पूजा से दशमी पूजन तक शहर के चार चैती दुर्गा पूजा समिति में घूम घूम कर मेला का आनंद ले रहे है। सभी पूजा समिति ने आकर्षक विद्युत साज सज्जा, पंडाल निर्माण, आकर्षक प्रतिमा का स्थापना किया है, जो भक्तों को अपनी और आकृषित कर रहा है। कल मंदिरों में महानवमी पूजन अहले सुबह से होगा, रामनवमी, बजरंगबली का ध्वजा पूजन होकर चढ़ेगा, हवन, कुंवारी कन्या पूजन होगा उसके उपरांत भोग का वितरण होगा।

## कलश यात्रा के साथ हुआ सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तालझारी प्रखंड क्षेत्र के मसकलैया में सात दिवसीय भगवत कथा के शुभारंभ से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा। जिसके बाद देर शाम कथा का आयोजन किया गया। शनिवार को सात लाइन मसकलैया में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रारंभ से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।कलश यात्रा का शुभारंभ तालझारी थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे ने किया। कलश यात्रा सुखसेना गंगा घाट जल भर कर मसकलैया के मुख्य सड़क मार्ग से गुजरते हुए फतेहपुर, बालापोखर, होते हुए मंडप कथा स्थल पर जा कर संपन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान सैकड़ो महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर अपने सर पर कलश लेकर चल रहीं थीं। कार्यक्रम के अध्यक्ष नरेश मंडल ने बताया कि कथावाचक आचार्य दिवाकर महाराज वृन्दावन के द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया जा रहा है कथा का समापन शुक्रवार को किया जाएगा। कथा का श्रवण प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से 11:00 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने के लिए क्षेत्र के अनेकों गांव से श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। मौके पर समिति के अध्यक्ष नरेश मंडल, उपाध्यक्ष सुरेश मंडल, सचिव राजेंद्र मंडल, उपसचिव बिरला मंडल, संयोजक-पिंकू स्वर्णकार, छोटन साह, मिडिया प्रभारी - मिथुन मंडल, कोषाध्यक्ष -पिताम्बर मंडल, उपकोषाध्यक्ष गोकुल मंडल, सदस्य कुणाल महतो,रोहन पंडित, नितीश पासवान, कपिल मंडल, इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

## जलापूर्ति एवं बिजली की समस्या को तत्काल ठीक करायें : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में विधायक निसात आलम ने सर्किट हाउस सभागार में जलापूर्ति एवं बिजली की समस्या को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। विधायक ने खराब पड़े सभी जलमीनार को शीघ्र मरम्मति करने का निर्देश पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को दिया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि एक माह के अंदर सभी जलमीनारों को ठीक कर दिया जाएगा। साथ ही चापानल के लिए तीन टीम लगातार कार्य कर रही है जहां सूचना मिलती है। वहां का चापानल तुरंत ठीक किया जा रहा है। विधायक द्वारा चापानल मरम्मती के लिए सभी आवश्यक सामग्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वही प्रशासक, नगर परिषद को निर्देश दिया गया की आवश्यकतानुसार तत्काल पांच टैंकर एवं एक ट्रैक्टर जिला प्रशासन की मदद से क्रय कर तत्काल रूट लाइनिंग बनाकर सभी वार्डों में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी खराब चापाकल की मरम्मति के लिए विशेष टीम बनाकर कार्य करायें। सप्लाई वाटर के लिए कनेक्शन हेतु सभी आवश्यक सुविधा सुनिश्चित की जाए। माननीय विधायक ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि बिजली से संबंधित सूचना प्राप्त होते ही नियमानुसार तत्काल ठीक करायें तथा जले हुए ट्रांसफार्मर को बदला जाना तथा तार बदलने आदि का रोड मैप तैयार कर निर्धारित समय सीमा के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता राहुल श्रीवास्तव, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी के सभी अभियंता एवं विद्युत विभाग के अभियंता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी और चैत्र नवरात्र के शांति एवं विधि व्यवस्था के सफल हेतु हुई बैठक



**साहिबगंज:** राजमहल प्रखंड सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो की अध्यक्षता में रामनवमी और चैत्र नवरात्र के शांति एवं विधि व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी दंडाधिकारी के साथ बैठक की गई। उन्होंने उपस्थित दंडाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर पूरी मुस्तैदी के साथ रहेंगे, प्रशासन की आंख बन कर आसपास की सभी गतिविधि पर पैनी नजर रखते हुए खैरियत प्रतिवेदन समय पर अपने थाना अंतर्गत अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को देंगे। वही रामनवमी की पूर्व संध्या पर फ्लैग मार्च और रूट का भी जांच संयुक्त रूप से अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को करने का निर्देश दिया। बैठक में भूमि उप समाहर्ता विमल सोरेन, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उधवा जयंत कुमार तिवारी, अंचलाधिकारी तालझारी राम सुमन प्रसाद, थाना प्रभारी राजमहल गुलाम सरवर, थाना प्रभारी राधानगर अमर कुमार मिंज, बीपीओ गगन बापू सहित सभी दंडाधिकारी उपस्थित थे।

### बजरंग दल ने रामनवमी शोभायात्रा निकाला



**साहिबगंज:** शनिवार को बजरंग दल के तरफ से शोभा यात्रा निकाली गई। पूरे नगर वासियों को बजरंग दल की ओर से रामनवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। यह शोभा यात्रा बजरंग दल के जिला अध्यक्ष करण सिंह यादव के नेतृत्व में निकाला गया। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष ने बताया कि इस शोभा यात्रा में शहर वासियों का बहुत सहयोग मिला एवं प्रशासन का भी सहयोग मिला। यह शोभा यात्रा सनातन धर्म को एकजुट की तरह लेकर जाने का एक छोटा प्रयास था और इसे सफल बनाने में जितने भी लोग आए थे सभी को दिल से धन्यवाद बजरंग दल के परिवार के तरफ से दिया गया। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष ने बताया कि वह बजरंग दल के परिवार के लिए हमेशा खड़ा थे और आगे भी खड़ा रहेंगे। यह शोभा यात्रा मां तारा मंदिर से प्रारंभ किया गया, चौक बाजार, बाटा रोड, स्टेशन चौक, ग्रीन होटल, पूर्वी फाटक होते हुए एसडीओ कोठी, बिजली घाट, होते हुए मोनी बाबा मंदिर में समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बजरंग दल से अभय पांडे, नगर संयोजक अभिषेक चौरसिया, जिला मंत्री पीयूष शुक्ला, अमन कुमार, आदित्य कुमार, सुमन यादव, नितेश यादव, आयुष यादव, गौरव पासवान, रवि यादव, मनीष पहलवान, आदि मौजूद थे।

### सेवानिवृत्ति पर सीआरपी को दी गई विदाई



**साहिबगंज/पतना:** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बड़ा दिग्घी में विद्यालय परिवार की ओर से सीआरपी खुदीराम साहा के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सामान समारोह का आयोजन हुआ। इस क्रम में शिक्षकों ने उन्हें साल उठाकर व गुलदस्ता देकर विदाई दी। जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्ति खुदीराम साहा ने सीआरपी के रूप में 22 नवंबर 2005 को बरहेट प्रखंड में अपना योगदान दिया था व पतना के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बड़ा दिग्घी से बीते 31 मार्च को सेवानिवृत्ति हुए। वही विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यपिका पूनम मरांडी ने बताया कि वह अपने कार्यकाल में सराहनीय व इमानदारी पूर्वक कार्य किए। उन्होंने उनकी उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। वहीं शिक्षक उत्तम सरकार ने कहा कि समिति संसाधनों में भी संकुल को विद्या का केंद्र बनाने में अहम योगदान रहा है। शिक्षक वीरेंद्र साहा ने कहा कि वह पूरी ईमानदारी व कला योग कौशल में भी निपुण थे। मौके पर सीआरपी राजवंश कुशवाहा, शिक्षक नीरज कुमार, विशु मुर्मू, सिया सुमन, रंजू कुमारी, अजीत कुमार घोष, देव यादव, कन्हाई सरकार, राहुल भगत व अन्य शामिल थे।

### अवैध रूप से चोरी कोयला परिवहन करते तीन भटभटिया वाहन जब्त



**पाकुड़ :** ज़िले के मुफासिल थानान्तर्गत शुक्रवार की रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर कालिदासपुर-धारसुड़ी रोड में धारसुड़ी गाँव के पास अवैध रूप से चोरी के कोयला का परिवहन करते हुए तीन भटभटिया वाहन को विधिवत जप्त किया गया। जब्त तीनों वाहन के चालक क्रमश इनजमाम उल हक, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता अली हुसैन, ग्राम नया पलासबोना, थाना कोटालपोखर अब्दुल अजीद, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता अमजद शेख, ग्राम नया पलासबोना, थाना कोटालपोखर असीम अकरम, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता जहीरूद्दीन शेख, ग्राम हरिहरा, थाना बरहरवा, सभी जिला पाकुड़ को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पाकुड़ (मु०) थाना काण्ड संख्या 91/2025, दिनांक 05.04.2025, धारा 303(2)/305(ी)/317(5)/3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 30 (ं) कोल माईन्स एक्ट के अन्तर्गत काण्ड दर्ज किया गया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। काण्ड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।

# गर्वनर आरिफ बोले-वक्फ की संपत्ति पर गैर-मुस्लिमों का भी हक

## बिहार के राज्यपाल ने कहा-पटना में वक्फ की कई संपत्तियां, एक भी अनाथालय-अस्पताल खुला क्या

**पटना।** बिहार के राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान ने वक्फ बिल का समर्थन किया है। वक्फ की संपत्तियां अल्लाह की मानी जाती हैं। इसका इस्तेमाल गरीबों, जरूरतमंदों और जनहित के लिए होना चाहिए। गैर मुस्लिमों का भी वक्फ की संपत्तियों में बराबर का हक है। राज्यपाल ने कहा कि, 'भारत लोकतांत्रिक देश है। प्रोटेस्ट करने का अधिकार है। हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है। जब मैं यूपी में मंत्री था तब वक्फ विभाग मेरे पास ही था। हर समय मुझे ऐसे लोगों से मिलना पड़ता था, जिनके संपत्ति के मामले चल रहे थे।' गवर्नर ने कहा कि, 'इसमें बहुत सुधार की जरूरत थी। यह वक्फ संशोधन विधेयक इसी दिशा में एक कदम है।' गवर्नर पटना में पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम की 118वीं जयंती पर राजकीय



समारोह में पहुंचे थे। फकीर और मिस्कीन दोनों के लिए है वक्फ का हक राज्यपाल ने कुरान की आयत का उल्लेख करते हुए कहा कि 'इसमें दो प्रकार के जरूरतमंदों- फकीर(मुस्लिम) और मिस्कीन (गैर मुस्लिम) का जिक्र किया गया है। इसका अर्थ है कि वक्फ से लाभान्वित होने का अधिकार हर जरूरतमंद को है। धर्म के आधार पर नहीं। पटना में वक्फ की बहुत प्रोपर्टी है, लेकिन आप मुझे बताइए कोई एक संस्था है जो गरीब के लिए काम कर रही है। सिर्फ आपस में मुकदमे बाजी हो रही है । वैधता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि वक्फ की अवधारणा को मुस्लिम देशों में भी कभी गैर-इस्लामी माना गया, लेकिन 1913 में मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा पेश एक्ट ने इसे वैधता दी। अब आप बताइए, इसकी दिशा क्या होनी चाहिए।' पहले भी वक्फ पर उठा चुके हैं सवाल इससे पहले 3 अप्रैल को बिहार के राज्यपाल ने यूपी दौरान के कहा था कि,'मैं कुछ समय तक यूपी में वक्फ मंत्रालय में रहा था। मैंने केस के अलावा कुछ नहीं देखा। 1980 में मुस्लिम महिला सुरक्षा अधिनियम पारित हुआ।' इसमें कहा गया था कि 'अगर तलाकशुदा महिला की देखभाल करने वाले कोई नहीं है तो उसे वक्फ बोर्ड की तरफ से भत्ता दिया जाएगा। दो साल बाद मैंने संसद में पूछा कि वक्फ बोर्ड ने क्या प्रावधान किया है और तलाकशुदा महिला को भत्ते के रूप में कितने राशि दी जाती है।'
केरल में राज्यपाल रहने के दौरान आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन आपस में भिड़ते रहे हैं। एक बार गवर्नर खान ने आरोप लगाया कि राज्य में स्मगलिंग करने वालों को उट ऑफिस से संरक्षण मिल रहा है।इसके साथ ही उन्होंने कहा था- मुझ पर मुख्यमंत्री आरोप लगा रहे हैं कि मैं विश्वविद्यालय के पदों पर फ्रर के लोगों की भर्ती करना चाहता हूं। अगर एक भी ऐसा उदाहरण मिलता है तो मैं इस्तीफा दे दूंगा।तत्कालीन राज्यपाल खान के खिलाफ केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। विजयन सरकार ने गवर्नर पर आरोप लगाया था कि वे उनके कई बिलों को मंजूरी नहीं दे रहे, जबकि इन बिलों को विधानसभा पास कर चुकी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर 2023 को गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान के ऑफिस को नोटिस दिया था। आर्लेकर के बयान पर खूब सियासी बयानबाजी हुई थी तीन दिन पहले राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गोवा में कहा था- 'ब्रिटिश शासकों ने सत्याग्रह के कारण नहीं, बल्कि भारतीयों के हाथों में हथियार देख कर भारत छोड़ा था। उन्हें एहसास हो गया था कि भारत के लोग आजादी के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।' पिछले सप्ताह शुक्रवार को गोवा में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ये बयान दिया है। राज्यपाल आर्लेकर में यह भी कहा था कि 'ब्रिटिशर्स ने एक कहानी गढ़ने की कोशिश की। लेकिन सच्चाई यह है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम हथियारों के बिना नहीं लड़ा गया। अंग्रेज सत्याग्रह के कारण भारत नहीं छोड़कर गए।'

# बच्चों के सामने पति को पिलाया जहर

**समस्तीपुर।** शुक्रवार को पत्नी ने चाकू दिखाकर अपने पति को जहर पिला दिया। महिला ने अपने दो बच्चों के सामने इस बारदात को अंजाम दिया। पीड़ित विक्रम कुमार सिंह की हालत गंभीर है। उन्हें जिले के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के बच्चे आर्यन (3) और अनुष्का (5) ने बताया, 'मम्मी पापा के सीने पर बैठ गई और उन्हें जहर पिला दिया। पेट में चाकू भी मारा।' फिलहाल, घटना के बाद आरोपी महिला फरार है। मामला घटहो थाना क्षेत्र के मूसापुर पंचायत के वार्ड-9 का है।पीड़ित विक्रम



कुमार सिंह की मां शिव ज्योति देवी ने बताया, 'मैं मायके गई थी। मुझे जानकारी मिली कि मेरी बहू विभा देवी ने मेरे बेटे पर चाकू से हमला कर दिया है और जहर पिला दिया। जिसकी शिकायत मैंने थाने में की है। आवेदन भी दिया है।' आवेदन में शिव ज्योति देवी ने बताया, 'बहू विभा देवी ने मेरे बेटे पर 2023 में दहेज उत्पीड़न का केस किया था।

# शाहनवाज बोले, धमकियों से मैं डरने वाला नहीं हूं

**समस्तीपुर।** में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन पहुंचे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर मुझे धमकियां और गालियां भी मिल रही है। मैं उनसे डरने वाला नहीं हूं। गालियों का मुझपर कोई असर नहीं होता है। सच्ची बात करता हूं, करते रहेंगे। धमकी देने वालों को को ट्रेस कर रहे हैं। सामने से तो हिम्मत नहीं है। मेरे पास पहले से सुरक्षा है।उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में पेश वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के हित में है। विपक्ष इस बिल को लेकर लोगों को गुमराह कर रहा



है। डर पैदा करने की कोशिश कर रहा है। मुसलमानों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह बिल उनके ही लाभ के लिए है। इस बिल से गरीब मुसलमानों को आर्थिक फायदा होगा और उनकी स्थिति में सुधार आएगी। वक्फ बोर्ड में जहां भ्रष्टाचार था, अब वह समाप्त होगा। इस बिल के बाद वक्फ संपत्तियों का सही तरीके से उपयोग होगा। जिससे मुसलमानों को आर्थिक दृष्टि से लाभ होगा।शाहनवाज ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल के पास होने के बाद एनडीए को आगामी विधानसभा चुनाव में फायदा होने वाला है। उन्होंने विश्वास जताया कि एनडीए आगामी चुनाव में 200 से ज्यादा सीटें जीतने में सफल रहेगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग इस बिल का विरोध कर रहे हैं। जदयू और लोजपा के कुछ नेता त्यागपत्र दे रहे हैं, लेकिन उनमें कोई बड़ा चेहरा नहीं है और यह केवल एक राजनीतिक ड्रामा है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बेहतर काम हो रहे शाहनवाज हुसैन ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में बेहतरीन काम हो रहे हैं। नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के दौरान विभिन्न जिलों का निरीक्षण कर रहे हैं और योजनाओं को जरूरत के अनुसार स्वीकृति दे रहे हैं। अमित शाह के कार्यक्रम में एक महिला को लेकर उठे विवाद पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि अमित शाह महिला से अभिभावक की तरह व्यवहार कर रहे थे और वे चाहते थे कि महिला आराम से फोटो खिंचवाए, ताकि वह सहज महसूस कर सके।

# बिहार में 350 डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे

**पटना।** में रामचंद्र खान सामाजिक विज्ञान पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में 350 डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे। पढ़ाई के लिए छात्रों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ाने का काम लगातार किया जा रहा है। इसकी शुरूआत रोडवेज से की गई थी अब एयर ट्रैफिक को भी दुरुस्त किया जा रहा है। बिहार में 10 एयरपोर्ट बनाए जाएंगे। अभी 7 की स्वीकृति भारत सरकार से मिली है। इसके बाद तीन छोटे एयरपोर्ट भी बनाए जाएंगे। तीन-चार रास्ते हैं, जिसके माध्यम से हम बिहार को आर्थिक रूप से संपन्न बना सकते हैं। डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि



भागलपुर में प्रधानमंत्री ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी की दर्जा देने की घोषणा की थी। विक्रमशिला के लिए 200 एकड़ से भी अधिक भूमि अधिग्रहण का काम हम शुरू कर चुके हैं। जिस तरीके से आज दिल्ली यूनिवर्सिटी है वैसे ही नालंदा यूनिवर्सिटी की ख्याति फिर से जाग उठेगी। दुनिया को शिक्षा देने वाले इसी बिहार के लोग थे।
आज नालंदा यूनिवर्सिटी स्थापित हो गया है। पहले नालंदा, विक्रमशिला और तक्षशिला केंद्र बिंदु थे। बिहार जैसे राज्य के लिए गौरवशाली इतिहास को लाने का काम 2008 से शुरू हुआ। पिछले साल 19 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा के गौरवशाली इतिहास को फिर से स्थापित करने का काम किया।सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में काफी पलायन है। आप महसूस करते होंगे कि कोटा में पढ़ने वाला बच्चा भी बिहारी है और पढ़ाने वाले शिक्षक भी बिहारी। इसका मतलब यह है कि क्वालिटी हमारे पास है, मगर सुविधा नहीं दे पाते हैं। जब मैं बजट पेश कर रहा था तो मुझे ऐसा महसूस हुआ कि राज्य में 350 ऐसे प्रखंड है, जहां डिग्री कॉलेज आज भी नहीं है। जिसके बाद 350 डिग्री कॉलेज खोलने का फैसला लिया गया। बिहार की स्मृति रामचंद्र खान से जुड़ी है। मैं जिस इलाके में राजनीति करता रहा हूं, वहां उनकी पहचान एक कड़क ऑफिसर के रूप में रही है। हमारे यहां एक बड़ा एनकाउंटर आज से 40 साल पहले हुआ था। उसमें भी इनकी एक अहम भूमिका रही थी। एक अच्छे प्रशासक और समाजसेवी थे। कार्यक्रम में आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज झा भी मौजूद रहे।

## संवेदनशील और चौक-चौराहों पर पुलिस रखेगी नजर

**भागलपुर।** में रामनवमी पर विधि व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुलिस ने तैयारी कर ली है। जिला प्रशासन ने समितियों के अलावा पुलिस पदाधिकारियों के लिए एसओपी जारी की है। शोभा रूट पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। जुलूस में शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। दो कंपनी पारा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई है। मिलिट्री के जवान आज और 6 अप्रैल को निकलने वाली शोभायात्रा जुलूस के साथ चलेंगे। इसके अलावा पारा मिलिट्री की एक टीम को शहर में भ्रमणशील भी रखा जाएगा। जो शहर के संवेदनशील स्थानों, प्रमुख चौक-चौराहों, इलाकों पर विशेष नजर रखेगी। रामनवमी को लेकर निकलने वाले जुलूस की मॉनिटरिंग खुद सीनियर एसपी करेंगे।रुढ



हृदयकांत ने बताया कि सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, डीएसपी और अंचल पुलिस निरीक्षकों को शहर में भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया है। थानों की टीम को विशेष सतर्कता बरतने, निरोधात्मक, सुरक्षात्मक कार्रवाई करने और ज्यादा से ज्यादा सूचनाओं का संकलन करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से सभी रामनवमी शोभायात्रा निकालने वाली समितियों को लाइसेंस निर्गत किया गया है। जिसमें पारंपरिक रूटों पर जुलूस को ले जाने की अनुमति दी गई है।

## समस्तीपुर में अज्ञात वाहन ने मजदूर को कुचला, मौत

**समस्तीपुर।** सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। चकमेहसी थाना क्षेत्र के टारा चौक के पास एक अज्ञात वाहन ने साइकिल से लौट रहे मजदूर को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान सोमनाहा बार्ड-12 निवासी अनिल पासवान (36) के रूप में हुई है। सहयोगी मजदूर विजय पासवान के अनुसार, वे आलू लोडिंग का काम करके कुसियारी से लौट रहे थे। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मजदूरों ने पुलिस हेल्पलाइन-112 पर कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। बाद में उन्होंने घायल अनिल को समस्तीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह परिवार



के लिए दोहरा दुख है। दो साल पहले ही अनिल के छोटे भाई की भी सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। तीन भाइयों में से अब दो की मौत हो चुकी है। बुजुर्ग पिता को दो साल के भीतर दो बेटों की मुखाग्नि देनी पड़ी है। अनिल के तीन बच्चे हैं। एक बेटी और दो बेटे। परिवार में अब कमाने वाला कोई नहीं बचा है। चकमेहसी थाना अध्यक्ष संतोष यादव ने बताया कि पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम करा रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# औरंगाबाद में साइकिल सवार मजदूर की हत्या

**औरंगाबाद।** में एक मजदूरी की हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के मनोहरी गांव निवासी 37 वर्षीय नरेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। नरेंद्र झारखंड के हरिहरगंज स्थित एक फ्लोर मिल में मजदूरी करते थे। शुक्रवार की रात वह काम से लौट रहे थे। अपराधियों ने उसके घर से एक किलोमीटर पहले धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे शव देखा और पुलिस को सूचित किया। टंडवा थानाध्यक्ष



धनंजय कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। मृतक अविवाहित थे और अपने भाई के परिवार के साथ रहते थे। उनका भाई दूसरे शहर में मजदूरी करते हैं। नरेंद्र भाई की पत्नी और दो छोटे बच्चों की देखभाल करते थे। घर के लिए आटा लेकर जा रहे थे। तभी हादसा हो गया। एसडीपीओ सदर-1 संजय कुमार पांडेय के अनुसार, एसपी अंबरीश राहुल के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया है। हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।
परिजन ने अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। हत्या के बाद इलाके में कई तरह की चर्चा हो रही है। ग्रामीण कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। कुछ लोग ओझा गुनी के चक्कर में उसकी हत्या किए जाने की चर्चा कर रहे हैं।

# ढाई लाख में वाराणसी से मंगाई गई संगमरमर की प्रतिमा

**समस्तीपुर।** शहर से सटे कपूरी ग्राम पंचायत के डढिया बेलार गांव में तीन दिवसीय अष्टयाम महायज्ञ आज से शुरू हो रहा है। विखंडित प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा रामनवमी के दिन की जाएगी। जिसको लेकर गांव में तैयारी चल रही है। नई प्रतिमा जिला प्रशासन के सहयोग से वाराणसी से 2.51 लाख रुपए में मंगाई गई है। हालांकि नई प्रतिमा को अभी ढंक कर रखा गया है। प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही प्रतिमा का अनावरण होगा। पुरानी प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ





को लेकर गांव में चारो ओर भव्य तैयारी चल रही है गांव के सूरज कुमार बताते हैं कि 28 मार्च को एक मानसिक रूप से बीमार युवक ने हनुमान प्रतिमा पर पत्थर फेंक कर उसे विखंडित कर दिया था। प्रशासन की ओर से बनारस से संगमरमर की हनुमान प्रतिमा मंगाई गई है। जिस पर करीब ढाई लाख रुपए खर्च होने की बात बताई गई है। प्रतिमा गांव में पहुंच चुकी है। प्रतिमा स्थापना को लेकर तीन दिवसीय आज से अष्टयाम महायज्ञ का शुभारंभ हो रहा है। 6 अप्रैल को हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू होगी। ग्रामीण संजय बताते हैं कि घटना के वक्त पूरे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। लेकिन अब पुनः सभी लोग आपकी भाईचारे के साथ रह रहे हैं। यज्ञ को लेकर गांव के लोग तैयारी में जुटे हुए हैं। यज्ञ के लिए पहुंचे पंडित मुकुंद झा बताते हैं कि आज से तीन दिवसीय अष्टयाम महायज्ञ शुरू हो रहा है। रामनवमी के दिन 6 अप्रैल को प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही मंदिर मैं विधिवत पूजा अर्चना शुरू होगी। गांव में प्रतिमा विखंडित किए जाने के बाद दो गुटों के बीच उत्पन्न हुए तनाव को देखते हुए मजिस्ट्रेट के साथ राउंड द क्लॉक पुलिस वालों की तैनाती की गई है, जो घटना के दिन से लगातार गांव में कैंप कर रही है। माना जा रहा है की स्थिति समान्य होने के बाद पुलिस बल को वहां से हटाया जाएगा। इसके अलावा थाने की पेट्रोलिंग टीम भी गश्त में लगी रहती है।

## संक्षिप्त डायरी

### 'वक्फ बिल पर विपक्ष भ्रम फैला रही है

**पटना।** में केंद्रीय मंत्री और लोजपा(आर.) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने विपक्ष के आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बिल पर विपक्ष भ्रम फैला रही है। इन लोगों की पुरानी रणनीति रही है। जब भी केंद्र सरकार कोई कानून



लाती है तो विपक्ष के लोग जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। पार्टी में अगर कोई नाराजगी है तो उसे दूर करेंगे। चिराग पासवान ने आगे कहा कि सीएए कानून के समय भी विपक्ष ने ऐसा ही किया था। लेकिन जब लोगों ने सच्चाई को समझा, तब उनकी राजनीति फेल हो गई। एनडीए सरकार ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। मुस्लिम समाज के लिए सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। जिसका लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचा है। वक्फ बिल पर पार्टी में नाराजगी के सवाल पर चिराग ने कहा, 'सबकी नाराजगी को दूर करेंगे। सब को साथ लेकर चलेंगे। 2014 में हमारे पिता रामविलास पासवान ने यूपीए छोड़कर एनडीए का साथ दिया था, तब भी विरोध हुआ था। लेकिन उन्होंने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

### छपरा में देर रात सिलेंडर फटा, मचा हड़कंप

**छपरा।** में डबल डेकर पुल निर्माण में लगातार हो रही लापरवाही ने एक बार फिर शहर को दहशत में डाल दिया। शुक्रवार की देर रात राजेन्द्र सरोवर के पास निर्माण स्थल पर सड़क किनारे रखे गैस सिलेंडर और वेल्डिंग मशीन में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों से सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद आग पर



काबू पाया। तेजी से फैली आग, सिलेंडर फटने से दहशत प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान सिलेंडर में जोरदार विस्फोट के बाद आग और तेजी से फैला। धमाके की आवाज सुनते ही इलाके में दहशत फैल गई। विस्फोट की आवाज से आसपास के लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर सूचना दी। पुलिस सहित दमकल विभाग की टीमें फौरन मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।यातायात हुआ बाधित, सड़कों पर लगी लंबी कतारें जब तक आग बुझाई जाती, तब तक मुख्य सड़क पर अफरातफरी का माहौल बन चुका था। आगजनी की वजह से मुख्य सड़क पर ट्रैफिक पूरी तरह बाधित हो गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गई और कुछ समय के लिए पूरे क्षेत्र में आवाजाही ठप हो गया। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई। पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं यह पहली बार नहीं है जब डबल डेकर पुल निर्माण कार्य में लापरवाही सामने आई है। इससे पहले गांधी चौक पर स्लैब टूटकर ट्रक पर गिरा था। फिर एक लड़की के सिर पर सरिया गिरा और निर्माण मशीन का डक पुलिस वाहन पर गिर चुका है। स्थानीय लोगों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग स्थानीय नागरिकों ने निर्माण कंपनी पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान जरूरी सुरक्षा उपाय नहीं अपनाए जा रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से तत्काल जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग किया है। बड़ी घटना टली, जांच में जुटी पुलिस इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन अगर समय पर आग पर काबू न पाया जाता तो बड़ा नुकसान हो सकता था। फिलहाल, पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। निर्माण स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है।

### ऑनलाइन गेम में डेढ़ लाख हारा, छात्र ने की आत्महत्या

**पूर्णिया।** में पॉलिटेक्निक के छात्र ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। वो किराए के मकान में रहता था। उसे ऑनलाइन गेमिंग की बुरी लत लगी थी। डेढ़ साल से वो इसमें पैसे लगा रहा था। करीब डेढ़ लाख रुपए हार चुका था।दूसरी तरफ पिछले साल पॉलिटेक्निक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में 4 विषयों में फेल हो गया था। इस साल भी जून में



एग्जाम होना था। घरवालों को कहा था- 'इस बार पास करूंगा।' ऐसे में उसे अच्छे नंबर लाने का भी टेंशन था। मृतक दिलीप साह का बेटा पारस कुमार (22) है, जो सहरसा का रहने वाला था। उसने गुरुवार को आखिरी बार अपने पिता से बात की थी। कॉल पर कहा था- 'सिलेंडर खत्म हो गया है।' जिसके बाद पिता ने उसे 5 हजार रुपए अकाउंट में भेजे थे। पिता के मुताबिक, पारस ने 4500 रुपए रॉकी नाम के दोस्त को देने की बात कही थी। जिसके बाद बेटे से बात नहीं हुई। घटना शुक्रवार रात सहायक खजांची थाना क्षेत्र के केपी मार्केट गली की है।छात्र के पिता दिलीप साह ने बताया, 'पारस 2 भाइयों में छोटा था। वो पूर्णिया में रहकर पॉलिटेक्निक कॉलेज पूर्णिया से पढ़ाई कर रहा था। पूर्णिया में ही वो गलत दोस्तों की संगती में आ गया और उसे ऑनलाइन गेमिंग की लत लग गई।''पारस ने इसमें उसने काफी रुपए झोंक दिए। वो पढ़ाई और महीने के खर्च के नाम पर रुपए लेता और फिर इन रुपयों को ऑनलाइन गेमिंग में लगा देता था।''ऑनलाइन गेम में काफी रुपए हार चुका था। पिछले साल ऑनलाइन गेम के कारण पॉलिटेक्निक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में फेल हो गया था।'क्लास फ्रेंड मोहित राज ने बताया, 'पारस दोस्तों की काफी मदद करता था। शुक्रवार रात खाना खाकर सभी अपने-अपने कमरे में सोने चले सो गए। शुक्रवार दिन के 2 बजे तक पारस ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। आवाज देने के बाद भी पारस का कोई जवाब नहीं आया।''जिसके बाद मकान मालिक को किसी तरह की अनहोनी की आशंका हुई। घटना की जानकारी सहायक खजांची पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर अंदर से लॉक कमरे के दरवाजे को तोड़कर देखा तो पारस फंदे से लटका था।'सहायक खजांची थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार ने बताया, 'फंदे से लटककर एक युवक ने आत्महत्या की है। युवक के परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम से इनकार कर दिया हे। जिसके बाद परिजनों से लिखित प्रमाण लेकर लाश को सौंप दिया गया।'मनोचिकित्सक डॉ. बिंदा सिंह ने बताया, गेम खेलने वाले आमतौर पर किशोर बच्चों में जिज्ञासा बहुत होती है।वह सही गलत में फर्क नहीं कर पाते हैं। टीनएजर को मारधाड़, एक्शन में काफी मजा आता है। आजकल ऐसे गेम भी आ गए हैं, जिससे बच्चों में क्रिमिनल सोच विकसित होने लगी है। ये मन नेचर होता है कि जो चीजें आक्रामक और काल्पनिक होती है उन पर ध्यान ज्यादा जाता है। गेम में भी इसी तरह की काल्पनिक दुनिया बनाई जाती है जो मन को आकर्षित करती है।



# रामनवमी पूजा की एकदम सरल विधि

**मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रामनवमी मनाई जाती है जो कि भगवान विष्णु के 7वें अवतार थे। प्रत्येक साल हिन्दू कैलेंडर के अनुसार चैत्र मास की नवमी तिथि को श्रीराम नवमी के रूप मनाया जाता है। चैत्र मास की प्रतिपदा से लेकर नवमी तक नवरात्रि भी मनाई जाती है। इन दिनों कई लोग उपवास भी रखते हैं।**

## रामनवमी उत्सव

श्री रामनवमी हिन्दुओं के प्रमुख त्यौहारों में से एक है जो देश-दुनिया में सच्ची श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार वैष्णव समुदाय में विशेषतौर पर मनाया जाता है।

- आज के दिन भक्तगण रामायण का पाठ करते हैं।
- रामरक्षा स्त्रोत भी पढ़ते हैं।
- कई जगह भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जाता है।
- भगवान राम की मूर्ति को फूल-माला से सजाते हैं और स्थापित करते हैं।
- भगवान राम की मूर्ति को पालने में झुलाते हैं।

## राम नवमी की पूजा विधि

राम नवमी की पूजा विधि कुछ इस प्रकार है :

- सबसे पहले स्नान करके पवित्र होकर पूजा स्थल पर पूजन सामग्री के साथ बैठें।
- पूजा में तुलसी पत्ता और कमल का फूल अवश्य होना चाहिए।
- उसके बाद श्रीराम नवमी की पूजा षोडशोपचार करें।
- खीर और फल-मूल को प्रसाद के रूप में तैयार करें।
- पूजा के बाद घर की सबसे छोटी बालिका/महिला सभी लोगों के माथे पर तिलक लगाएं।

## पौराणिक मान्यता

श्री रामनवमी की कहानी लंकाधिराज रावण से शुरू होती है। रावण अपने राज्यकाल में बहुत अत्याचार करता था। उसके अत्याचार से पूरी जनता त्रस्त थी, देवतागण भी, क्योंकि रावण ने ब्रह्मा जी से अमर होने का वरदान ले लिया था। उसके अत्याचार से तंग होकर देवतागण भगवान विष्णु के पास गए और प्रार्थना करने लगे। फलस्वरूप प्रतापी राजा दशरथ की पत्नी कौशल्या की कोख से भगवान विष्णु ने राम के रूप में रावण को परास्त करने हेतु जन्म लिया। तब से चैत्र की नवमी तिथि को रामनवमी के रूप में मनाने की परंपरा शुरू हुई। नवमी के दिन ही स्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना शुरू की थी।

# भगवान श्रीराम के इन गुणों से हमें भी सीखना चाहिए

भगवान श्रीराम के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। खासतौर पर उनके द्वारा अपनाई गई व्यावहारिक नीतियां, यहीं कारण था कि कठिन परिस्थितियों में भी वे सफल रहे। भगवान श्रीराम के स्वभाव के इन 11 गुणों से सीखना चाहिए .

- सभी से हंसते-मुस्कुराते मिलना।
- लोगों के नामों को याद रखना और उन्हें, उन्हीं नाम से संबोधित करना।
- दूसरों की बातों को ध्यान और धीरज से सुनना।
- लोगों के प्रति सच्ची निष्ठा रखना।
- दूसरे व्यक्तियों को सम्मान देना।
- किसी को अपने विचार मनवाने के लिए तर्क और विवाद का सहारा नहीं लेना।
- उच्च आदर्श व सिद्धांत का पालन करने में हर कठिनाई को सहन करने के लिए तैयार रहना।
- दूसरे के विचारों और भावनाओं के प्रति सच्ची सहानुभूति रखना।
- दूसरे की दृष्टि से घटनाओं या वस्तुओं को देखने का प्रयास करना।
- अपनी त्रुटि ( गलती) को शीघ्र स्वीकार कर लेना।
- दूसरे व्यक्तियों के विचारों के प्रति आदर की भावना होना।



**श्री राम के चरण कमल पर शीश झुकाएं जीवन में हर खुशियां पाएं.**
**राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं!**

## श्रीराम जन्मोत्सव, पर जानें पूजन के मुहूर्त, महत्व

इस बार वर्ष 2025 में रामनवमी 6 अप्रैल, रविवार को मनाई जाएगी।

इस दिन सुबह 11 बजकर 8 मिनट से दोपहर 1 बजकर 39 मिनट तक पूजा का शुभ मुहूर्त रहेगा।

इस शुभ समय में भगवान श्रीराम की पूजा की जा सकती है।

**रामनवमी का महत्व-** धार्मिक ग्रंथों के अनुसार रामनवमी के दिन भगवान राम का जन्म हुआ था, जो विष्णु के सातवें अवतार थे। भगवान राम का जन्म दोपहर के समय हुआ था, इसलिए राम नवमी पूजा तथा अनुष्ठान के लिए दोपहर का समय सबसे शुभ माना जाता है। रामनवमी का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। रामनवमी का त्योहार भगवान राम के आदर्शों और मूल्यों को याद दिलाता है।आज के दिन भगवान राम के मंदिर में जाएं, रामायण का पाठ करें। अधिक से अधिक भगवान राम के मंत्रों का जाप करें। गरीबों और जरूरतमंदों को दान करें।इस दिन तामसिक भोजन का सेवन न करें और ना ही किसी भी प्रकार के नशा करें। मान्यतानुसार भगवान राम की कृपा प्राप्त करने और अपने जीवन को सुखमय बनाने का रामनवमी एक उत्तम अवसर है।

# श्री राम चालीसा

**हिन्दू धर्मग्रंथों के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम विष्णु के दशावतारों में से 7वें अवतार हैं। श्रीराम एक आदर्श पुरुष थे। राम नवमी के दिन उनका पूजन, मंत्र, स्तुति, चालीसा, आरती, रामाष्टक आदि का पाठ करने से मनुष्य जीवन के भवसागर से पार पा जाते हैं, अतः हर मनुष्य को प्रतिदिन श्री राम की स्तुति करते हुए यह पाठ अवश्य करना चाहिए। अगर आप प्रतिदिन नहीं कर पा रहे हैं तो राम नवमी के दिन अवश्य ही पढ़ना चाहिए।**

## चौपाई

श्री रघुवीर भक्त हितकारी।सुन लीजै प्रभु अरज हमारी।।
निशिदिन ध्यान धरै जो कोई।ता सम भक्त और नहिं होई।।
ध्यान धरे शिवजी मन माही।ब्रह्म इन्द्र पार नहिं पाही।।
दूत तुम्हार वीर हनुमाना।जासु प्रभाव तिहूं पुर जाना।।
तब भुज दण्ड प्रचण्ड कृपाला।रावण मारि सुरन प्रतिपाला।।
तुम अनाथ के नाथ गुंसाई।दीनन के हो सदा सहाई।।
ब्रह्मादिक तव पारन पावैं।सदा ईश तुम्हरो यश गावैं।।
चारिउ वेद भरत हैं साखी।तुम भक्तन की लज्जा राखीं।।
गुण गावत शारद मन माहीं।सुरपति ताको पार न पाहीं।।
नाम तुम्हार लेत जो कोई।ता सम धन्य और नहिं होई।।
राम नाम है अपरम्पारा।चारिहु वेदन जाहि पुकारा।।
गणपति नाम तुम्हारो लीन्हो।तिनको प्रथम पूज्य तुम कीन्हो।।
शेष रटत नित नाम तुम्हारा।महि को भार शीश पर धारा।।
फूल समान रहत सो भारा।पाव न कोऊ तुम्हरो पारा।।
भरत नाम तुम्हरो उर धारो।तासों कबहुं न रण में हारो।।
नाम शक्षुहन हृदय प्रकाशा।सुमिरत होत शत्रु कर नाशा।।
लखन तुम्हारे आज्ञाकारी।सदा करत सन्तन रखवारी।।
ताते रण जीते नहिं कोई।युद्ध जुरे यमहूं किन होई।।
महालक्ष्मी धर अवतारा।सब विधि करत पाप को छारा।।
सीता राम पुनीता गायो।भुवनेश्वरी प्रभाव दिखायो।।
घट सों प्रकट भई सो आई।जाको देखत चन्द्र लजाई।।
सो तुमरे नित पांव पलोटत।नवो निद्धि चरणन में लोटत।।
सिद्धि अठारह मंगलकारी।सो तुम पर जावै बलिहारी।।
औरहु जो अनेक प्रभुताई।सो सीतापति तुमहिं बनाई।।
इच्छा ते कोटिन संसारा।रचत न लागत पल की बारा।।
जो तुम्हे चरणन चित लावै।ताकी मुक्ति अवसि हो जावै।।
जय जय जय प्रभु ज्योति स्वरूपा।नर्गुण ब्रह्म अखण्ड अनूपा।।
सत्य सत्य जय सत्यव्रत स्वामी।सत्य सनातन अन्तर्यामी।।
सत्य भजन तुम्हरो जो गावै।सो निश्चय चारों फल पावै।।
सत्य शपथ गौरीपति कीन्ही।तुमने भक्तिहिं सब विधि दीन्ही।।
सुनहु राम तुम तात हमारे।तुमहिं भरत कुल पूज्य प्रचारे।।
तुमहिं देव कुल देव हमारे।तुम गुरु देव प्राण के प्यारे।।
जो कुछ हो सो तुम ही राजा।जय जय जय प्रभु राखो लाजा।।
राम आत्मा पोषण हारे।जय जय दशरथ राज दुलारे।।
ज्ञान हृदय दो ज्ञान स्वरूपा।नमो नमो जय जगपति भूपा।।
धन्य धन्य तुम धन्य प्रतापा।नाम तुम्हार हरत संतापा।।
सत्य शुद्ध देवन मुख गाया।बजी दुन्दुभी शंख बजाया।।
सत्य सत्य तुम सत्य सनातन।तुम ही हो हमरे तन मन धन।।
याको पाठ करे जो कोई।ज्ञान प्रकट ताके उर होई।।
आवागमन मिटै तिहि केरा।सत्य वचन माने शिर मेरा।।
और आस मन में जो होई।मनवांछित फल पावे सोई।।
तीनहुं काल ध्यान जो ल्यावै।तुलसी दल अरु फूल चढ़ावै।।
साग पत्र सो भोग लगावै।सो नर सकल सिद्धता पावै।।
अन्त समय रघुबरपुर जाई।जहां जन्म हरि भक्त कहाई।।
श्री हरिदास कहै अरु गावै।सो बैकुण्ठ धाम को पावै।।

## दोहा

सात दिवस जो नेम कर, पाठ करे चित लाय।
हरिदास हरि कृपा से, अवसि भक्ति को पाय।।
राम चालीसा जो पढ़े, राम चरण चित लाय।
जो इच्छा मन में करै, सकल सिद्ध हो जाय।।
।।इतिश्री प्रभु श्रीराम चालीसा समाप्त:।।



# राम नवमी

## क्यों मनाया जाता है यह दिन

राम नवमी का संबंध भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम से है। भगवान विष्णु ने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करने के लिये हर युग में अवतार धारण किए। इन्हीं में एक अवतार उन्होंने भगवान श्री राम के रुप में लिया था। जिस दिन भगवान श्री हरि ने राम के रूप में राजा दशरथ के यहां माता कौशल्या की कोख से जन्म लिया वह दिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी का दिन था। यही कारण है कि इस तिथि को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। चैत्र नवरात्रि का भी यह अंतिम दिन होता है।

### श्री राम का जन्म

पौराणिक ग्रंथों में जो कथाएं हैं उनके अनुसार भगवान राम त्रेता युग में अवतरित हुए। उनके जन्म का एकमात्र उद्देश्य मानव मात्र का कल्याण करना, मानव समाज के लिए एक आदर्श पुरुष की मिसाल पेश करना और अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करना था। यहां धर्म का अर्थ किसी विशेष धर्म के लिए नही बल्कि एक आदर्श कल्याणकारी समाज की स्थापना से है।

राजा दशरथ जिनका प्रताप 10 दिशाओं में व्याप्त रहा। उन्होंने तीन विवाह किए थे लेकिन किसी भी रानी से उन्हें पुत्र की प्राप्ति नही हुई। ऋषि मुनियों से जब इस बारे में विमर्श किया तो उन्होंने पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने की सलाह दी। पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने के पश्चात यज्ञ से जो खीर प्राप्त हुई उसे राजा दशरथ ने अपनी प्रिय पत्नी कौशल्या को दे दिया।

कौशल्या ने उसमें से आधा हिस्सा केकैयी को दिया इसके पश्चात कौशल्या और केकैयी ने अपने हिस्से से आधा-आधा हिस्सा तीसरी पत्नी सुमित्रा को दे दिया। इसीलिए चैत्र शुक्ल नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में माता कौशल्या की कोख से भगवान श्री राम जन्मे। केकैयी से भरत ने जन्म लिया तो सुमित्रा ने लक्ष्मण व शत्रुघ्न को जन्म दिया।

### कैसे मनाते हैं रामनवमी

भगवान श्री राम को मर्यादा का प्रतीक माना जाता है। उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है। वे स्त्री पुरुष में भेद नहीं करते। अनेक उदाहरण हैं जहां वे अपनी पत्नी सीता के प्रति समर्पित व उनका सम्मान करते नजर आते हैं। वे समाज में व्याप्त ऊंच-नीच को भी नहीं मानते। शबरी के झूठे बेर खाने का और केवट की नाव चढ़ने का उदाहरण इसे समझने के लिए सर्वोत्तम है। वेद शास्त्रों के ज्ञाता और समस्त लोकों पर अपने पराक्रम का परचम लहराने वाले, विभिन्न कलाओं में निपुण लंकापति रावण के अंहकार के किले को ध्वस्त करने वाले पराक्रमी भगवान श्री राम का जन्मोत्सव देश भर में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्री राम की भक्ति में डूबकर भजन कीर्तन किए जाते हैं। श्री रामकथा सुनी जाती है। रामचरित मानस का पाठ करवाया जाता है। श्री राम स्त्रोत का पाठ किया जाता है। कई जगहों भर भगवान श्री राम की प्रतिमा को झूले में भी झुलाया जाता है। रामनवमी को उपवास भी रखा जाता है। मान्यता है कि रामनवमी का उपवास रखने से सुख समृद्धि आती है और पाप नष्ट होते हैं।



# श्री राम को प्रसन्न करेंगे तो मिलेंगे विजय और उन्नति के शुभ आशीष

10 अप्रैल को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था। उनके जन्मोत्सव पर उन्हें सरल उपायों से प्रसन्न करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते है जिससे हर क्षेत्र में विजय और उन्नति मिलेगी।

- रामनवमी के दिन 1 कटोरी में गंगा जल लेकर राम रक्षा मंत्र 'ॐ श्री ह्रीं क्लीं रामचन्द्राय श्री नमः' का 108 बार जाप करें। फिर पूरे घर के कोने-कोने में उस जल का छिड़काव कर दें। इससे घर का वास्तुदोष तथा भूत-प्रेत, नजर बाधा, तंत्र बाधा आदि समाप्त हो जाते हैं। यह उपाय आप अपने ऑफिस-दुकान या व्यवसाय स्थल में भी कर सकते हैं।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के मंदिर में या उनके चित्र के सामने 3 बार अलग-अलग समय पर श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन,का पाठ करें, इससे जीवन की हर चीजें अनुकूल होने लगती है।
- रामनवमी पर भगवान श्रीराम का पूजन और वंदन करने से सुख, समृद्धि और शांति बढ़ती है। साथ ही संतान सुख की प्राप्ति होती है।
- नवमी के दिन लौकी खाना निषेध है, क्योंकि इस दिन लौकी का सेवन गौ-मांस के समान माना गया है। इस दिन कढ़ी, पूरणपौल, खीर, पूरी, साग, भजिये, हलवा, कद्दू या आलू की सब्जी बनाई जा सकती है। माता दुर्गा और श्रीराम को भोग लगाने के बाद ही भोजन किया जाता है। इससे प्रभु श्रीराम प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं।
- भगवान श्रीरामजी को केसर भात, खीर, कलाकंद, बर्फी, गुलाब जामुन का भोग प्रिय है। इसके अलावा हलुआ, पूरनपोळी, लड्डू और सिवइयां भी उनको पसंद हैं।
- पंचामृत और धनिया पंजीरी दो तरह के प्रसाद उन्हें अर्पित किए जाते हैं। यह रामजी को बहुत ही पसंद है। उन्हें धनिए का प्रसाद चढ़ाते हैं। इसे धनिया पंजीरी कहते हैं। इसे सौंठ पंजीरी भी कहते हैं। यह कई तरह से बनाई जाती है।

# जब प्रभु श्रीराम ने दिया भक्त हनुमान को वरदान

लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या में अपने परिजनों के साथ बैठे हुए थे। श्रीराम, हनुमानजी द्वारा की गई सहायता को याद कर भावविभोर हो रहे थे। वह बोले, ' हनुमान ने संकट के समय मेरी सहायता की, लेकिन मैंने उन्हें कुछ भी नही दिया।' उन्होंने हनुमानजी से कहा, मैंने विभीषण को लंका का राज्य दिया। सुग्रीव को किष्किंधा का राजा और अंगद को युवराज बनाया। आज मैं तुम्हें भी कुछ देना चाहता हूं। इसलिए तुम इच्छित वर मांग सकते हो। हनुमानजी निष्काम भक्ति के साकार रूप थे। उन्होंने श्रीराम से विनम्रता से कहा, प्रभु आप मुझसे बहुत प्रेम करते हैं। मुझ पर आपकी असीम कृपा है। अब और मांगकर क्या करूंगा। लेकिन श्रीराम हनुमानजी को उस दिन कुछ न कुछ देने के लिए आकांक्षी थे। अचानक हनुमानजी ने कहा कि, भगवान आपने सभी को एक-एक पद ( चरण) दिए हैं। क्या आप मुझे भी पद दे सकेंगे। श्रीराम कुछ समझ नहीं पाए, फिर भी बोले तुम्हें कौन सा पद चाहिए हनुमान?

हनुमानजी अपने स्थान से उठे और उन्होंने प्रभु राम के चरण पकड़ लिए। हनुमानजी बोले, मैं इन दो पदों की हर क्षण सेवा करता रहूं, यही वरदान चाहिए। श्रीराम की आंखों से अश्रु बहने लगे और उन्होंने श्री हनुमान जी को को गले लगा कर यह वरदान दिया कि जीवन भर उनकी सेवा करते रहें।

# श्रीराम की आराधना करें शिव के साथ

'भगवान शिव' राम के इष्ट एवं 'राम' शिव के इष्ट हैं। ऐसा संयोग इतिहास में नहीं मिलता कि उपास्य और उपासक में परस्पर इष्ट भाव हो इसी स्थिति को संतजन ' परस्पर देवोभव' का नाम देते हैं। शिव का प्रिय मंत्र 'ऊ नमः शिवाय' एवं ' श्रीराम जय राम जय जय राम' मंत्र का उच्चारण कर शिव को जल चढ़ाने से भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न होते हैं। भगवान राम ने स्वयं कहा है : ' शिव द्रोही मम दास कहावा सो नर मोहि सपनेहु नहि पावा।' अर्थात जो शिव का द्रोह कर के मुझे प्राप्त करना चाहता है वह सपने में भी मुझे प्राप्त नहीं कर सकता। इसीलिए शिव आराधना के साथ श्रीरामचरितमानस पाठ का बहुत महत्वपूर्ण होता है।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम 14 वर्ष के वनवास काल के बीच जब जाबालि ऋषि की तपोभूमि मिलने आए तब भगवान गुप्त प्रवास पर नर्मदा तट पर आए। उस समय यह पर्वतों से घिरा था। रास्ते में भगवान शंकर भी उनसे मिलने आतुर थे, लेकिन भगवान और भक्त के बीच वे नहीं आ रहे थे। भगवान राम के पैरों को कंकर न चुभें इसीलिए शंकरजी ने छोटे-छोटे कंकरों को गोलाकार कर दिया। इसलिए कंकर-कंकर में शंकर बोला जाता है। जब प्रभु श्रीराम रेवा तट पर पहुंचे तो गुफा से नर्मदा जल बह रहा था। श्रीराम यहीं रुके और बालू एकत्र कर एक माह तक उस बालू का नर्मदा जल से अभिषेक करने लगे। आखिरी दिन शंकरजी वहां स्वयं विराजित हो गए और भगवान राम-शंकर का मिलन हुआ। शिवप्रिय मैकल सैल सुता सी, सकल सिद्धि सुख संपति राशि, रामचरित मानस की ये पंक्तियां श्रीराम और शिव के चरण पड़ने की साक्षी है।



# नहीं चला धोनी का बल्ला, दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया



**चेन्नई (एजेंसी)।** लोकेश राहुल की 51 गेंद में 77 रन की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को 25 रन से शिकस्त देकर मौजूदा सत्र में तीन मैचों में तीसरी जीत दर्ज की। दिल्ली ने छह विकेट पर 183 रन बनाने के बाद चेन्नई की पारी को पांच विकेट पर 158 रन पर रोक दिया। चेन्नई की चार मैचों में यह लगातार तीसरी हार है। चेन्नई ने 11वें ओवर में 74 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद विजय शंकर (नाबाद 69) और दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी (नाबाद 30) ने 57 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी कर हार के अंतर को कम किया। शंकर ने 54 गेंद की नाबाद पारी में 5 चौके और 1 छक्का लगाया जबकि धोनी ने 26 गेंद की नाबाद पारी में एक चौका और एक छक्का लगाया। दिल्ली के लिए विप्राज निगम ने चार ओवर में 27 रन देकर दो जबकि कुलदीप यादव, मिचेल स्टार्क और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली।


इससे पहले राहुल ने एक छोर संभाले हुए अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़े। ट्रिस्टन स्टब्स ने 12 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए लेकिन बाद मथिश पथिराना (31 रन पर एक विकेट) ने आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए दिल्ली की टीम को और बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुकेश कुमार ने दूसरे ओवर में अपनी गेंद पर शानदार कैच लपककर रचिन रविंद्र (तीन) को चलता किया तो वहीं स्टार्क के खिलाफ अगले ओवर में कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (पांच) बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैक फ्रेजर मैकगुर्क को कैच दे बैठे। छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये निगम ने अपनी फिरकी में डेवोन कॉन्वे (13) को फंसाया।

शिवम दुबे (18) ने इस गेंदबाज के खिलाफ चौका और छक्का जड़ा लेकिन एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में ट्रिस्टन स्टब्स को कैच दे बैठे। कुलदीप ने इसके बाद रविंद्र जडेजा (दो) को पगबाधा कर चेन्नई की उम्मीदों को लगभग खत्म कर दिया। एक छोर से विजय शंकर बड़ा शॉट लगाने के लिए संघर्ष कर रहे थे तो दूसरी ओर से दिग्गज धोनी का बल्ला भी गेंद के साथ अच्छे से संपर्क नहीं कर पा रहा था। शंकर ने मोहित और फिर कुलदीप के खिलाफ चौके लगाये जिससे टीम ने 15वें ओवर में रनों का सैकड़ा पूरा किया। टीम को आखिरी पांच ओवर में 78 रन चाहिए थे लेकिन शंकर और धोनी बड़ा शॉट खेलने में नाकाम रहे। शंकर ने 17वें ओवर में 43 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

धोनी ने मैच लगभग हाथ से निकल जाने के बाद मोहित शर्मा के खिलाफ छक्का लगाकर अपने प्रशंसकों को खुश होने का कुछ मौका दिया। आखिरी ओवर में मुकेश कुमार के खिलाफ शंकर ने छक्का और धोनी ने चौका लगाकर टीम के स्कोर को 150 रन के पार पहुंचाया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद दिल्ली को पहले ओवर में उस समय बड़ा झटका लगा जब स्कोरबोर्ड पर खाता खुलने से पहले खलील अहमद (25 रन पर दो विकेट) ने पहले ओवर में आक्रामक बल्लेबाज फ्रेजर मैकगुर्क को चलता कर दिया। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि दूसरे ओवर में मुकेश चौधरी (बिना किसी सफलता के 50 रन) के खिलाफ तीन चौके और एक छक्का लगाकर 19 रन बटोरते हुए आक्रामक तेवर दिखाए। राहुल त्रिपाठी की जगह टीम में आए चौधरी लाइन-लेंथ से सामंजस्य बिठाने के लिए जूझते दिखे।

राहुल ने दूसरे छोर से खलील के खिलाफ अपनी पारी का पहला छक्का लगाया जिससे दिल्ली ने पावरप्ले में एक विकेट पर 51 रन बना लिये। पावरप्ले के बाद गेंदबाजी के लिए आए जडेजा (19 रन पर एक विकेट) ने पोरेल की 20 गेंद में 33 रन की पारी को खत्म किया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने क्रीज पर आते ही छक्के के साथ खाता खोला। वह भी हालांकि पोरेल की तरह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में विफल रहे और 11वें ओवर में नूर अहमद (36 रन पर एक विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गए।

# आईपीएल : नटराजन सहित ये खिलाड़ी अवसर की तलाश कर रहे



**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में टी नटराजन सहित कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्हें उनकी टीमों ने बड़ी रकम देकर खरीदा है पर उन्हें अब तक एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला है। ऐसे भी ये खिलाड़ी अभी भी अवसर की तलाश कर रहे हैं।

**टी नटराजन**

तमिलनाडु के लिए खेलने वाले टी नटराजन ने भारत के लिए 2020 में डेब्यू किया था। घरेलू क्रिकेट में नटराजन को दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 की मैगा नीलामी में 10.75 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर खरीदा था। इसके बाद भी उनको एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला है। इसका कारण है कि टीम में पहले से ही मिचेल स्टार्क, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार और दुष्मंथा चमीरा जैसे गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

**लुंगी एनगिडी**

दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को मेगा ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी ने एक करोड़ रुपये में खरीदा था पर टीम के सभी खिलाड़ शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में एनगिडी को शायद ही जगह मिले।

टीम के पास भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख सलाम जैसे तेज गेंदबाज पहले से ही हैं।


**शेमार जोसेफ**

वेस्टइंडीज के तूफानी गेंदबाज शेमार जोसेफ को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने उन्हें 75 लाख रुपये में खरीदा था पर उन्हें भी अब तक एक भी मैच खेलन का अवसर नहीं मिला है।

**अनुकूल रॉय**

झारखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले ऑलराउंडर अनुकूल रॉय को केकेआर ने उन्हें 40 लाख रुपये के बेस प्राइस में शामिल किया है पर उन्हें एक भी मैच में अवसर नहीं मिला है। उन्हें आगे भी जगह मिलने की संभावना कम ही है।

# डब्ल्यूटीसी 2025-27 चक्र में बड़ी जीत पर बोनस अंक देगी आईसीसी!




**दुबई (एजेंसी)** (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 के चक्र में बोनस अंक देने पर विचार कर रही है। डब्ल्यूटीसी का ये सत्र जून में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से शुरू होगा। वर्तमान नियमों के अनुसार अभी छोटे अंतर या एक पारी के अंतर से जीतने वाली टीम को 12 अंक, मैच टाई होने पर छह अंक और ड्रॉ रहने पर चार अंक मिलते हैं पर अब आईसीसी बड़े अंतर से मिलने वाली जीत या पारी के अंतर की जीत पर बोनस अंक दे सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डब्ल्यूटीसी सत्र शुरू होने से ही पारी की जीत पर बोनस अंक देने जैसे मामलों पर बात हो रही है क्योंकि कई टीमों का मानना है कि बड़ी टीमों को हराने पर उन्हें उतना लाभ नहीं मिल रहा है जितना मिलना चाहिये। वहीं एक पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'अगर ऐसा होता है तो ये अच्छी शुरुआत होगी। इससे दोनों ही टीमों को बेहतर परिणाम देने की प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ ही आईसीसी विरोधी टीम के मैदान पर जीत दर्ज करने पर भी अतिरिक्त अंक दे सकती है। इसका कारण है कि किसी भी टीम को उसके ही घरेलू मैदाना पर हराना आसान नहीं होता।

# क्या आज गुजरात टाइटंस को चुनौती दे पाएगी सनराइजर्स हैदराबाद

**–बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सनराइजर्स हो रहे नाकाम**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना विशेष मुकाम रखने वाली सनराइजर्स हैदराबाद के लिए उसकी यह आक्रामकता अब हार का कारण बनाती जा रही है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को मैच में सनराइजर्स को अपनी इस शैली पर आत्ममंथन करना होगा। सनराइजर्स ने अपने पहले मैच में 286 रन बनाकर आईपीएल सीजन की धमाकेदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसके बल्लेबाजों की आक्रामकता नहीं चली। सनराइजर्स ने अगले तीन मैच में 190, 163 और 120 रन बनाए। सनराइजर्स को इन तीनों मैच में हार मिली। सनराइजर्स की टीम अभी अंक तालिका में 10वें और अंतिम स्थान पर है, और ऐसा लग रहा है कि विश्व चैंपियन पैट कमिंस की अगुवाई वाली यह टीम बिखरती जा रही है। बीते साल की उपविजेता सनराइजर्स की टीम आक्रामकता और अति आक्रामकता के बीच संतुलन बनाने में नाकाम साबित हो रही है और उसके अधिकतर बल्लेबाजों ने अपने विकेट आसानी से दे रहे हैं। सनराइजर्स के लिए राहत की बात यह है कि उसकी टीम को गुजरात के खिलाफ अगला मैच अपने घरेलू मैदान पर खेलना है, जहां अभी तक रन वर्षा होती रही है। सनराइजर्स को अगर हार की हैट्रिक पूरी करने के बाद वापसी करना है, तब उसके मुख्य बल्लेबाजों ट्रैविस हेड, इशान किशन, हेनरिक क्लासेन को धमाकेदार बल्लेबाजी करना होगा। सनराइजर्स के लिए गेंदबाजी भी चिंता का विषय है, क्योंकि युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी (चार विकेट) को छोड़कर कोई भी गेंदबाज खतरनाक नहीं दिख रहा है। कप्तान कमिंस की इकोनॉमी रेट 12.30 रन प्रति ओवर है, जबकि उनके देश के एडम ज़म्पा की इकोनॉमी रेट 11.75 है। अनुभवी मोहम्मद शमी भी महंगे साबित हो रहे है। उन्होंने अभी तक प्रति ओवर 10 रन दिए हैं। जहां तक गुजरात टाइटंस का सवाल है, तब लग रहा है कि टीम लय में आ चुकी है। बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ धमाकेदार जीत से उसकी टीम का मनोबल बढ़ गया है। इस मैच में जोस बटलर ने शानदार अर्धशतक लगाया था। बटलर, कप्तान शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन की मौजूदगी में उसका शीर्ष क्रम काफी मजबूत दिख रहा है। इन तीनों बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और उम्मीद है कि वे अपनी इस फॉर्म को आगे भी जारी रखे। गुजरात टाइटंस के मुख्य तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा हालांकि निजी कारणों से स्वदेश लौट गए हैं और यह देखना दिलचस्प होगा की टीम उनकी भरपाई किस तरह से करती है। उनकी जगह ग्लेन फिलिप्स को लिया जा सकता है जिनकी मौजूदगी में गुजरात की बल्लेबाजी और फील्डिंग को भी मजबूती मिलेगी।

**टीम इस प्रकार हैं :**

**सनराइजर्स हैदराबाद** – पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, हेनरिक क्लासेन, ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, एडम ज़म्पा, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट और ईशान मलिंगा।

**गुजरात टाइटंस** – शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, राहुल तेवतिया, राशिद खान, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार, वाशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोएत्जी, मोहम्मद अरशद खान, गुरनूर सिंह बराड़, शेरफेन रदरफोर्ड, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया।

# 16 जुलाई से इटली में खेला जाएगा होपमैन कप : आईटीए

लंदन (ईएमएस)। होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट इटली के दक्षिणी शहर बारी में 16 से 20 जुलाई तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीए) ने कहा है कि इस साल इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद किया जाएगा। मालूम हो कि होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं।




इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है पर इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। गौरतलब है कि ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

# हमारे गेंदबाजों ने 10-12 रन ज्यादा दिए इसलिए लखनऊ से हम हारे : पंड्या



नई दिल्ली। हार्दिक पंड्या लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मैच गंवाने के बाद निराश हैं। उनका कहना है कि हमारे गेंदबाजों ने विपक्षी टीम के खिलाफ 10 से 12 रन ज्यादा दिए जिसका हमें नुकसान हुआ। मुंबई को लखनऊ से 12 रन से हार मिली। मुंबई के कप्तान पांड्या ने गेंदबाजी करते हुए 36 रन देकर पांच विकेट लिए, लेकिन लखनऊ टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 8 विकेट पर 203 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन ही बना सकी और मैच गवां दिया। हार्दिक पंड्या ने मैच के बाद कहा कि हारना हमेशा निराशाजनक होता है। मैं ईमानदारी से कहूं तो मैदान में हमने 10-12 रन ज्यादा दिए। आखिरी में हम इसी अंतर से हारे। हार्दिक ने टी20 क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लिए हैं। आईपीएल में पांच विकेट लेने वाले वह पहले कप्तान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा अपनी गेंदबाजी का लुत्फ उठाया है। मेरे पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं, लेकिन मैं विकेट परखकर कर अपने विकल्प चुनता हूं। मैं विकेट लेने की जगह बल्लेबाजों से गलतियां करवाने की कोशिश करता हूं। मुंबई ने तिलक वर्मा को उस समय रिटायर आउट करने का फैसला किया जब टीम को जीत के लिए सात गेंद में 24 रन चाहिए थे। तिलक बड़ा शॉट खेलने में संघर्ष कर रहे थे, उन्होंने 23 गेंद में 25 रन बनाए।

# दोनो हाथों से गेंदबाजी करने वाले आईपीएल इहिहास के एकमात्र गेंदबाज हैं कामिंदू

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समरा ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में चल रहे एफ निशानेबाजी विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) के फाइनल में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके स्वर्ण पदक जीता।

यह आईएसएसएफ विश्व कप में उनका पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है। फरीदकोट की रहने वाली 23 वर्षीय सिफत ने शुक्रवार देर रात टिरो फेडरल अर्जेंटीनो डी ब्यूनस आयर्स शूटिंग रेंज में सत्र के पहले विश्व कप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया।



विश्व रिकॉर्ड धारक सिफत नीलिंग पोजीशन में 15 शॉट के बाद जर्मनी की अनीता मैंगोल्ड से 7.2 अंक पीछे थी। उन्होंने हालांकि इसके बाद प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में स्वप्निल वापसी करके पहला स्थान हासिल किया। सिफत 45 शॉट के फाइनल के बाद 458.6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही, जबकि मैंगोल्ड उनसे 3.3 अंक पीछे 455.3 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रही। कजाकिस्तान की जूनियर विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता अरीना अल्तुखोवा 445.9 के स्कोर के साथ 44वें शॉट के बाद बाहर होकर तीसरे स्थान पर रहीं। भारत प्रतियोगिता के पहले दिन कोई पदक नहीं जीत पाया था लेकिन अब उसके नाम पर एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक है और वह पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है। भारत के लिए कांस्य पदक पुरुष 3पी में चैन सिंह ने जीता था।

चीन एक स्वर्ण और एक रजत के साथ शीर्ष पर है। सिफत ने क्वालीफाइंग में 590 का स्कोर बनाकर पहले स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। स्विट्जरलैंड की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चियारा लियोन और पूर्व ओलंपिक चैंपियन नीना क्रिस्टन शीर्ष आठ में जगह नहीं बना सकीं। कजाकिस्तान की एलेक्जेंड्रिया ले और अमेरिका की मैरी टकर जैसी ओलंपिक पदक विजेता भी क्वालीफाइंग की बाधा पार नहीं कर सकी।

पुरुषों और महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिताओं में क्वालिफिकेशन के चार राउंड खेले गए हैं जिसमें पेरिस ओलंपियन रायज़ा ढिल्लों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे आगे हैं। अभी इस स्पर्धा का एक और राउंड खेला जाना बाकी है जिसके बाद फाइनल होगा। रायज़ा क्रमशः 25, 22, 24 और 23 राउंड के बाद 94 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं, जो कि अंतिम क्वालीफाइंग स्थान है। गनेमत सेखों 92 के साथ 11वें, जबकि दर्शना राठौड़ (89) 18वें स्थान पर हैं। पुरुषों की स्कीट में भवतेग गिल ने 94 का स्कोर किया और वह 18वें स्थान पर हैं। उनके अलावा अनंत जीत सिंह नरुका ने 93 और गुरजोत खंगुरा ने 91 का स्कोर किया है।

# इस युग में द्रविड़ सर जैसे अविश्वसनीय इंसान का साथ मिलना सौभाग्य की बात : जायसवाल


मुंबई - भारत के पूर्व मुख्य कोच और राजस्थान रॉयल्स के मेंटर (मार्गदर्शक) राहुल द्रविड़ की देखरेख में खेलने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि इस युग में उनके जैसा सहानुभूति के साथ देखभाल करने वाला इंसान का साथ मिलना सौभाग्य की बात है। भारतीय टेस्ट टीम के मुख्य सलामी बल्लेबाज जायसवाल राजस्थान रॉयल्स के अहम खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने अपने करियर पर द्रविड़ के प्रभाव के बारे में बात करते हुए पूर्व भारतीय दिग्गज को बेहतरीन इंसान करार दिया। जायसवाल ने 'जियोहॉटस्टार' से कहा, 'वह एक बेहतरीन इंसान हैं। इस युग में राहुल द्रविड़ सर जैसे खिलाड़ी का होना सौभाग्य की बात है।' इस खब्बू बल्लेबाज ने विस्तार से बताया कि द्रविड़ एक इंसान के तौर पर किस तरह अलग हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि वह एक बेहतरीन 'लीडर' है। वह एक शानदार सहायक और देखभाल करने के साथ हमेशा सभी का ख्याल रखने वाले इंसान है। वह खिलाड़ियों में आत्मविश्वास भरते हैं, उन्हें भरोसा दिलाते हैं कि वे सही जगह पर हैं। वह सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, जो व्यक्तिगत करियर और पूरी टीम दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।' द्रविड़ के साथ कोई भी बातचीत सीखने का अवसर है। जायसवाल ने कहा, 'उनके करीब रहना सीखने का अवसर है। यह सीख न केवल क्रिकेट के बारे में, बल्कि मैदान के बाहर उनके व्यवहार के बारे में भी है। उन्होंने वर्षों से इतनी शालीनता और संयम दिखाया है। उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है।' करियर के मोर्चे पर जायसवाल ने पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मुंबई से गोवा जाने का फैसला किया है और अगले सत्र में रणजी ट्रॉफी में उनकी कप्तानी करने के लिए तैयार हैं (जब भी उन्हें खेलने का समय मिलेगा)। जायसवाल के इस फैसले का कारण हालांकि पता नहीं चल पाया है, लेकिन ऐसी अफवाहें हैं कि मुंबई की टीम के सीनियर सदस्यों के साथ उनके कुछ मतभेद हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे खुद पर बहुत भरोसा है। अपने खेल, अपने विचारों और अपनी क्षमताओं पर यकीन है। अपने करियर को आगे ले जाना आखिरकार मेरी ही जिम्मेदारी है और मुझे पता है कि मुझे कितनी मेहनत करनी है। क्रिकेट में बहुत त्याग की जरूरत होती है, लेकिन लोग तभी इस पर ध्यान देते हैं जब आप कुछ हासिल करते हैं या अच्छा प्रदर्शन करते हैं। मुझे लगता है कि सफल होने के लिए मुझे हर पहलू पर कड़ी मेहनत करने की जरूरत है अब वह चाहे अभ्यास हो, प्रशिक्षण हो, आहार हो या मानसिकता हो।'

# सुरक्षाकर्मियों के रोकने के बाद भी नहीं रुका खुशदिल शाह, दर्शकों से भिड़े



वेलिंगटन। पाकिस्तान की टीम शनिवार को न्यूजीलैंड के साथ तीसरा वनडे खेल रही है। मैच के दौरान पाकिस्तान के क्रिकेटर खुशदिल शाह की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों में पाकिस्तान खिलाड़ी खुशदिल दर्शकों से उलझते दिखाई दे रहे हैं। वही, पाकिस्तान टीम के क्रिकेटर और कुछ सुरक्षाकर्मी खुशदिल शाह को रोकते दिख रहे हैं। लेकिन खुशदिल उनके रोकने से भी नहीं रुक रहे हैं। बताया जा रहा हैं कि मैदान में मौजूद दर्शकों ने कुछ टिप्पणी की थी। इसके बाद खुशदिल खुद को रोक नहीं पाए और दर्शकों से उलझ गए। बता दें कि इससे पहले भी खुशदिल शाह के साथ न्यूजीलैंड में मसला हो चुका है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरिज के दौरान उनके ऊपर मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया था। तब खुशदिल ने बल्लेबाजी करते वक्त कीवी गेंदबाज फॉकेस को टक्कर मारी थी। उन्हें तीन डिमेरिट प्वॉइंट्स भी मिले थे।

# धोनी के मां-बाप स्टेडियम पहुंचे, आईपीएल रिटायरमेंट की चर्चा जोरों पर




खेल डैस्क - चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दिल्ली कैपिटलस के खिलाफ मुकाबला महेंद्र सिंह धोनी के लिए खास हो गया। काफी देर बाद धोनी के परिवार वाले उक्त मुकाबला देखने के लिए विशेष तौर पर पहुंचे। धोनी के परिवार की स्टेडियम में मौजूदगी देखते ही सोशल मीडिया पर अजब चर्चा छिड़ गई। यह चर्चा धोनी की रिटायरमेंट को लेकर चल रही थी। धोनी जोकि 43 साल के हैं, ने भले ही बीते दिनों रिटायरमेंट की खबरों का खंडन किया था लेकिन उन्होंने ईशारा किया था कि वह टीम के साथ (संभवत- मेंटोर) जुड़े रहेंगे। ऐसे में इस विशेष मुकाबले में धोनी के मां बाप को देखकर दर्शकों ने अनुमान लगाया कि धोनी रिटायरमेंट की ओर बढ़ चले हैं। धोनी की पत्नी साक्षी और बेटी जीवा भी मौजूद थीं, हालांकि वे अक्सर चेन्नई में आईपीएल मैच देखने जाती हैं। मैच से पहले ऐसी चर्चा थी कि अगर नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ चोट से उबरने में विफल रहे तो धोनी चेन्नई की टीम की कमान संभालेंगे। गायकवाड़ को पिछले रविवार को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में बल्लेबाजी के दौरान यह चोट लगी थी। गायकवाड़ के टॉस के लिए आने से हालांकि धोनी को कप्तानी और उनके प्रशंसकों को पुरानी यादें ताजा करने का मौका नहीं मिला। आईपीएल में 43 वर्षीय धोनी के भविष्य को लेकर काफी चर्चा हो रही है और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उनका नौवें नंबर पर उतरना खेल प्रशंसकों को अच्छा नहीं लगा।

# तिलक को रिटायर्ड आउट करना अच्छा नहीं था : हार के बाद बोले मुख्य कोच माहेला जयवर्धने

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान तिलक वर्मा को रिटायर्ड आउट करना अच्छा नहीं था लेकिन तब वह परिस्थितियों के अनुसार आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे थे और इसलिए यह रणनीतिक फैसला किया गया। जयवर्धने ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'क्रिकेट में इस तरह की चीजें होती रहती हैं। और उसे बाहर करना अच्छा नहीं था लेकिन मुझे ऐसा करना पड़ा। यह उस समय एक रणनीतिक निर्णय था।'

तिलक ने भारत की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो शतक लगाए हैं। वह जब 23 गेंद पर 25 रन बना कर खेल रहे थे तब मुंबई की टीम ने उन्हें रिटायर्ड आउट करवा दिया और उनकी जगह मिशेल सेंटनर को भेजा गया जिनका स्ट्राइक रेट 106 है। मुंबई की यह रणनीति हालांकि कारगर साबित नहीं हुई और उसे 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। जयवर्धने ने कहा, 'मुझे लगता है कि तिलक शुरू में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था। हमें उम्मीद थी कि वह तेज गति से रन बनाएगा लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाया।'

उन्होंने कहा, 'मैंने आखिरी कुछ ओवरों तक इस उम्मीद में इंतजार किया कि तिलक तेजी से रन बनाएगा क्योंकि उसने क्रीज पर कुछ समय बिताया था। लेकिन वह रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था और तब मुझे लगा कि किसी नए खिलाड़ी को उतारना सही होगा।'

दूसरी तरफ लखनऊ के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने मुंबई के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अपने गेंदबाजों की प्रशंसा की। मुंबई ने 204 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय तीन विकेट पर 143 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद आवेश खान, शार्दुल ठाकुर, दिग्वेश राठी और रवि बिश्नोई ने शानदार गेंदबाजी की।

लैंगर ने कहा, 'मुझे लगता है कि शार्दुल ठाकुर का वह ओवर (जिसमें उन्होंने सिर्फ सात रन दिए) शानदार था। इसने वास्तव में हमें मैच में बनाए रखा। इसके बाद निश्चित तौर पर आवेश खान ने मुश्किल परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया।' उन्होंने कहा, 'दिग्वेश राठी ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। रवि बिश्नोई ने लय हासिल करना शुरू कर दिया है जो हमारे लिए वास्तव में बेहद महत्वपूर्ण है।'



## बीएसएफ ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम की, मौके पर ही कर दिया ढेर

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा यानी बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया। शुक्रवार देर रात को संदिग्ध गतिविधि देखे जाने के बाद बीएसएफ की तरफ से कार्रवाई की गई। बीएसएफ के एक प्रवक्ता के यह जानकारी दी।जानकारी के मुताबिक, बीएसएफ के सतर्क जवानों ने चार और पांच अप्रैल की दरमियानी रात को एक घुसपैठिए को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते देखा। एक घुसपैठिया अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। बीएसएफ जवानों ने उसे चेतावनी दी लेकिन वह नहीं रुका और आगे बढ़ता रहा। खतरे को भांपते हुए बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया। बिलावर के धनु परोल से सटे इलाके में शुक्रवार रात करीब 10 बजे आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग हुई। इलाके में घेराबंदी बढ़ा दी गई है। अतिरिक्त सुरक्षाबल को मौके पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, परोटे माता मंदिर के पास जंगल में कुछ संदिग्ध हलचल देखी गई थी। खुफिया सूत्रों के अनुसार यह वही इलाका है जहां दो दिन पहले तीन संदिग्धों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर खाना मांगा था। सुरक्षाबलों ने इलाके में जगह-जगह नाकेबंदी कर रखी है। आतंकियों की आवाजाही के संभावित रूट पर सेना, एसओजी, पुलिस और सीआरपीएफ की ओर से लगातार सर्च ऑपरेशन भी चलाए जा रहे हैं। यह इलाका उज्ज दरिया से पहाड़ों को जाने वाले रूट पर है।

## झारखंड में शोभायात्रा के दौरान बिजली काटने की दे दी अनुमति

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और उसकी बिजली वितरण कंपनी को रामनवमी के दौरान निकलने वाली शोभायात्रा के मार्गों पर बिजली आपूर्ति रोकने की अनुमति दे दी, ताकि किसी को करंट न लग सके। शीर्ष अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की अपील पर विचार करते हुए दिया है, जिसमें रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्राओं के दौरान बिजली की आपूर्ति काटने से रोक दिया था। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार व के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश में संशोधन किया। कोर्ट ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड से हाईकोर्ट में हलफनामा देने का आदेश दिया कि शोभायात्रा मार्ग पर यात्रा के दौरान कम से कम बिजली काटी जाएगी।

## आरएसएस नेता की हत्या के मामले में 7 लाख का ईनामी शमनाद पकड़ाया

पलक्कड़ (एजेंसी)। पिछले तीन साल से फरार शमनाद और पीएफआई नेताओं के सानिध्य में पहचान छिपाकर रह रहा था। आधिकारिक बयान में कहा गया कि शमनाद कई अन्य मामलों में भी आरोपी था और एनआईए की फरार ट्रैकिंग टीम के लगातार प्रयासों के बाद उसे एर्णाकुलम से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी कथित रूप से प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के संरक्षण में था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेता श्रीनिवासन की जघन्य हत्या के बाद से गुप्त पहचान के साथ रह रहा था। बयान में दावा किया गया कि सितंबर 2022 में दर्ज मामले में एनआईए की जांच से पता चला है कि हत्या की साजिश कथित तौर पर पीएफआई नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने के उद्देश्य से रची गई थी।केरल के पलक्कड़ में 2022 में हुई आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्य मामले में एनआईए को बड़ी कामयाबी मिली है। एनआईए ने केरल के मलाप्पुरम के मंजेरी निवासी हत्या के आरोपी शमनद ई उर्फ शमनद इल्लीकल को गिरफ्तार कर लिया है। इल्लीकल पर एनआईए ने सात लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। एनआईए लंबे समय से उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी। वह कई अन्य मामलों में भी वॉन्टेड था। जानकारी के मुताबिक एनआईए ने शमनाद को पकड़ने के लिए खुफिया जाल बिछाया था। एर्नाकुलम में कई बार एनआईए ने छापे डाले हालांकि वह पकड़ में नहीं आ रहा था। शमनाद पहचान छिपाकर देश में सांप्रायिक हिंसा की साजिश रच रहा था।

## मप्र समेत 8 राज्यों में अगले 6 दिन हीट वेव

### -4 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ने का अनुमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के उत्तर-पश्चिम राज्यों में तेज गर्म का मौसम बना रहा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले 6 दिन राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, पंजाब और गुजरात में हीट वेव की आशंका जताई है। इससे तापमान 2 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने मुंबई में आंधी और हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हवाएं 30 से 40 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेंगी। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वहीं, केरल में भी तेज बारिश के आसार है। आईएमडी ने इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़ और मलप्पुरम जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, छत्तीसगढ़ में अप्रैल महीने के दूसरे सप्ताह से फिर बारिश का दौर शुरू होने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक 8 अप्रैल से मौसम बदलने के आसार हैं। हिमाचल प्रदेश में अगले 72 घंटे तक हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है।

**अगले 2 दिन कैसा रहेगा मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार, 6 अप्रैल तक केरल, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश और ओले गिरने का अनुमान है। उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में अगले 6-7 दिनों में 2-4 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ेगा। दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात राज्यों के तापमान में अगले कुछ दिन बढ़ोतरी होगी।

# मणिपुर में शांति बहाली पर दिल्ली में हुई बैठक

### मैतेई-कुकी समुदाय स्थायी शांति के लिए तैयार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने शनिवार को दिल्ली में मैतेई और कुकी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक का मकसद दोनों समुदायों के बीच विश्वास बहाली और स्थायी शांति स्थापना था। बैठक में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सामुदायिक मेल-मिलाप की रणनीति पर चर्चा हुई। मैतेई समुदाय की ओर से ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गेनाइजेशन और फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन के 6 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जबकि कुकी समुदाय की ओर से 9 प्रतिनिधि शामिल हुए। इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व स्पेशल डायरेक्टर ए.के. मिश्रा केंद्र सरकार के वार्ताकार के तौर पर मौजूद रहे।

गृह मंत्री अमित शाह ने 3 अप्रैल को लोकसभा में कहा था कि मंत्रालय मैतेई और कुकी संगठनों के साथ पहले भी बातचीत कर चुका है और जल्द ही संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता मणिपुर में शांति बहाल करना है। मई 2023 में मैतेई समुदाय को एसटी दर्जा देने के खिलाफ हुए आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद हिंसा भड़क उठी थी। अब तक लगभग 250 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। 50 हजार से ज्यादा विस्थापित हैं। राज्य में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। विधानसभा को निलंबित किया गया था। पूर्व गृह सचिव रह चुके मणिपुर के नए राज्यपाल अजय कुमार भल्ला लोगों से मिलकर शांति बहाली के प्रयास कर रहे हैं।

**राहत शिविरों की स्थिति दयनीय**

21 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के 6 जजों की टीम ने मणिपुर का दौरा किया था। राहत शिविरों का दौरा किया था। टीम में जस्टिस कोटेश्वर सिंह, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन शामिल थे। उम्मीद जताई गई थी कि जजों के दौरे के बाद राहत शिविरों में रह रहे विस्थापितों की जिंदगी में आसानी आएगी, लेकिन दौरे के 15 दिन बीतने के बाद राहत शिविरों की हालत में बदलाव नहीं हुआ।

## जल्द कटरा से श्रीनगर तक चलेगी वंदे भारत, 19 को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

जम्मू। देशभर में कई रूट्स पर वंदे भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं। अब सभी को जम्मू से कश्मीर तक चलने वाली वंदे भारत का इंतजार है, जोकि अप्रैल माह से चलने वाली है। पीएम मोदी 19 अप्रैल को जम्मू के कटरा से श्रीनगर के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस ट्रेन के चलने से यात्री महज तीन घंटे में ही कश्मीर घाटी पहुंच जाएंगे, जबकि पहले यहां पहुंचने में सात से आठ घंटे लगते थे। ऊंची-ऊंची पहाड़ियों के बीच से वंदे भारत ट्रेन गुजरेगी। यह चेयर कार है। यह कश्मीर तक हाल ही में तैयार हुए उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट पर दौड़ेगी। इसी प्रोजेक्ट पर रियासी सेक्टर में दुनिया का सबसे ऊंचा रेल ब्रिज भी चिनाब नदी पर बना है। इस वंदे भारत की शुरुआत 19 अप्रैल से होगी। यह वैष्णो देवी कटरा से चलकर श्रीनगर पहुंचेगी। इसमें आठ कोच हैं और इसमें कई मॉडर्न फीचर्स दिए गए हैं। बेहद ही ठंडे तापमान से गुजरने की वजह से ट्रेन में पानी को भी गर्म रखने की व्यवस्था है, जिससे यात्रियों को कोई दिक्कत ना हो। रेलवे अधिकारियो ने बताया कि अभी यह ट्रेन कटरा से श्रीनगर तक चलेगी, लेकिन बाद में इसे जम्मू तक कर दिया जाएगा। कश्मीर तक जाने वाली वंदे भारत से यात्रियों के तीन से चार घंटे तक बच जाएंगे। इससे कई इलाकों में भी भविष्य में विकास होने की संभावना है। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत तीन दशक पहले हुई थी और अब यह बनकर तैयार है। 119 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग में कुल 38 सुरंगें रखी गई हैं, जिनके जरिए ट्रेनें गुजरकर कश्मीर पहुंचेंगी।

## योगी सरकार का बड़ा कदम, रोडवेज बसों में 5000 महिलाएं कंडक्टर की भर्ती होगी



### -उनके अपने जिले में ही नौकरी मिलेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में जुट गई है। योगी सरकार राज्य की रोडवेज बसों में अब 5000 महिलाएं कंडक्टर की भर्ती करने का फैसला लिया है। यह भर्ती यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के तहत संविदा के आधार पर होगी। योगी सरकार के फैसले से न सिर्फ महिलाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक मिसाल बनेगा।

महिलाओं की सुविधा के लिए योगी सरकार ने खास इंतजाम किया है। इन महिला कंडक्टरों को उनके अपने जिले में ही नौकरी मिलेगी। इससे उन्हें घर से दूर नहीं जाना होगा और वे अपने परिवार के साथ रहकर काम कर सकेंगी।

इन महिला कंडक्टरों को यूपी परिवहन निगम के नियमों के हिसाब से वेतन मिलेगा। साथ ही, उन्हें काम करने के लिए जरूरी सारी सुविधाएं भी मिलेंगी। योगी सरकार का मकसद है कि महिलाएं सम्मान और सुरक्षा के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा सकें।

भर्ती प्रक्रिया को तेजी और पारदर्शिता से पूरा करने के उद्देश्य से, राज्य के विभिन्न जिलों में रोजगार मेलों का आयोजन हो रहा है। परिवहन मंत्री ने बताया कि ये मेले निम्नलिखित तिथियों और स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

**सरकार उठाएगी ट्रेनिंग का पूरा खर्च**

चयन के बाद महिलाओं को काम सीखने के लिए ट्रेनिंग मिलेगी। यह ट्रेनिंग यूपी कौशल विकास मिशन के तहत होगी। अगर कोई खास ट्रेनिंग चाहिए होगी, तब परिवहन निगम उसका इंतजाम करेगा। ट्रेनिंग से संबंधित सभी खर्चे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) द्वारा उठाए जाएंगे। यह कदम महिलाओं को नौकरी के लिए तैयार करेगा और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा।

# ममता का बढ़ा टेंशन- रामनवमी पर शोभायात्रा में डेढ करोड़ हिंदू होंगे शामिल, अलर्ट



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को चौतरफा घेरने के प्रयास होते रहे हैं। एक बार फिर रामनवमी पर सीएम ममता बनर्जी का टेंशन बढ़ गया है। वजह ये है कि यहां रामनवमी पर हिंदू संगठन शोभायात्रा निकालने जा रहे हैं। इसमें करीब डेढ करोड़ हिंदुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके मद्देनजर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी समुदाय के लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। राज्य सरकार ने रामनवमी के लिए सुरक्षा कड़ी कर संवेदनशील क्षेत्रों में 29 आईपीएस अफसरों को तैनात किया है। साथ ही कोलकाता में पांच हजार पुलिसकर्मी तैनात करने का भी निर्देश दिया गया है। रामनवमी जुलूसों की तस्वीरें लेने और वीडियो बनाने का भी फैसला किया है।

पश्चिम बंगाल में छह अप्रैल को रामनवमी पर हिंदू संगठन को हाईकोर्ट ने शोभायात्रा निकालने की सशर्त इजाजत दे दी है। इस आदेश के बाद शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, रामनवमी की आड़ में अशांति फैलाने की साजिश की खुफिया रिपोर्ट मिलने पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसमें कोलकाता, मुर्शिदाबाद, हावड़ा, पश्चिमी मेदिनीपुर, उत्तर-दक्षिण 24 परगना, अलीपुरद्वार, कूचबिहार आदि में अतिरिक्त पुलिस बल व रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है। रविवार को रामनवमी पर राज्य में इस बार दो हजार रैलियों का ऐलान हुआ है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने डेढ़ करोड़ हिंदुओं के घरों से निकलने का दावा किया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। रैलियों पर ड्रोन से निगाह रखने की तैयारी है।

रामनवमी को लेकर बंगाल में सियासत भी तेज हो गई है। शुभेंदु ने नंदीग्राम में अयोध्या के तर्ज पर राममंदिर बनाने का ऐलान किया है। इसकी आधारशिला रामनवमी पर रखेंगे। भाजपा ने चेतावनी दी कि यदि रैलियों पर हमले हुए तो विरोध करेंगे। राज्य में पिछले 2 सालों में रामनवमी जुलूस में हिंसा की घटनाएं हो चुकी हैं। 2023 में हुगली और हावड़ा में जुलूस के दौरान पत्थरबाजी की घटना के बाद तीन लोगों की मौत हो गई थी। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य पुलिस को रामनवमी पर अलर्ट पर रहने को कहा है। शहर पुलिस के सभी यूनिट कमांडरों व पुलिस अधीक्षकों को कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए जवानों को अलर्ट पर रखने को कहा गया है।

## अभिनेता सैफ अली खान हमला मामले में अगली सुनवाई 9 अप्रैल को

### -पुलिस ने अदालत से आरोपी की जमानत अर्जी खारिज करने का अनुरोध किया

मुंबई। कुछ महीने पहले अभिनेता सैफ अली खान पर जानलेवा हमला हुआ था। एक चोर आधी रात को उनके घर में घुस आया और उन पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में सैफ गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस कई दिनों से आरोपी की तलाश कर रही थी। अंततः पुलिस मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को गिरफ्तार करने में सफल रही। बांग्लादेश से आया आरोपी तब से हिरासत में है। कुछ दिन पहले शरीफुल ने जमानत के लिए आवेदन किया था। पुलिस ने शरीफुल की जमानत याचिका का विरोध किया है और अदालत से इसे खारिज करने का अनुरोध किया है। सैफ अली खान हमला मामले में हाल ही में कोर्ट में सुनवाई हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद एक बांग्लादेशी नागरिक है और अवैध रूप से भारत में रह रहा है। यदि आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया तो वह बांग्लादेश भाग सकता है और जांच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। इसके अलावा, इसके बाद भी वह दोबारा कोई गंभीर अपराध कर सकता है। सैफ पर उसका हमला बहुत गंभीर अपराध है और उसके खिलाफ ठोस सबूत हैं। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अदालत से आरोपी की जमानत याचिका खारिज करने का अनुरोध किया ताकि जांच सही दिशा में आगे बढ़ सके। इस मामले में अगली सुनवाई अब 9 अप्रैल को होगी। इस दिन कोर्ट अपना अंतिम फैसला सुनाएगा। दरअसल आरोपी शरीफुल ने 29 मार्च को अदालत में जमानत याचिका दायर की थी। उसने अपनी अर्जी में कहा था कि वह निर्दोष है और उसके खिलाफ झूठे आरोप लगाए गए हैं। मालूम हो कि सैफ अली खान पर इस साल 16 जनवरी की सुबह उन घर में हमला हुआ था।

## हमारी सरकार आई तो वक्फ बिल को कूड़ेदान में फेंक देंगे: तेजस्वी

### -बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र पर किया बड़ा हमला



**पटना (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर देशभर में उठे विरोध के सुरों के बीच बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र पर जमकर हमला बोला है। तेजस्वी ने कहा, कि अगर हमारी सरकार बनी तो वक्फ संशोधन बिल को बिहार में लागू नहीं होने देंगे। उसे कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तेजस्वी ने केंद्र सरकार और बीजेपी को निशाने पर लिया।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने वक्फ संशोधन बिल को असंवैधानिक करार देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा देश को धार्मिक आधार पर बांटने की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा, बेरोजगारी, पलायन, गरीबी, शिक्षा जैसे असल मुद्दों से ध्यान भटकाकर भाजपा ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। यह वक्फ बिल उसी का हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा, कि आरएसएस और बीजेपी संविधान का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं। नागपुरिया कानून को पूरे देश में थोपना चाहते हैं। हम समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष उसूलों की राजनीति करते हैं। सत्ता में रहें या न रहें, विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया है।

**सुप्रीम कोर्ट में चुनौती**

तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी खुलासा किया कि राजद की ओर से वक्फ बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है, ठीक वैसे ही जैसे पार्टी ने आरक्षण पर केंद्र के फैसले को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई सिर्फ सड़क पर नहीं, अदालत में भी जारी है। भाजपा की असली साजिश मुसलमान, दलित और पिछड़ों को मुख्यधारा से दूर करने की है। इस दौरान तेजस्वी ने उन राजनीतिक दलों पर भी सवाल उठाए जो खुद को धर्मनिरपेक्ष बताते हैं लेकिन वक्फ बिल का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अब इन पार्टियों का असली चेहरा सामने आ गया है। ये देश के लिए नहीं, सिर्फ अपने राजनीतिक फायदे के लिए काम करते हैं।

## महाराष्ट्र के बड़े वक्फ घोटाले में कांग्रेस के बड़े नेता शामिल, सीएम फडणवीस ने दिए कार्रवाई के संकेत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई, (ईएमएस)। वक्फ संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद में गरमागरम बहस के बाद पारित हो गया। इस विधेयक पर लोकसभा और राज्यसभा में जोरदार बहस हुई। इसके बाद वक्फ संशोधन विधेयक बहुमत से पारित हो गया। इसके बाद अब यह विधेयक मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। इसके बाद यह कानून बन जाएगा। दूसरी ओर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने चेतावनी दी है कि महाराष्ट्र में बड़ा वक्फ भूमि घोटाला हुआ है और हम इस संबंध में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने एक अखबार को दिए एक साक्षात्कार में स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र सरकार महाराष्ट्र में वक्फ घोटाले के खिलाफ कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार वर्ष 2000 से 2014 के बीच महाराष्ट्र में हुए बड़े वक्फ भूमि घोटाले के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई करेगी। वक्फ संशोधन विधेयक का हिंदुत्व से कोई लेना-देना नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक भारत के लोकतांत्रिक, समाजवादी गणराज्य की संवैधानिक भावना के अनुरूप है और समाज के हित में इस विधेयक को पारित करने का निर्णय ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने यह भी कहा कि यदि संपत्ति अल्लाह के नाम पर है तो इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए और इसका उपयोग लोगों के लाभ के लिए होना चाहिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट किया, वक्फ की पूरी जमीन कांग्रेस ने हड़प ली है। 2000 से 2014 के बीच बड़ा घोटाला हुआ। इसमें कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं का नाम आया। मैंने विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाया था। एक जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने रिपोर्ट दी थी कि इन नेताओं ने यह जमीन हड़पी है। अब हम इस मामले में कार्रवाई करेंगे। इस बीच, जब इस घोटाले में शामिल कांग्रेस नेताओं के नाम के बारे में पूछा गया तो मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि उन्हें नाम याद नहीं हैं, लेकिन कई बड़े नेताओं के नाम हैं।

# चारधाम यात्रा के लिए देशी के साथ विदेशी श्रद्धालु में भी खासा उत्साह

### -अब तक 10,796 विदेशी श्रद्धालु पंजीकरण कर चुके

**देहरादून (एजेंसी)।** चारधाम यात्रा में शामिल होने के लिए भारतीय के साथ-साथ विदेशी श्रद्धालु में भी खासा उत्साह दिख रहा है। यात्रा में शामिल होने के लिए अब तक 10,796 विदेशी श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। इसमें केदारनाथ के लिए सर्वाधिक 3,674 विदेशी श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया। जबकि बद्रीनाथ के लिए 3,045 पंजीकरण हुए। जबकि यमुनोत्री के लिए 1,918 और गंगोत्री के लिए 2,105 विदेशी श्रद्धालु ने पंजीकरण कराया। वहीं, हेमकुंड साहिब के लिए 54 विदेशी श्रद्धालु पंजीकृत हुए।

राज्य में आगामी 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा में उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए 20 मार्च को आनलाइन आधार आधारित पंजीकरण शुरू किया था। इससे श्रद्धालुओं को बिना किसी असुविधा के अपनी पंजीकृत तिथि पर दर्शन लाभ प्राप्त हो सके।

पर्यटन विभाग ने इस साल पहली बार आधार कार्ड से लिंक पंजीकरण शुरू किया है। ताकि यात्रियों की निगरानी हो सके और उन्हें अधिक से अधिक सुविधा मिल सके। वहीं, विदेशी श्रद्धालुओं का पंजीकरण पासपोर्ट के माध्यम से किया जा रहा हैं, जिससे कोई दिक्कत नहीं हो।

यूटीडीबी के संयुक्त निदेशक और चारधाम यात्रा के नोडल अधिकारी योगेंद्र गंगवार ने बताया कि देशी श्रद्धालुओं के साथ-साथ विदेशी श्रद्धालु भी यात्रा में शामिल होने के लिए खूब पंजीकरण करा रहे हैं। आने वाले दिनों में पंजीकरण की संख्या में और अधिक बढ़ेगी।

गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को खुलने है। जबकि दो मई को केदारनाथ और चार मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट के खुलने के साथ यात्रा पूर्ण स्वरूप में शुरू होगी। आखिर में 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने है। केदारनाथ के श्रद्धालुओं की संख्या सर्वाधिक होने से दो मई से राज्य में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ में इजाफा देखने को मिलेगा। चारधाम यात्रा के लिए वेबपोर्टल के माध्यम से अब तक 11,61,557 पंजीकरण हुए। जबकि मोबाइल एप से 47,005 श्रद्धालु ने पंजीकरण कराया। वहीं, यात्रा के लिए 15,128 निजी वाहन और चार व्यवसायिक वाहन पंजीकृत हुए।

चारधाम यात्रा में पंजीकरण और यात्रा संबंधी समस्याओं व पूछताछ के लिए यूटीडीबी ने टोल फ्री नंबर (0135-1364) जारी किया है। जिसके माध्यम से 24 घंटे श्रद्धालुओं की समस्याओं का



समाधान किया जा रहा है। वहीं, अब तक 9,326 श्रद्धालुओं ने टोल फ्री नंबर में फोनकर अपनी समस्याओं का निस्तारण कराया है।


नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह***, **प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**